जैन सिद्धान्त दीपिका

मंपादक और अनुवादक
मुनि नथमल

आदर्श
साहित्य
संघ
प्रकाशन

जैन सिद्धान्त दीपिका

आचार्य तुलसी

प्रकाशक :
कमलेश चतुर्वेदी,
प्रबन्धक, आदर्श साहित्य संघ
चूरू (राजस्थान)

मूल्य : पांच रुपये
द्वितीय संस्करण, १९७०

आर्थिक-सहयोग
सरावगी चैरिटेबल फण्ड
७, लोअर राउडन स्ट्रीट
कलकत्ता-२०

मुद्रक :
रूपाभ प्रिंटर्स,
दिल्ली-३२

भूमिका

दर्शनस्य प्रतिपाद्यमस्ति सकलं विश्वम्। इदं विश्वं सदात्मकं विद्यते। यत् सत् तत् त्रिगुणात्मकं भवति—उत्पादव्ययध्रौव्यात्मकं भवति। गौतमगणधरेण पृष्टं—भगवन्! किं तत्त्वम्? भगवान् महावीरः प्राह—यदुत्पद्यते तत् तत्त्वम्। पुनः पृष्टं—भगवन्! किं तत्त्वम्? भगवान् प्राह—यद् व्येति तत् तत्त्वम्। जिज्ञासा नोपशान्ता। पुनरपि पृष्टं—भगवन्! किं तत्त्वम्? भगवानुवाच—यद् ध्रुवं तत् तत्त्वम्। भगवन्! किं त्रीणि तत्त्वानि? भगवानाह—नो त्रीणि तत्त्वानि किन्तु एतत् त्रयात्मकं तत्त्वम्। नोत्पादशून्यो व्ययः, न च व्ययशून्य उत्पादः। न च उत्पादव्ययशून्यं ध्रौव्यम्, तथैव न च ध्रौव्य-शून्यावुत्पादव्ययौ। यदुत्पद्यते, यद् व्येति, यद् ध्रुवं तिष्ठति तत् तत्त्वम्। जैनदर्शनमस्य त्रयात्मकस्य तत्त्वस्य व्याख्यां करोति। तत्र यत्किंचिदपि सद्रूपेण सम्मतमस्ति तदनेकान्तनिरपेक्षं नास्ति। तत्र च यत्किंचिदपि प्रतिपादितमस्ति तत् स्याद्वादनिरपेक्षं नास्ति।

प्रस्तुतग्रन्थे मुख्यत्वेन द्रव्याणि मीमांसितानि सन्ति। यद्यपि द्रव्यमीमांसनपरा अनेके ग्रन्थाः सन्ति तथापि जैनदर्शनं प्रविविक्षूणां परिभाषारूपेण सार्जवं लक्ष्यं प्रति नेतुं क्षमास्तेऽद्यापि प्रकाममपेक्षन्ते।

तदपेक्षापूर्तिकृतेऽस्य ममजनि संरचना। अत्र परिभाषाणां प्राधान्यमस्ति। परिभाषा विपुलप्रदेशे विकीर्णं तत्त्वं समाहृत्य स्वल्पेषु शब्देषु प्रदीप्तं करोति अतः सा तथैव स्वस्योपयोगितां प्रमाणयति, यथा राजपथानुयायिनां दृष्टावुपयोगितां साधयति पथपरिमाणसूचकः प्रस्तरः। अत्रैकमेवोदाहरणं पर्याप्तं भविष्यति विषयवैशद्याय। डा० सातकौडी मुकर्जी, एम० ए०, पी-एच० डी० (आशुतोष प्रोफेसर तथा अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय) प्रस्तुतग्रन्थस्याध्ययनं कृत्वा मम समक्षमागताः। ते जैनदर्शनस्यापि अध्येतारः सन्ति। तैः प्रोक्तं—अद्यपर्यन्तं उपयोगस्यार्थो मया सम्यक्तया नावगतः। अद्य स जातोऽस्ति मम हृदयंगमः। मया पृष्टं—कथमिदं जातम्? तैः प्रोक्तं—'चेतनाव्यापार उपयोगः'—अनया परिभाषयाऽस्य स्पष्टता जाता। सामान्यतया संस्कृतसाहित्ये नास्मिन्नर्थेऽस्य व्यवहारोऽस्ति। मयापर्यालोचितं—एतादृशा विद्वांसोऽपि परिभाषामपेक्षन्ते तदानीं कोऽत्र सन्देहो यदि विद्यार्थिनः स्युः परिभाषासापेक्षाः। एतदेवाऽस्य ग्रन्थनिर्माणस्य प्रयोजनम्।

प्रस्तुतं द्वितीयसंस्करणं विद्यते। अस्मिन् किंचित् परिवर्तितं, किंचित् परित्यक्तं किंचिच्च परिवर्धितम्। तथा प्रयत्नः कृतः यथा वर्तमानपद्धतिसन्दर्भेऽस्योपयोगिता समधिकं परिवृद्धिमाप्नुयात्।

अस्याश्च सम्पादने निकायसचिवेन शिष्यवरमुनिनथमलेन 'तद्दिट्ठीए तम्मुत्तीए तप्पुरक्कारे तस्सन्ना तन्निवेसणा' इत्यागमवाक्यानां साक्षात् चरितार्थीकरणसहजसंकल्पेन यः श्रमो व्याधायि स च नाभिनन्द्यते तदभिनन्दने स्वाभिनन्दनप्रसक्तिः। गुरुशिष्ययोः कथंचिदभिन्नत्वात् केवलमाशीर्वचनप्रदानेनैव आश्वस्तो विश्वस्तश्च भवामि मनसि नितरां मोमुदीमि।

अन्यैरत्र किंचिन् कृतं श्रम-विभाजनं तत्र कियत् सभाजनं नात्रोल्लेखः कर्तुं शक्यस्तस्य न केवलं कर्त्तव्यनिर्वाह एव तत्र शासन-सेवाऽपि उल्लेखनीयतामगमत् तेषां सर्वेषामित्यलं विस्तरेण।

वल्लभनिकेतन
अणुव्रत ग्राम, बंगलोर-१
१ सितम्बर, १९६९

आचार्यः तुलसी

सम्पादकीयम्

आचार्यस्य नैसर्गिकं कर्तव्यमस्ति शिष्यगणाय दिशादर्शनम् । शिष्या विभिन्नरुचयो भवन्ति—केचिद् दर्शनप्रियाः, केचित्तर्कप्रवणाः, केचिद्योगाभ्याससन्निहितमतयः, केचिच्च संघविकासविहितरुचयः । तत्र सर्वेषां रुचिपोषः क्रियते, तेन सर्वेऽपि स्वाभिमतदिशायां संवर्धन्ते । एतत्संवर्धनाय मन्ये आचार्यवरेण ग्रन्थचतुष्टयी निर्मिता—दर्शनं जिज्ञासूनां कृते जैनसिद्धान्तदीपिका, तर्कं जिज्ञासूनां कृते भिक्षुन्यायकर्णिका, योगार्थिनां कृते मनोनुशासनम्, संघविकासार्थिनां कृते पञ्चसूत्रम् ।

प्रस्तुत ग्रन्थोऽस्ति जैनसिद्धान्तदीपिका । ग्रन्थनिर्माणप्रयोजनं स्वस्तु जैनसिद्धान्तनिरूपिततत्त्वप्रकाशेन नानाविश्ववर्तिरहस्योद्घाटनपुरस्सरमनेकेषामिन्द्रियातीतविषयाणां निर्णयीकरणं शृंखलाबद्धरूपेण द्रव्यतत्त्वाचारविधेर्व्यवस्थापनञ्च ।

दार्शनिकानां लक्ष्यं सर्वेषामपि जडचेतनानां भावानां स्वरूपनिश्चितीकरणं मोक्षप्राप्तिश्च । दर्शनस्यायमेव सम्बन्धो जीवनेन सह पुनरां समुन्नयः । यदिदं जीवनरहस्यमाविर्भावयति—जडचेतनयोः सम्बन्धं दर्शयति—अतीन्द्रियमप्यात्मानं चैतन्यलक्षणेन जडपदार्थात्पृथ-

क्करोति, व्यवस्थावैषम्यं, नरपश्वादिरूपं, स्वास्थ्यवैषम्यं, ज्ञानवैषम्य-मायुर्वैषम्यमैश्वर्यवैषम्यञ्चेति सर्वेषामपि वैषम्यानामुपनिषद्भूतं कारणं प्रकटीकरोति जडपदार्थानामप्यद्भुतकार्य्यकर्तृत्वं प्रादुष्कुरुते । जडेन सहात्मनो विसम्बन्धस्य प्रक्रियामुपदिशतीत्यादि । न खलु दर्शनाध्यय-यनमन्तरा उक्ता उक्तसमाना वा अपरेऽपि ग्रन्थयः सरला भवन्ति । दर्शनमेवैकमेतादृशं वस्तु विद्यते येनादृष्टा अपि पदार्थाः सम्यक् परिच्छिद्यन्ते । दर्शनं खलु तदेव येनादृष्टं सत्यं दृश्यते साक्षात्क्रियते वा ।

यावन्नैषोऽपि निर्णयः स्यादहं कोऽस्मि—कुत आगतोऽस्मि क्व व्रजिष्यामि तावत् कथं स पुरुषो निर्णयेत् स्वजीवनस्योचितं पन्थानम् । कथञ्चायतिहिताय यतेत । कियत् प्रलम्बं भविष्यत् ? किमु वर्तमान-जीवनमात्रमेव ? ततोऽपि पुरा पुनर्जन्मरूपं वा ? यदि प्राचीन एव पक्षः समीचीनस्तदानीं न नामात्मविकासप्रश्नोऽपि महीयान् । यदि पुनरु-दीचीनः पीनस्तदा पौद्गलिकसुखपिपासां व्युदास्य यथावकाशमात्म-शुद्ध्यर्थं प्रयत्नकरणमपि स्यान्नितान्तमावश्यकम् । न केवलं पर्याप्नोति भौतिकसुखसमृद्धिरेवेति । एतदनुसारेणैव सामाजिकी राजनैतिकी व्यवस्था प्रवर्तेत । अतएव दर्शनाध्ययनमधिकरोति निःशेषानपि दृक्कोणान् ।

न च सिद्धान्तस्य सूक्ष्मातिसूक्ष्मं रहस्यमधिजिगमिषवोऽपि सहसैव तत्राविदिताशयसरणो दर्शनमहामन्दिरे प्रवेष्टुं प्रभविष्णवः । स्यात्तेषा-मपेक्षणीयः प्रथप्रकाशी प्रदीप इव सज्ज्ञानज्योतिर्ज्वलितः कश्चिद् ग्रन्थः। सन्त्यनेकेऽपि तादृशा ग्रन्थाः परन्तु केचनातिकठिनाः केचिद् विशालकलेवराः केचिद् द्रव्यनिर्णायकाः केचन तत्त्वविवेचनपराः केचिच्च तत्राचाररहस्योद्बोधकाः। न खल्वत एव सौकर्यं संपद्यतेऽध्यय-नरसिकानाम् । नाहं केवलं गुरुभक्त्येकरसिकतयैव, अपितु यथार्थ-मुल्लिखामि 'जैनसिद्धान्त दीपिका' सिद्धान्ततत्त्वं प्रविविक्षूणां

तुलनातिरेको निधिरिति।

तनुकायतनेऽप्ययमुष्मिन् शास्त्रे समुज्जीवन्ति प्रायोऽप्युपयोगिनो विषयाः। नवप्रकाशपरिच्छिन्नोऽयं ग्रन्थः। तत्र क्वचिद् द्रव्यविवेकः, क्वचित्तत्त्वमीमांसा, क्वचित्पुनराचाररहस्याविर्भावनम्।

भाषासारल्यं पाठसांक्षेप्यञ्चास्य सर्वतः प्रधानं लक्ष्यम्। तत एवेति निश्चितिपूर्वकमभिधातुं शक्यते—अयं हि विदुषां वैदग्धीविषयीभवन्नपि शैक्षाणामपि परमोपयोगीति तत्त्वम्।

आचार्यवर्येण तेरापंथसंघस्योन्नयनाय महान् प्रयत्नः कृतः। अनेकेषां साधूनां साध्वीनां चानेकासां विद्याजीवनमभून्निर्मितम्। मम निर्माणे आदित एव योऽप्रयत्नात्मकः प्रयत्नः कृतः स खलु मम नैसर्गिकसौभाग्यसंचयः।

अस्य संपादने प्रतिसंशोधनादिकार्ये च मुनिगुलाबचन्द्रेण मम यथेष्टं योगः कृतः। श्रावककवरकोठारीजयचन्द्रलालेनाऽपि अस्मिन् कार्ये अवधानपूर्वकं योगः कृतः।

अस्माकं संघस्य निसर्गोऽयं यत् साधवः भवन्ति कर्तव्यानुपालनप्रकृतलक्ष्याः। आचार्यवर्यस्य महान् प्रसादोऽयं सौकर्येण सर्वोपयोगी भविष्यतीति साधुवादार्होऽस्ति।

वल्लभनिकेतन, मुनिः नथमलः
अणुव्रत ग्राम, बंगलौर-१
१ सितम्बर, १९६९

विषयानुक्रम

प्रथम प्रकाश

द्वितीय प्रकाश

तृतीय प्रकाश

चतुर्थ प्रकाश

पंचम प्रकाश

षष्ठ प्रकाश

सप्तम प्रकाश

अष्टम प्रकाश

नवम प्रकाश

परिशिष्ट



अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य तुलसी

आगम के हिमालय से आचार्य भिक्षु ने साहित्य की गंगा प्रवाहित की। जयाचार्य ने उसे विस्तार दिया। आचार्य कालूगणी ने उसके तटबन्ध को सुदृढ़ किया। अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य तुलसी उसे जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। आचार्यश्री ने साहित्य और साहित्यकार दोनों की सृष्टि की। उनकी सृजनात्मक शक्ति से उस स्रोतस्विनी को नया आयाम मिला है। उसी त्रिपथगा के विशद प्रवाह में मिलने वाला एक स्रोत है प्रस्तुत ग्रन्थ, जो भेद से अभेद की दिशा में गतिमान है और जिसका अनुरोध है कि व्यक्तित्व का दीप समष्टि के दीवट पर स्थित होकर ही विश्वमानस को आलोकित करे।

जैन सिद्धान्त दीपिका

जैन सिद्धान्त दीपिका

आराध्याराध्यदेवं स्वं, सिद्धं सिद्धार्थनन्दनम् ।
विदधे बोधवृद्ध्यर्थं, जैनसिद्धान्तदीपिकाम् ॥

मैं अपने आराध्यदेव, सिद्धिप्राप्त, सिद्धार्थपुत्र भगवान महावीर की आराधना करता हुआ बोधवृद्धि के लिए जैन सिद्धान्त दीपिका की रचना करता हूं।

प्रथमः प्रकाशः

१. धर्माधर्माकाश-पुद्गल-जीवास्तिकाया द्रव्याणि ।

अस्तिकायः[1] प्रदेशप्रचयः । धर्मादयः पञ्चास्तिकायाः सन्ति ।

२. कालश्च ।

जीवाजीवपर्यायत्वात् औपचारिक द्रव्यमसौ, इत्यस्य पृथग ग्रहणम् । क्षणवर्तित्वान्न च अस्तिकायः ।

---

१. अस्तीत्ययं त्रिकालवचनो निपातः; अभूवन्, भवन्ति, भविष्यन्ति चेति भावना, अतोऽस्ति च ते प्रदेशानां कायाश्च राशय इति । अस्तिशब्देन प्रदेशाः क्वचिदुच्यन्ते ततश्च तेषां वा काया अस्तिकायाः । स्था० टीका ४।१।२५२

प्रथम प्रकाश

१. धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय और जीवास्तिकाय ये द्रव्य है।

प्रदेशो के समूह को अस्तिकाय कहते है। धर्म आदि पाच अस्तिकाय है।

२. काल भी द्रव्य है।

काल जीव और अजीव का पर्याय होता है। अत: यह औपचारिक द्रव्य है। इस दृष्टि से इसका शेष पाच द्रव्यो से पृथक् प्रतिपादन किया गया है।

यह क्षणवर्ती होता है। इसका अतीत और भविष्य सत् नही होता इसलिए यह अस्तिकाय नही है।

३. गुणपर्यायाश्रयो द्रव्यम् ।

गुणानां पर्यायाणां च आश्रयः आधारो द्रव्यम् ।

४. गतिसहायो धर्मः ।

गमनप्रवृत्तानां जीवपुद्गलानां गतौ उदासीनभावेन अनन्यसहायकं द्रव्यं धर्मास्तिकायः, यथा — मत्स्यानां जलम् ।

स्थितिसहायोऽधर्मः ।

स्थानपरिणतानां जीवपुद्गलानां स्थितौ उदासीनभावेन अनन्यसहायकं द्रव्यं अधर्मास्तिकायः, यथा — पथिकानां छाया ।

जीवपुद्गलानां गतिस्थित्यन्यथानुपपत्तेः, वाय्वादीनां सहायकत्वेऽनवस्थादिदोषप्रसङ्गाच्च धर्माधर्मयोः सत्त्वं प्रतिपत्तव्यम् । एतयोरभावादेव अलोके जीवपुद्गलादीनामभावः ।

३. गुण और पर्यायों के आश्रय को द्रव्य कहते हैं।

४. गति में सहायक होने वाले द्रव्य को धर्म कहते हैं।

गतिक्रिया सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्पन्दन तक में प्रवृत्त होने वाले जीव और पुद्गलों की गति में उदासीन भाव से अनन्य सहायक होने वाले द्रव्य का नाम धर्मास्तिकाय है, जैसे—मछलियों की गति में जल सहायक होता है।

धर्मास्तिकाय जीव और पुद्गलों को गति में प्रवृत्त नहीं करता, इसलिए वह उदासीन सहायक होता है।

उसके बिना जीव और पुद्गल गति नहीं कर सकते, इसलिए वह अनन्य सहायक होता है।

५. स्थिति में सहायक होने वाले द्रव्य को अधर्म कहते हैं।

स्थान (गति-निवृत्ति) में वर्तमान जीव और पुद्गलों की स्थिति में उदासीन भाव से अनन्य सहायक होने वाले द्रव्य को अधर्मास्तिकाय कहते हैं, जैसे—पथिकों को विश्राम करने के लिए वृक्ष की छाया सहायक होती है।

अधर्मास्तिकाय जीव और पुद्गलों को स्थित नहीं करता, इसलिए वह उदासीन सहायक होता है।

उसके बिना जीव और पुद्गल स्थित नहीं हो सकते, इसलिए वह अनन्य सहायक होता है।

धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय के बिना जीव और पुद्गल की गति एवं स्थिति नहीं हो सकती तथा वायु आदि पदार्थों को गति एवं स्थिति का सहायक मानने में अनवस्था

६. अवगाहलक्षण आकाशः ।

अवगाहः—अवकाशः, आश्रयः स एव लक्षणं यस्य स आकाशास्तिकायः। दिगपि आकाशविशेषः न तु द्रव्यान्तरम् ।

७. लोकालोकश्च ।

८. षड्द्रव्यात्मको लोकः ।

अपरिमितस्याकाशस्य षड्द्रव्यात्मको भागः लोक इत्यभिधीयते। स च चतुर्दशरज्जुपरिमाणः[1], सुप्रतिष्ठकसंस्थानः[2], तिर्यग् ऊर्ध्वोऽधश्च। तत्र अष्टादशशतयोजनोच्छ्रितोऽसंख्यद्वीपसमुद्रायामस्तिर्यक् । किञ्चिन्न्यूनसप्तरज्जुप्रमाण ऊर्ध्वः । किञ्चिदधिकसप्तरज्जुप्रमितोऽधः ।

१. असंख्ययोजनप्रमिता रज्जुः ।

२. त्रिशरावसम्पुटाकारः, यथा एकः शरावोऽधोमुखः तदुपरि द्वितीय ऊर्ध्वमुखः तदुपरि पुनश्चैकोऽधोमुखः ।

आदि दोष उत्पन्न होते है, अतः इन (धर्म और अधर्म) का अस्तित्व निःसन्देह सिद्ध है। अलोक में धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय नहीं है अतः वहां पर जीव और पुद्गल नहीं जा सकते।

६ अवगाह देने वाले द्रव्य को आकाश कहते है।

अवगाह का अर्थ है अवकाश या आश्रय। आकाश अवगाह लक्षण वाला है। दिशाए आकाश के ही विभाग है। ये स्वतन्त्र द्रव्य नहीं है।

७ आकाश के दो भेद है — लोक और अलोक।

८. जो आकाश षड्द्रव्यात्मक होता है, उसे लोक कहते है।

यह लोक चौदह रज्जु¹ परिमित और सुप्रतिष्ठक² आकार वाला है। वह तीन प्रकार का है — तिरछा, ऊंचा और नीचा। तिरछा लोक अठारह सौ योजन ऊंचा और असंख्य-द्वीप-समुद्र-परिमाण विस्तृत है। ऊंचा लोक कुछ कम सात रज्जु-प्रमाण है। नीचा लोक सात रज्जु से कुछ अधिक प्रमाण वाला है।

१. असंख्ययोजन को रज्जु कहते है।

२. सुप्रतिष्ठक आकार का अर्थ है त्रिशरावसम्पुटाकार। एक सिकोरा उल्टा, उस पर एक सीधा और उस पर फिर एक उल्टा रखने से जो आकार बनता है, उसे त्रिशराव-सम्पुटाकार कहते है।

९. जीव पुद्गलयोर्विविधसंयोगैः स विविधरूपः।
इयं विविधरूपता एव सृष्टिरिति कथ्यते।

१०. संयोगश्चापश्चानुपूर्विकः।

११. कर्म-शरीरोपग्रहरूपेण त्रिविधः।
उपग्रहः— आहार—वाङ्—मनः—उच्छ्वासनिःश्वासाः।

१२. चतुर्धा तत्स्थितिः।
यथा आकाशप्रतिष्ठितो वायुः, वायुप्रतिष्ठित उदधिः, उदधिप्रतिष्ठिता पृथिवी, पृथिवी प्रतिष्ठिताः त्रसस्थावराः जीवाः।

१३. शेषद्रव्यशून्यमाकाशमलोकः।

१४. स्पर्शरसगन्धवर्णवान् पुद्गलः।
पूरणगलनधर्मत्वात् पुद्गल इति।

९. जीव और पुद्गलों के विविध संयोगों से वह विविध प्रकार का है।

लोक की इस विविधरूपता को ही सृष्टि कहा जाता है।

१०. जीव और पुद्गल का संयोग अपश्चानुपूर्विक (पौर्वापर्यशून्य) है।

११. संयोग तीन प्रकार का है—

१. कर्म
२. शरीर
३. उपग्रह

उपग्रह—आहार, वाणी, मन, उच्छ्वास-निःश्वास आदि उपकारक शक्तियां।

१२. लोक-स्थिति चार प्रकार की है।

जैसे—आकाश पर वायु, वायु पर उदधि (घनोदधि), उदधि पर पृथ्वी और पृथ्वी पर त्रस-स्थावर प्राणी है।

१३. जहां आकाश के अतिरिक्त कोई द्रव्य नहीं होता उस आकाश को अलोक कहते है।

१४. जो द्रव्य स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण युक्त होता है, वह पुद्गल है।

जिसमें पूरण—एकीभाव और गलन—पृथग्भाव होता है, वह पुद्गल है, यह इसका शाब्दिक अर्थ है।

१५. **शब्द-बन्ध-सौक्ष्म्य-स्थौल्य-संस्थान-भेद-तमश्छायातपोद्योतप्रभा-वांश्च ।**

संहन्यमानानां भिद्यमानानां च पुद्गलानां ध्वनिरूपः परिणामः शब्दः । प्रायोगिको वैस्रसिकश्च । प्रयत्नजन्यः प्रायोगिकः, भाषात्मकोऽभाषात्मको वा । स्वभावजन्यो वैस्रसिकः—मेघादिप्रभवः ।

अथवा जीवाजीवमिश्रभेदादयं त्रेधा ।

मूर्तोऽयं नहि अमूर्तस्य आकाशस्य गुणो भवति · · श्रोत्रेन्द्रियग्राह्यत्वात्, न च श्रोत्रेन्द्रियममूर्तं गृह्णाति-इति ।

संश्लेषः बन्धः । अयमपि प्रायोगिकः सादिः, वैस्रसिकस्तु सादिरनादिश्च ।

सौक्ष्म्यं द्विविधम् अन्त्यमापेक्षिकञ्च । अन्त्यं परमाणोः, आपेक्षिकं यथा नालिकेरापेक्षया आम्रस्य ।

स्थौल्यमपि द्विविधम् अन्त्य अशेषलोकव्यापिमहास्कन्धस्य । आपेक्षिकं यथा आम्रापेक्षया नालिकेरस्य ।

आकृतिः—संस्थानम् । तच्चचतुरस्रादिकम्—इत्थंस्थम्, अनियताकारम्—अनित्थंस्थम् ।

१५. शब्द, बन्ध, सौक्ष्म्य, स्थौल्य, संस्थान, भेद, तम, छाया, आतप, उद्योत, प्रभा आदि पुद्‌गल के धर्म हैं।

पुद्‌गलों का संघात और भेद होने से जो ध्वनिरूप परिणमन होता है, उसे शब्द कहते है। वह दो प्रकार का है-- प्रायोगिक और वैस्रसिक। किसी प्रयत्न के द्वारा होने वाला शब्द प्रायोगिक है। यह दो प्रकार का है—भाषात्मक और अभाषात्मक। स्वभावजन्य शब्द को वैस्रसिक कहते है, जैसे— मेघ का शब्द स्वाभाविक है।

प्रकारान्तर मे शब्द के तीन भेद किए जाते है, जैसे जीवशब्द, अजीवशब्द और मिश्रशब्द।

शब्द अमूर्त-आकाश का गुण नही हो सकता, क्योंकि इसे श्रोत्रेन्द्रिय के द्वारा ग्रहण किया जाता है। श्रोत्रेन्द्रिय के द्वारा अमूर्त विषय का ग्रहण नही हो सकता। इससे यह सिद्ध होता है कि शब्द मूर्त है। मूर्त द्रव्य अमूर्त आकाश का गुण नहीं हो सकता।

सश्लेष --मिलने को बन्ध कहते है। इसके भी दो भेद है प्रायोगिक और वैस्रसिक। प्रायोगिक बन्ध सादि और वैस्रसिक बन्ध सादि और अनादि दोनों प्रकार का होता है।

सौक्ष्म्य के भी दो भेद है अन्तिम सूक्ष्म, जैसे-- परमाणु। आपेक्षिक सूक्ष्म, जैसे -- नारियल की अपेक्षा आम छोटा होता है।

स्थौल्य भी दो प्रकार का है- अन्तिम स्थूल, जैसे— समूचे लोक मे व्याप्त होनेवाला अचित्त महास्कन्ध। आपेक्षिक स्थूल, जैसे आम की अपेक्षा नारियल बड़ा होता है।

संस्थान का अर्थ है---आकृति। वह दो प्रकार का होता है। इत्थंस्थ---नियत आकार वाला, जैसे—चतुष्कोण आदि। अनित्थंस्थ—अनियत आकार वाला।

विश्लेष:—भेद: स च पञ्चधा—

१. उत्कर:—मुद्गशमीभेदवत्।

२. चूर्ण:—गोधूमचूर्णवत्।

३. खण्ड:—लोहखण्डवत्।

४. प्रतर:—अभ्रपटलभेदवत्।

५. अनुतटिका:—तटाकरेखावत्।

कृष्णवर्णबहुल: पुद्गलपरिणामविशेष: तम:।

प्रतिबिम्बरूप: पुद्गलपरिणाम: छाया।

सूर्यादीनामुष्ण: प्रकाश आतप:।

चन्द्रादीनामनुष्ण: प्रकाश उद्योत:।

मण्यादीनां रश्मि: प्रभा।

सर्व एव एते पुद्गलधर्मा:, अत एतद्वानपि पुद्गल:।

१६. परमाणु: स्कन्धश्च।

१७. अविभाज्य: परमाणु:।

उक्तञ्च—

कारणमेव[1] तदन्त्यं, सूक्ष्मो नित्यश्च भवति परमाणु:।
एकरसगन्धवर्णो, द्विस्पर्श: कार्यलिङ्गश्च[2]॥

१. तेषां पौद्गलिकवस्तूनामन्त्यं कारणमेव।

२. कार्यमेव लिङ्गं यस्य स कार्यलिङ्ग:।

भेद का अर्थ है—विश्लेषण। वह पांच प्रकार का होता है।

१. उत्कर, जैसे—मूंग की फली का टूटना।

२. चूर्ण, जैसे—गेहूं आदि का आटा।

३. खण्ड, जैसे—लोहे के टुकड़े।

४. प्रतर, जैसे—अभ्रक के दल।

५. अनुतटिका, जैसे—तालाब की दरारें।

तम—पुद्गलों का सघन कृष्ण वर्ण के रूप में जो परिणमन होता है, उसे तम कहते हैं।

पुद्गलों का प्रतिबिम्ब रूप परिणमन होता है, उसे छाया कहते हैं।

सूर्य आदि के उष्ण प्रकाश को आतप कहते हैं।

चन्द्र आदि के शीतल प्रकाश को उद्योत कहते हैं।

रत्न आदि की रश्मियों को प्रभा कहते हैं।

ये सब पुद्गल के धर्म हैं, इसलिए इनका पुद्गल के लक्षण के रूप में निर्देश किया गया है।

१६. पुद्गल के दो भेद हैं—परमाणु और स्कन्ध।

१७. अविभाज्य पुद्गल को परमाणु कहते हैं।

परमाणु का अर्थ है—परम+अणु। परमाणु सर्वसूक्ष्म होता है, अतएव वह अविभाज्य होता है। परमाणु का लक्षण बताते हुए पूर्वाचार्यों ने लिखा है—जो पौद्गलिक पदार्थों का अन्तिम कारण, सूक्ष्म, नित्य, एक रस, एक गन्ध, एक वर्ण और दो स्पर्शयुक्त होता है और दृश्यमान कार्यों के द्वारा जिसका अस्तित्व जाना जाता है, उसे परमाणु कहते हैं।

१८. तदेकीभावः स्कन्धः ।

तेषां द्व्याद्यनन्तपरिमितानां परमाणूनामेकत्वेनावस्थानं स्कन्धः, यथा—द्वौ परमाणू मिलितौ द्विप्रदेशी स्कन्धः, एवं त्रिप्रदेशी, दशप्रदेशी, संख्येयप्रदेशी, असंख्येयप्रदेशी, अनन्तप्रदेशी च ।

१९. तद्भेदसंघाताभ्यामपि ।

स्कन्धस्य भेदतः संघाततोऽपि स्कन्धो भवति, यथा—भिद्यमाना शिला, संहन्यमानाः तन्तवश्च ।

अविभागित्वेऽपि अस्तिकायेऽपि स्कन्धशब्दो व्यवह्रियते, यथा—धर्माधर्माकाशजीवास्तिकायाः स्कन्धाः ।

२०. स्निग्धरूक्षत्वाद् अजघन्यगुणानाम्[1] ।

अजघन्यगुणानाम्—द्विगुणादिस्निग्धरूक्षाणां परमाणूनां तद्विषमैः समैर्वा द्विगुणादिस्निग्धरूक्षैः परमाणुभिः सम स्निग्धरूक्षत्वाद्वेतोरेकीभावो भवति न तु एकगुणानामेकगुणैः सममित्यर्थः ।

अयं हि विसदृशापेक्षया एकीभावः ।

१. अविभागी प्रतिच्छेदः, अविभाज्योऽशः ।

१८. परमाणुओं के एकीभाव को स्कन्ध कहते है।

दो से लेकर अनन्त तक के परमाणु एकीभूत हो जाते हैं, उनका नाम स्कन्ध है, जैसे — दो परमाणुओं के मिलने से जो स्कन्ध बनता है, उसे द्विप्रदेशी स्कन्ध कहते है। इसी प्रकार तीन प्रदेशी, दशप्रदेशी, सख्येय प्रदेशी, असंख्येय प्रदेशी और अनन्त प्रदेशी स्कन्ध होते है।

१९. स्कन्ध का भेद और सघात होने से भी स्कन्ध होता है।

भेद से होनेवाला स्कन्ध, जैसे — एक शिला एक स्कन्ध है। उसके टूटने से अनेक स्कन्ध बन जाते है।

सघात से होनेवाला स्कन्ध, जैसे — प्रत्येक तन्तु स्कन्ध है। उनको समुदित करने से एक स्कन्ध बन जाता है।

अविभागी अस्तिकायो के लिए भी स्कन्ध शब्द का व्यवहार होता है, जैसे — धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय और जीवास्तिकाय स्कन्ध है।

२०. अजघन्य गुण वाले परमाणुओं का चिकनेपन और रूखेपन से एकीभाव होता है।

गुण का अर्थ है — अंश। अजघन्य गुणवाले अर्थात दो या दो से अधिक गुणवाले चिकने एवं रूखे परमाणुओं का क्रमशः अजघन्य गुणवाले रूखे एवं चिकने परमाणुओं के साथ एकीभाव होता है।

पृथक्-पृथक् परमाणु आपस मे मिलते है, उनका हेतु स्निग्धता और रूक्षता है। परमाणु चाहे विषम गुणवाले हों, चाहे सम गुणवाले हों, उनका परस्पर सम्बन्ध हो जाता है।

२१. द्व्यधिकादिगुणत्वे सदृशानाम्।

अजघन्यगुणानां सदृशानां — स्निग्धैः सह स्निग्धानां रूक्षैः सह रूक्षाणां च परमाणूनाम्, एकत्र द्विगुणस्निग्धत्वम्, अन्यत्र चतुर्गुणस्निग्धत्वमित्येवं द्व्यधिकादिगुणत्वे सति एकीभावो भवति, न तु समानगुणानामेकाधिकगुणानाञ्च। उक्तञ्च —

निद्धस्स निद्धेण दुआहिएण, लुक्खस्स लुक्खेण दुआहिएण।
निद्धस्स लुक्खेण उवेइ बंधो, जहन्नवज्जो विसमो समो वा॥

(पन्नवणा पद १३)

केवल एक ही शर्त है कि वे सब अजघन्य गुण वाले होने चाहिए।

एक गुणवाले परमाणुओं का एक गुणवाले परमाणुओं के साथ सम्बन्ध नहीं होता। इसका तात्पर्य यह है कि स्निग्ध परमाणु रूक्ष परमाणु के साथ या रूक्ष परमाणु स्निग्ध परमाणु के साथ मिले तब वे दोनों ही कम से कम द्विगुण स्निग्ध एवं द्विगुण रूक्ष होने चाहिए। यदि इनमें एक ओर भी कमी हो तो उनका सम्बन्ध नहीं हो सकता। यह विसदृश (विजातीय) परमाणुओं के एकीभाव की व्याख्या है।

२१. अजघन्य गुणवाले सदृश परमाणुओं का एकीभाव दो गुण अधिक या उससे अधिक गुणवाले परमाणुओं के साथ होता है।

स्निग्ध परमाणुओं का स्निग्ध परमाणुओं के साथ एवं रूक्ष परमाणुओं का रूक्ष परमाणुओं के साथ सम्बन्ध तब होता है, जब उनमें (स्निग्ध या रूक्ष परमाणुओं में) दो गुण या उससे अधिक गुणों का अन्तर मिले। उदाहरणस्वरूप दो गुण स्निग्ध परमाणु का चार गुण स्निग्ध परमाणु के साथ सम्बन्ध होता है किन्तु उनका समान गुणवाले एवं एक गुण अधिक वाले परमाणु के साथ सम्बन्ध नहीं होता।

देखिए यन्त्र —

२२. कालः समयादिः।

निमेषस्यासंख्येयतमो भागः समयः, कमलपत्रभेदाद्युदाहरणलक्ष्यः। आदिशब्दात् आवलिकादयश्च।

उक्तञ्च—

समयावलियमुहुत्ता, दिवसमहोरत्तपक्खमासा य।
संवच्छरजुगपलिया, सागर ओसप्पि परियट्टा॥

(अनुयोगद्वार ४१५)

	परमाणु के अंश	सदृश	विसदृश
१.	जघन्य + जघन्य	नहीं	नहीं
२.	जघन्य + एकाधिक	नहीं	नहीं
३.	जघन्य + द्व्यधिक	नहीं	नहीं
४.	जघन्य + त्र्यादि अधिक	नहीं	नहीं
५.	जघन्येतर[1] + समजघन्येतर[2]	नहीं	है
६.	जघन्येतर + एकाधिकतर	नहीं	है
७.	जघन्येतर + द्व्यधिकतर	है	है
८.	जघन्येतर + त्र्यादि अधिकतर	है	है

२२. समय आदि को काल कहते हैं।

निमेष के असंख्यातवें भाग को समय कहते हैं। समय की सूक्ष्मता जानने के लिए 'कमल-पत्र-भेद' और 'जीर्ण-वस्त्र-फाड़ना' ये दो उदाहरण हैं।[3] आदि शब्द से आवलिका आदि का ग्रहण करना चाहिए।

काल के अवान्तर भेद निम्न प्रकार हैं — समय, आवलिका, मुहूर्त, दिवस, अहोरात्र, पक्ष, मास, सम्वत्सर, युग, पल्योपम, सागर, अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी पुद्गलपरावर्तन आदि।

१. जघन्य अंश के अतिरिक्त शेष सब
२. दोनों ओर अंशों की समान संख्या
३. उदाहरण देखें परिशिष्ट १।१

२३. वर्तना-परिणाम-क्रिया-परत्वापरत्वादिभिर्लक्ष्यः ।

वर्तमानत्वम्— वर्तना । पदार्थानां नानापर्यायेषु परिणतिः— परिणामः । क्रिया—चंक्रमणादिः । प्राग्भावित्वम्— परत्वम् । पश्चाद्भावित्वम्—अपरत्वम् ।

२४. आद्यत्रीणि एकद्रव्याणि अगतिकानि ।

आकाशपर्यन्तानि त्रीणि एकद्रव्याणि—एकव्यक्तिकानि, अगतिकानि— गतिक्रियाशून्यानि ।

२५. असंख्येयाः प्रदेशा धर्माधर्मलोकाकाशैकजीवानाम् ।

२६. अलोकस्यानन्ताः ।

२७. संख्येयाऽसंख्येयाश्च पुद्गलानाम् ।

चकारादनन्ता अपि ।

२८. न परमाणोः ।

परमाणोरेकत्वेन निरंशत्वेन च न प्रदेशः ।

२९. कालोऽप्रदेशी ।

३०. बुद्धिकल्पितो वस्त्वंशो देशः ।

२३. वर्तना, परिणाम, क्रिया, परत्व और अपरत्व इनके द्वारा काल जाना जाता है।

वर्तमान रहने का नाम वर्तना है। पदार्थों का नाना रूपों में परिणमन होना परिणाम है। चंक्रमण आदि करना क्रिया है। पहले होना परत्व और बाद में होना अपरत्व है।

२४. प्रथम तीन द्रव्य धर्म, अधर्म और आकाश द्रव्यरूप से एक-एक है, एक व्यक्तिक है और गति रहित है।

२५. धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, लोकाकाश और एक जीव के असंख्य-असंख्य प्रदेश होते है।

२६. अलोकाकाश के प्रदेश अनन्त है।

२७. पुद्गल स्कन्धो के प्रदेश संख्येय, असंख्येय और अनन्त तीनों प्रकार के होते है।

२८. परमाणु के प्रदेश नही होता।

परमाणु अकेला ही होता है और निरंश होता है इसलिए उसके प्रदेश नही होता।

२९. काल अप्रदेशी होता है।

३०. वस्तु के बुद्धिकल्पित अंश को देश कहते है।

वस्तुनोऽपृथग्भूतो बुद्धिकल्पितोंऽशो देश उच्यते।

३१. निरंशः प्रदेशः।

निरंशो देशः प्रदेशः कथ्यते। परमाणुपरिमितो वस्तुभाग इत्यर्थः। अविभागी परिच्छेदोऽप्यस्य पर्यायः। पृथग्वस्तुत्वेन परमाणुस्ततो भिन्नः।

३२. कृत्स्नलोकेऽवगाहो धर्माधर्मयोः।

धर्माधर्मास्तिकायौ सम्पूर्णं लोकं व्याप्य तिष्ठतः।

३३. एकप्रदेशादिषु विकल्प्यः पुद्गलानाम्।

लोकस्यैकप्रदेशादिषु पुद्गलानामवगाहो विकल्पनीयः।

३४. असंख्येयभागादिषु जीवानाम्।

जीवः खलु स्वभावात् लोकस्य अल्पात् अल्पमसंख्येय-प्रदेशात्मकमसंख्येयतमं भागमवरुध्य तिष्ठति, न पुद्गलवत् एक प्रदेशादिकम्, इति असंख्येयभागादिषु जीवानामवगाहः।

असंख्येयप्रदेशात्मके च लोके परिणतिवैचित्र्यात् प्रदीप-प्रभापटलवत् अनन्तानामपि जीवपुद्गलानां समावेशो न दुर्घटः।

वस्तु का वह अंश देश कहलाता है, जो वस्तु से पृथक् नहीं होता किन्तु उपयोगितावश उसके अंश होने की बुद्धि द्वारा कल्पना की जाती है।

३१. वस्तु के निरंश अंश को प्रदेश कहते हैं।

प्रदेश परमाणु के बराबर होता है। इसका दूसरा नाम अविभागी परिच्छेद है। परमाणु एक स्वतन्त्र पदार्थ है अतः वह प्रदेश से भिन्न है।

३२. धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय सम्पूर्ण लोक में व्याप्त है।

३३. पुद्गल लोकाकाश के एक प्रदेश से लेकर समस्त लोक तक व्याप्त है।

परमाणु लोक के एक प्रदेश में रहता है। पुद्गल स्कन्ध अनेक प्रकार के है- द्विप्रदेशी यावत् अनन्तप्रदेशी। वे यथोचित रूप से लोक के एक प्रदेश से लेकर समूचे लोक तक व्याप्त है।

३४. जीवों का अवगाह लोकाकाश के एक असंख्यातवें भाग आदि में होता है।

प्रत्येक जीव स्वाभाविकतया कम से कम लोकाकाश के असंख्यातवें भाग को अवगाह कर रहता है। वह असंख्यातवां भाग भी असंख्यप्रदेशवाला होता है। जीवों में उससे अधिक संकुचित होने का स्वभाव नहीं है अतः वे पुद्गल की तरह एक प्रदेश परिमाण वाले क्षेत्र में यावत् संख्यात प्रदेशात्मक क्षेत्र में

३५. कालः समयक्षेत्रवर्ती ।

समयक्षेत्रम्—मनुष्यलोकः । तत्रैव सूर्यचन्द्रप्रवर्तितो व्यावहारिकः कालो विद्यते । नैश्चयिकस्तु प्रतिद्रव्यं वर्तनं तेन तस्य सर्वव्यापित्वम् ।

३६. सहभावी धर्मो गुणः ।

"एग दव्वस्सिआगुणा" इत्यागम वचनात् गुणो गुणिनमाश्रित्यैव अवतिष्ठते, इति स द्रव्यसहभावी एव ।

३७. सामान्यो विशेषश्च ।

द्रव्येषु समानतया परिणतः सामान्यः ।

व्यक्तिभेदेन परिणतो विशेषः ।

भी नहीं रह सकते। उनकी अवगाहना असंख्यातवें भाग आदि में होती है।

परिणमन की विचित्रता से असंख्य प्रदेशात्मक लोक में भी अनन्तजीव और पुद्गलों का समा जाना तर्कसम्मत है। उदाहरणस्वरूप—जितने क्षेत्र में एक दीपक का प्रकाश फैलता है, उतने क्षेत्र में अनेक दीपकों का प्रकाश समा जाता है।

३५. काल केवल समय-क्षेत्र में ही होता है।

समय-क्षेत्र का अर्थ मनुष्यलोक है। व्यावहारिक काल का अर्थ है—सूर्य और चन्द्र द्वारा प्रवर्तित दिन-रात, पक्ष-मास आदि कालविभाग। वह मनुष्य क्षेत्र में ही होता है।

नैश्चयिक काल का अर्थ है—वर्तनाकाल। वह प्रत्येक द्रव्य में होता है—अलोकाकाश में भी होता है इसलिए वह सर्वव्यापी है।

३६. द्रव्य के सहभावी धर्म को गुण कहते है।

'गुण द्रव्य के ही आश्रित रहता है' इस आगम वाक्य के अनुसार गुण का आश्रय एकमात्र गुणी (द्रव्य) ही होता है अतएव द्रव्य के सहभावी धर्म को गुण कहते हैं।

३७. गुण दो प्रकार का होता है—सामान्य और विशेष।

द्रव्यों में समान रूप से व्याप्त रहने वाला गुण सामान्य गुण कहलाता है।

एक-एक द्रव्य में प्राप्त होने वाला गुण विशेष गुण कहलाता है।

३८. अस्तित्व–वस्तुत्व–द्रव्यत्व–प्रमेयत्व–प्रदेशवत्त्व–अगुरुलघुत्वादिः सामान्यः।

विद्यमानता—अस्तित्वम्।

अर्थक्रियाकारित्वम्—वस्तुत्वम्।

गुणपर्यायाधारत्वम्—द्रव्यत्वम्।

प्रमाणविषयता—प्रमेयत्वम्।

अवयवपरिमाणता—प्रदेशवत्त्वम्।

स्वस्वरूपाविचलनत्वम्—अगुरुलघुत्वम्[1]।

३९. गतिस्थित्यवगाहवर्तनाहेतुत्व-स्पर्शरसगन्धवर्ण-ज्ञानदर्शन-सुखवीर्य–चेतनत्वाचेतनत्व–मूर्त्तत्वाऽमूर्त्तत्वादिर्विशेषः।

गत्यादिषु चतुर्षु हेतुत्वशब्दो योजनीयः।

१. यतो द्रव्यस्य द्रव्यत्वं गुणस्य गुणत्वं न विचलति स न गुरुरूपो न लघुरूपोऽगुरुलघुः।

३८. सामान्य गुण के छः भेद हैं—

१.	अस्तित्व	४.	प्रमेयत्व
२.	वस्तुत्व	५.	प्रदेशवत्त्व
३.	द्रव्यत्व	६.	अगुरुलघुत्व

अस्तित्व—जिस गुण के कारण द्रव्य का कभी विनाश न हो।

वस्तुत्व—जिस गुण के कारण द्रव्य कोई न कोई अर्थक्रिया अवश्य करे।

द्रव्यत्व—जिस गुण के कारण द्रव्य सदा एक सरीखा न रहकर नवीन-नवीन पर्यायों को धारण करता रहे।

प्रमेयत्व—जिस गुण के कारण द्रव्य ज्ञान के द्वारा जाना जा सके।

प्रदेशवत्त्व—जिस गुण के कारण द्रव्य के प्रदेशों का माप हो सके।

अगुरुलघुत्व—जिस गुण के कारण द्रव्य अपने स्वरूप में स्थित रहे। उसके अनन्त गुण बिखरकर अलग-अलग न हो जाएं।

३९. विशेष गुण सोलह प्रकार के हैं—गतिहेतुत्व, स्थितिहेतुत्व, अवगाहहेतुत्व, वर्तनाहेतुत्व, स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, चेतनत्व[1], अचेतनत्व, मूर्त्तत्व और अमूर्त्तत्व।

---

१. चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्त्तत्व और अमूर्त्तत्व—ये चार गुण अस्तित्व आदि की तरह सब द्रव्यों में नहीं मिलते, अतः इनको विशेष गुण कहते हैं।

एतेषु च प्रत्येकं जीवपुद्गलयोः षड्गुणाः, अन्येषां च त्रयो गुणाः ।

स्पर्शः—कर्कशमृदुगुरुलघुशीतोष्णस्निग्धरूक्षभेदादष्टधा ।

रसः—तिक्तकटुकषायाम्लमधुरभेदात् पञ्चविधः ।

गन्धो द्विविधः— सुगन्धो दुर्गन्धश्च ।

वर्णः—कृष्णनीलरक्तपीतशुक्लभेदात् पञ्चधा ।

४०. पूर्वोत्तराकारपरित्यागादानं पर्यायः ।

"लक्खणं पज्जवाणं तु, उभओ अस्सिया भवे" इत्यागमवचनात् द्रव्यगुणयोः पूर्वाकारस्य परित्यागः, अपराकारस्य च आदानं स पर्यायः ।

जीवस्य नरत्वामरत्वादिभिः पुद्गलस्य स्कन्धत्वादिभिः, धर्मास्तिकायादीनाञ्च संयोगविभागादिभिर्द्रव्यस्य पर्याया बोध्याः ।

ज्ञानदर्शनादीनां परिवर्तनादेर्वर्णादीनां च नवपुराणतादेर्गुणस्य पर्याया ज्ञेयाः ।

पूर्वोत्तराकाराणामानन्त्यात् पर्याया अपि अनन्ता एव ।

इनमें से जीव और पुद्गल के छः-छः गुण और शेष सब द्रव्यों के तीन-तीन गुण होते है।

स्पर्श आठ हैं—कर्कश (कठोर), मृदु (कोमल), गुरु (भारी), लघु (हल्का), शीत, उष्ण, स्निग्ध (चिकना), रूक्ष (रूखा)।

रस पांच हैं—तिक्त (तीखा) जैसे सोंठ, कटु (कडुआ) जैसे—नीम, कषाय (कसैला) जैसे—हरड़, आम्ल (खट्टा) जैसे—इमली, मधुर (मीठा) जैसे—चीनी।

गन्ध दो है—सुगन्ध और दुर्गंध।

वर्ण पांच है—काला, नीला, लाल, पीला और धोला।

४०. पूर्व आकार के परित्याग और उत्तर आकार की उपलब्धि को पर्याय कहते है।

'पर्याय द्रव्य और गुण इन दोनों के आश्रित रहता है' इस आगम वाक्य के अनुसार द्रव्य और गुण के पूर्व-पूर्व आकार का विनाश और उत्तर-उत्तर आकार का उत्पाद होता है, उसे पर्याय कहते हैं।

जीव का मनुष्य, देव आदि रूपों में परिवर्तित होना, पुद्गलों का भिन्न-भिन्न स्कन्धों में परिणमन होना, धर्मास्तिकाय आदि के साथ जीव-पुद्गलों का संयोग या विभाग होना, ये द्रव्य के पर्याय है।

ज्ञान और दर्शन का परिवर्तन होना, वर्ण आदि में नवीनता एवं पुरातनता का होना, ये गुण के पर्याय हैं।

पूर्व आकार (पूर्ववर्ती अवस्थाएं) और उत्तर आकार (उत्तरवर्ती अवस्थाएं) अनन्त हैं, इसलिए पर्याय भी अनन्त हैं।

४१. व्यञ्जनार्थभेदेन स्वभाव-विभावभेदेन चास्य द्वैविध्यम् ।

४२. स्थूलः कालान्तरस्थायी शब्दानां संकेतविषयो व्यञ्जनपर्यायः ।

४३. सूक्ष्मो वर्तमानवर्त्यर्थपरिणामः अर्थपर्यायः ।

४४. परनिमित्तानपेक्षः स्वभावपर्यायः ।

४५. परनिमित्तापेक्षो विभावपर्यायः ।

४१. पर्याय के दो प्रकार होते हैं :

(१) व्यञ्जन पर्याय
(२) अर्थ पर्याय

प्रकारान्तर से भी पर्याय के दो प्रकार हैं :

(१) स्वभाव पर्याय
(२) विभाव पर्याय

४२. जो पर्याय स्थूल होता है—सर्वसाधारण के बुद्धिगम्य होता है, जो कालान्तरस्थायी (त्रिकाल-स्पर्शी) होता है और शब्दों के द्वारा बताया जा सकता है, वह व्यञ्जन पर्याय है।

४३. जो पर्याय सूक्ष्म होता है— सर्वसाधारण के बुद्धिगम्य नहीं होता, जिसके बदल जाने पर भी द्रव्य का आकार नहीं बदलता, जो केवल वर्तमानवर्ती होता है, वह अर्थपर्याय है।[1]

४४. दूसरे के निमित्त की अपेक्षा न रखने वाली अवस्था को स्वभाव पर्याय कहते हैं।

४५. दूसरे के निमित्त से होनेवाली अवस्था को विभाव पर्याय कहते हैं।

---

१. प्रदेशवत्त्व अर्थात् द्रव्य के आकार में होनेवाले परिवर्तन की अपेक्षा से व्यञ्जन पर्याय होता है और अन्य गुणों की अपेक्षा से अर्थ पर्याय होता है। व्यञ्जन पर्याय को द्रव्य पर्याय और अर्थ-पर्याय को गुणपर्याय कहते हैं, अतएव पर्याय द्रव्य और गुण दोनों के आश्रित होता है।

४६. एकत्व-पृथक्त्व-संख्या-संस्थान-संयोग-विभागास्तल्लक्षणम् ।

एतैः पर्याया लक्ष्यन्ते ।

एकत्वम्—भिन्नेष्वपि परमाण्वादिषु यदेकोऽयं घटादिरिति प्रतीतिः ।

पृथक्त्वं—संयुक्तेषु भेदज्ञानस्य कारणभूतं पृथक्त्वम्, यथा—अयमस्मात् पृथक् ।

संख्या—द्वौ त्रय इत्यादिरूपा ।

संस्थानम्—यथा इदं परिमण्डलम् ।

संयोगः—अयमंगुल्योः संयोगः ।

विभागः—वियुक्तेषु भेदज्ञानस्य कारणभूतो विभागः, यथा—अयमितो विभक्तः ।

इतिद्रव्यगुणपर्यायस्वरूपनिर्णयः ।

४६. एकत्व, पृथक्त्व, संख्या, संस्थान, संयोग और विभाग ये सब पर्यायों के लक्षण हैं।

परमाणु और स्कन्धों के भिन्न होने पर भी 'यह घट एक है' इस प्रकार की प्रतीति के कारणभूत पर्याय को एकत्व कहते हैं।

संयुक्त पदार्थों में भिन्नता की प्रतीति के कारणभूत पर्याय को पृथक्त्व कहते हैं, जैसे यह उससे भिन्न है।

जिसके द्वारा दो, तीन, चार, संख्यात, असंख्यात आदि व्यवहार होता है, उसे संख्या कहते है।

परिमण्डल, गोल, लम्बा, चौड़ा, त्रिकोण, चतुष्कोण आदि पदार्थों के आकार को संस्थान कहते हैं।

अन्तररहित होने को संयोग कहते हैं, जैसे दो अंगुलियों का मिलना।

वियुक्त पदार्थों में भिन्नता की प्रतीति के कारणभूत पर्याय को विभाग कहते हैं, जैसे यह उससे विभक्त है।

इति द्रव्यगुणपर्यायस्वरूपनिर्णय।

द्वितीयः प्रकाशः

१. जीवाऽजीव-पुण्य-पापाश्रव-सम्वर-निर्जरा-बन्ध-मोक्षास्तत्त्वम्।
तत्त्वं पारमार्थिकं वस्तु।

२. उपयोगलक्षणो जीवः।

३. चेतनाव्यापारः—उपयोगः।

चेतना—ज्ञानदर्शनात्मिका। तस्या व्यापारः प्रवृत्तिः—उपयोगः।

४. साकारोऽनाकारश्च।

५. विशेषग्राहित्वाज्ज्ञानं साकारः।

सामान्यविशेषात्मकस्य वस्तुनः सामान्यधर्मान् गौणीकृत्य विशेषाणां ग्राहकं ज्ञानं आकारेण—विशेषेण सहितत्वात् साकार उपयोग इत्युच्यते।

द्वितीय प्रकाश

१. जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, सम्वर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष—ये नौ तत्त्व हैं।

पारमार्थिक वस्तु को तत्त्व कहते हैं।

२. जिसमें उपयोग होता है, उसे जीव कहते हैं।

३. चेतना के व्यापार को उपयोग कहते हैं।

चेतना के दो भेद हैं—ज्ञान और दर्शन। उसकी प्रवृत्ति को उपयोग कहते हैं।

४. उपयोग दो प्रकार का होता है—साकार और अनाकार।

५. ज्ञान विशेष धर्मों को जानता है अतः उसे साकार उपयोग कहते हैं।

वस्तु सामान्य-विशेषात्मक होती है। ज्ञान उसके सामान्य (सदृश) धर्मों को गौणकर विशेष (विसदृश) धर्मों को ग्रहण

६. मति-श्रुतावधि-मनःपर्याय-केवलानि ।

७. इन्द्रियमनोनिबन्धनं मतिः ।

मतिः, स्मृतिः, संज्ञा, चिन्ता, अभिनिबोध इति एकार्थाः ।

८. अवग्रहेहावायधारणास्तद्भेदाः ।

९. इन्द्रियार्थयोगे दर्शनानन्तरं सामान्यग्रहणमवग्रहः ।

इन्द्रियार्थयोरुचितदेशाद्यवस्थानरूपे योगे सति दर्शनम्—अनुल्लिखितविशेषस्य सन्मात्रस्य प्रतिपत्तिः, तदनन्तरम्—अनिर्देश्यसामान्यस्य (वस्तुनः) ग्रहणमवग्रहः ।

१०. व्यञ्जनार्थयोः ।

व्यञ्जनेन इन्द्रियार्थसम्बन्धरूपेण, व्यञ्जनस्य—शब्दा-

करता है, अतः वह आकार—विशेष सहित होने के कारण साकार उपयोग कहलाता है।

६. ज्ञान पांच हैं—१. मति ४. मनःपर्याय
२. श्रुत ५. केवल
३. अवधि

७. इन्द्रिय और मन के निमित्त से जो ज्ञान होता है, वह मति है।

मति, स्मृति, संज्ञा, चिन्ता और अभिनिबोध—ये सब एकार्थक हैं।

८. मति ज्ञान चार प्रकार का है :

१. अवग्रह ३. अवाय
२. ईहा ४. धारणा

९. इन्द्रिय और अर्थ का संयोग होने पर दर्शन के पश्चात् जो सामान्य का ग्रहण होता है, उसे अवग्रह कहा जाता है।

इन्द्रिय और अर्थ का उचित देश आदि में अवस्थानात्मक योग होने पर दर्शन अर्थात् विशेष के उल्लेख से रहित सत्तामात्र का ग्रहण होता है, उसके पश्चात् जिसका निर्देश न किया जा सके वैसा वस्तु का सामान्य अवबोध होता है, वह अवग्रह है।

१०. अवग्रह दो प्रकार का है :

(१) व्यञ्जनावग्रह

देरर्थस्य ग्रहणम्—अव्यक्तः परिच्छेदः व्यञ्जनावग्रहः[१]।

ततो मनाग् व्यक्तं जातिद्रव्यगुणकल्पनारहितमर्थ-ग्रहणम्-अर्थावग्रहः[२], यथा एतत् किञ्चिद् अस्ति[३]।

११. अमुकेन भाव्यमिति प्रत्यय ईहा।

अमुकस्तदितरो वा इति संशयादूर्ध्वं अन्वयव्यतिरेकपूर्वकम् 'अमुकेन भाव्यम्' इति प्रत्यय ईहा, यथा—शब्देन भाव्यम्।

१२. अमुक एवेत्यवायः।

यथा अयं शब्द एव।

---

१. व्यञ्जनेन व्यञ्जनस्य अवग्रहः—व्यञ्जनावग्रहः। अत्र मध्यमपद-लोपी समासः। अयमान्तर्मौहूर्तिकः।

२. एक सामयिकः।

३. अनध्यवसायो न निर्णयोन्मुख इति न प्रमाणम्। अवग्रहस्तु निर्णयोन्मुख इति प्रामाण्यमस्य।

(२) अर्थावग्रह

व्यञ्जन के द्वारा व्यञ्जन के ग्रहण—अव्यक्त ज्ञान को व्यञ्जनावग्रह कहा जाता है।[1]

व्यञ्जनावग्रह की अपेक्षा कुछ व्यक्त किन्तु जाति, द्रव्य, गुण आदि की कल्पना से रहित जो अर्थ का ग्रहण होता है, उसे अर्थावग्रह कहा जाता है[2], जैसे—यह कुछ है।[3]

११. 'अमुक होना चाहिए' इस प्रकार के प्रत्यय को ईहा कहा जाता है।

यह पदार्थ अमुक है या दूसरा ? यह संशय है, जो अवग्रह और ईहा के बीच में होता है। इसके पश्चात् अन्वय-व्यतिरेक (विधि निषेध) पूर्वक 'अमुक होना चाहिए' इस प्रकार के प्रत्यय को ईहा कहा जाता है, जैसे—यह शब्द होना चाहिए।

१२. 'अमुक ही है' ऐसे निर्णयात्मक ज्ञान को अवाय कहा जाता है, जैसे—यह शब्द ही है।

१. व्यञ्जन के द्वारा व्यञ्जन का अवग्रह, इसमें मध्यमपद का लोप करने पर व्यञ्जनावग्रह शब्द सिद्ध होता है। इसकी स्थिति अन्तर्मुहूर्त की है।

२. अर्थावग्रह की स्थिति एक समय की है।

३. अवग्रह निर्णयोन्मुख है इसलिए प्रमाण है। अनध्यवसाय निर्णयोन्मुख नहीं है, अतः वह प्रमाण नहीं है।

१३. तस्यावस्थितिर्धारणा ।

वासना, संस्कार इत्यस्याः पर्यायः । प्रत्येकमिन्द्रियमन-साऽवग्रहादीनां संयोगात् नयनमनसोर्व्यञ्जनावग्रहाभावाच्च मतिज्ञानमष्टाविंशतिभेदं भवति ।

१४. द्रव्यश्रुतानुसारि परप्रत्यायनक्षमं श्रुतम् ।

द्रव्यश्रुतम्—शब्दसंकेतादिरूपम्, तदनुसारेण परप्रत्या-यनक्षमं ज्ञानं श्रुतमभिधीयते ।

१५. अक्षर-संज्ञि-सम्यक्-सादि-सपर्यवसित-गमिकाङ्गप्रविष्टानि सप्रतिपक्षाणि ।

१६. आत्ममात्रापेक्षं रूपिद्रव्यगोचरमवधिः ।

१७. भवप्रत्ययो देवनारकाणाम् ।

१३. निर्णयात्मक ज्ञान की अवस्थिति को धारणा कहा जाता है।

वासना और संस्कार ये धारणा के पर्यायवाची शब्द हैं। पांच इन्द्रिय और मन के साथ अवग्रह आदि का गुणन करने से (६ × ५ = ३०, चक्षु और मन का व्यञ्जनावग्रह नहीं होता अतः शेष २८) मति ज्ञान २८ प्रकार का होता है।

१४. द्रव्यश्रुत के अनुसार दूसरों को समझाने में समर्थ ज्ञान को श्रुत-ज्ञान कहा जाता है।

द्रव्यश्रुत का अर्थ है—शब्द, संकेत आदि।

१५. श्रुत ज्ञान के चौदह भेद हैं[1]:

१. अक्षरश्रुत	८. अनादिश्रुत
२. अनक्षरश्रुत	९. सपर्यवसितश्रुत
३. संज्ञिश्रुत	१०. अपर्यवसितश्रुत
४. असंज्ञिश्रुत	११. गमिकश्रुत
५. सम्यक्श्रुत	१२. अगमिकश्रुत
६. मिथ्याश्रुत	१३. अङ्गप्रविष्टश्रुत
७. सादिश्रुत	१४. अनङ्गप्रविष्टश्रुत

१६. इन्द्रिय और मन की सहायता के बिना केवल आत्मा के सहारे जो रूपी द्रव्यों का ज्ञान होता है, उसे अवधि ज्ञान कहा जाता है।

१७. देव और नारकों के अवधिज्ञान भवहेतुक होता है।

---

१. देखें परिशिष्ट १।२

१८. क्षयोपशमनिमित्तश्च शेषाणाम्।

१९. अनुगामि-अननुगामि-वर्धमान-हीयमान-प्रतिपाति-अप्रतिपाति-भेदादसौ षोढा।

२०. मनोद्रव्यपर्यायप्रकाशि मनःपर्यायः।

२१. ऋजु-विपुलमती।

साधारणमनोद्रव्यग्राहिणी मतिः ऋजुमतिः[1]। तद्विशेषग्राहिणी मतिः विपुलमतिः[2]।

२२. विशुद्धि-क्षेत्र-स्वामि-विषयभेदादवधेर्भिन्नः।

२३. निखिलद्रव्यपर्यायसाक्षात्कारि केवलम्।

१. घटोऽनेन चिन्तित इत्यध्यवसायनिबन्धनं मनोद्रव्यपरिच्छित्तिरित्यर्थः।

२. घटोऽनेन चिन्तितः स च सौवर्णः पाटलिपुत्रकोऽद्यतनो महान् इत्यध्यवसायहेतुभूता मनोद्रव्यविज्ञप्तिरिति।

१८. मनुष्य और तिर्यञ्चों के अवधिज्ञान क्षयोपशम हेतुक होता है।

१९. अवधिज्ञान छह प्रकार का है[1] :

१. अनुगामी	४. हीयमान
२. अननुगामी	५. प्रतिपाति
३. वर्धमान	६. अप्रतिपाति

२०. मनोवर्गणा के अनुसार जो मानसिक अवस्थाओं का ज्ञान होता है, उसे मनःपर्याय ज्ञान कहते हैं।

२१. मनःपर्याय ज्ञान दो प्रकार का है :

१. ऋजुमति—सामान्यरूपेण मानसिक पुद्गलों को ग्रहण करने वाली मति को ऋजुमति कहा जाता है।
२. विपुलमति— उसके विशेषपर्यायों का बोध करनेवाली मति को विपुलमति कहा जाता है।

२२. विशुद्धि, क्षेत्र, स्वामी और विषय इन चार भेदों के द्वारा अवधि और मनःपर्याय का अन्तर जानना चाहिए।[2]

२३. समस्त द्रव्यों और पर्यायों का जो साक्षात् बोध होना है, उसे केवल ज्ञान कहते हैं।

१. देखें परिशिष्ट १।३
२. देखें परिशिष्ट १।४

२४. मति-श्रुत-विभङ्गा मिथ्यात्वसाहचर्यादज्ञानम् ।

विभङ्गः[1]—अवधिस्थानीयः ।

मिथ्यात्विनां ज्ञानावरणक्षयोपशमजन्योऽपि बोधो मिथ्यात्व-सहचारित्वात् अज्ञानमुच्यते[2] तथा चागमः—

अविसेसिया मई—मइनाणं च मइअन्नाणं च ।

विसेसिया समदिट्ठिस्स मई मइनाणं ।

मिच्छादिट्ठिस्स मई मइअन्नाणं ।

यत्पुनर्ज्ञानाभावरूपं औदयिकमज्ञानं तस्य नात्रोल्लेखः ।

मनःपर्यायकेवलयोस्तु सम्यग्दृष्टिष्वेव भावात्, अज्ञानानि त्रीणि एव ।

२५. सामान्यग्राहित्वाद् दर्शनमनाकारः ।

वस्तुनो विशेषधर्मान् गौणीकृत्य सामान्यानां ग्राहकं दर्शनम्—अनाकार उपयोग इत्युच्यते ।

२६. चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानि ।

---

१. विविधा भङ्गाः सन्ति यस्मिन् इति विभङ्गः ।

२. कुत्सार्थे नञ् समासः । कुत्सितत्वं चात्र मिथ्यादृष्टेः संसर्गात् ।

२४. मति, श्रुत और विभङ्ग ये तीनों मिथ्यात्व-सहचरित होने के कारण अज्ञान कहलाते हैं।

अज्ञान के प्रकरण में अवधि के स्थान में विभङ्ग का उल्लेख किया गया है।

मिथ्यात्वियों का बोध भी ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न होता है, किन्तु मिथ्यात्वसहवर्ती होने के कारण वह अज्ञान कहलाता है। जैसा कि आगम में कहा है —

साधारणतया मति ही मतिज्ञान एवं मतिअज्ञान है। उसके पीछे विशेषण जोड़ देने से उसके दो भेद होते है, जैसे सम्यक्दृष्टि की मति मतिज्ञान और मिथ्यादृष्टि की मति मति-अज्ञान।

जो ज्ञान का अभावरूप औदयिक (ज्ञानावरणीय कर्म के उदय से) अज्ञान होता है, उसका यहां उल्लेख नहीं है।

मनःपर्याय और केवल ज्ञान केवल सम्यग्दृष्टि के ही होता है, अतः अज्ञान तीन ही हैं।

२५. दर्शन सामान्य धर्मों को जानता है अतः उसे अनाकार उपयोग कहा जाता है।

दर्शन वस्तु के विशेष धर्मों को गौणकर सामान्य धर्मों को ग्रहण करता है, अतः वह अनाकार उपयोग कहलाता है।

२६. दर्शन के चार भेद हैं :

१. चक्षु ३. अवधि

२. अचक्षु ४. केवल

चक्षु के सामान्य बोध को चक्षुदर्शन और शेष इन्द्रिय तथा

चक्षुषः सामान्यावबोधः चक्षुर्दर्शनम् ।

शेषेन्द्रियमनसोरचक्षुर्दर्शनम् ।

अवधिकेवलयोश्च अवधिकेवलदर्शने ।

मनःपर्यायस्य मनसःपर्यायविषयत्वेन सामान्यबोधाभावान्न दर्शनम् ।

२७. प्रतिनियतार्थग्रहणमिन्द्रियम् ।

प्रतिनियताः शब्दादिविषया गृह्यन्ते येन तत् प्रतिनियतार्थ-ग्रहणम्—इन्द्रियं भवति ।

२८. स्पर्शन-रसन-घ्राण-चक्षुः-श्रोत्राणि ।

२९. द्रव्यभावभेदानि ।

३०. निर्वृत्त्युपकरणे द्रव्येन्द्रियम् ।

कर्णशष्कुल्यादिरूपा बाह्या, कदम्बकुसुमादिरूपा चाभ्य-न्तरीया पौद्गलिक-आकाररचना— निर्वृत्तीन्द्रियम् ।

तत्र या श्रावणाद्युपकारिणी शक्तिः—तदुपकरणेन्द्रियम् ।

मन के सामान्य बोध को अचक्षु दर्शन कहते हैं।

अवधि और केवल के सामान्य बोध को क्रमशः अवधि दर्शन और केवलदर्शन कहते हैं।

मनःपर्याय से केवल मन की अवस्थाएं जानी जाती हैं और वे अवस्थाएं विशेष होती हैं अतः मनःपर्याय का दर्शन नहीं होता।

२७. जिनके द्वारा अपने-अपने नियत विषय—शब्द आदि का ज्ञान होता है, उसे इन्द्रिय कहते हैं।

२८. इन्द्रिय पांच हैं : (१) स्पर्शन (४) चक्षु
(२) रसन (५) श्रोत्र
(३) घ्राण

२९. प्रत्येक इन्द्रिय के दो-दो भेद होते हैं :
(१) द्रव्य-इन्द्रिय
(२) भाव-इन्द्रिय

३०. द्रव्येन्द्रिय दो प्रकार का होता है :
१. निर्वृत्ति-इन्द्रिय
२. उपकरण-इन्द्रिय

इन्द्रियों की बाह्य एवं आभ्यन्तर आकृतियों को निर्वृत्ति-इन्द्रिय कहते हैं, जैसे—कर्णेन्द्रिय की बाह्य आकृति कर्ण-शष्कुली है और उसकी आन्तरिक आकृति कदम्ब के फूल जैसी होती है।

३१. लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम् ।

ज्ञानावरणादिकर्मक्षयोपशमजन्यः—सामर्थ्यविशेषः—लब्धीन्द्रियम् ।

अर्थग्रहणरूप आत्मव्यापारः—उपयोगेन्द्रियम् ।

मत्यां लब्धौ निर्वृत्त्युपकरणोपयोगाः ।

मत्यां च निर्वृत्तौ उपकरणोपयोगौ ।

मत्युपकरणे उपयोगः ।

३२. स्पर्श-रस-गन्ध-रूप-शब्दास्तद्विषयाः ।

३३. सर्वार्थग्राहि त्रैकालिकं मनः ।

सर्वे, न तु इन्द्रियवत् प्रतिनियता अर्था गृह्यन्ते येन तत् सर्वार्थग्राहि त्रिकालविषयत्वात् त्रैकालिकं मनः । तद् अनिन्द्रि-

निर्वृत्ति-इन्द्रिय में स्वच्छ पुद्गलों से बनी हुई और अपना विषय ग्रहण करने में उपकारक जो पौद्गलिक शक्ति होती है—जिसके द्वारा शब्द आदि विषयों का ग्रहण होता है, उसे उपकरण-इन्द्रिय कहते हैं।

३१. भावेन्द्रिय दो प्रकार का होता है:

१. लब्धि-इन्द्रिय

२. उपयोग-इन्द्रिय

ज्ञानावरण आदि कर्मों के क्षयोपशम से उत्पन्न शक्ति विशेष को लब्धि-इन्द्रिय कहते हैं।

अर्थ को ग्रहण करनेवाले आत्मा के व्यापार को उपयोग-इन्द्रिय कहते हैं।

लब्धि-इन्द्रिय होता है, तब ही निर्वृत्ति, उपकरण और उपयोग-इन्द्रिय होते हैं।

निर्वृत्ति होने पर ही उपकरण और उपयोग इन्द्रिय होते हैं। उपकरण होने पर उपयोग होता है।

३२. पांच इन्द्रियों के क्रमशः पांच विषय (ज्ञेय) हैं:

(१) स्पर्श (४) रूप

(२) रस (५) शब्द

(३) गन्ध

३३. जिसके द्वारा सब विषयों का ग्रहण किया जाता है और जो त्रैकालिक संज्ञान है, उसे मन कहते हैं।

जिसके द्वारा इंद्रियों की भांति प्रतिनियत नहीं, किन्तु सब

यम्—नोइन्द्रियमपि उच्यते।

मनस्त्वेन परिणतानि पुद्‌गलद्रव्याणि द्रव्यमनः, लब्ध्युपयोगरूपं भावमनः।

३४. औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिका भावाः स्वरूपं जीवस्य।

मोहकर्मणो वेद्याभाव उपशमः अन्तर्मुहूर्तावधिकः। तेन निष्पन्नो भाव औपशमिकः।

ज्ञानावरणाद्यष्टानामपि कर्मणां सर्वथा प्रणाशः क्षयः। तेन निर्वृत्तो भावः क्षायिकः।

चतुर्णां घात्यकर्मणां विपाकवेद्याभावः क्षयोपशमः। तेन निर्वृत्तोभावः क्षायोपशमिकः।

उदयप्राप्तक्षयस्योभयत्र समानत्वेऽपि उपशमे प्रदेशतोऽपि नास्ति उदयः, इत्यनयोर्भेदः।

विषयों (शब्द, रूप आदि) का ग्रहण किया जाता है और जो भूत, भविष्य तथा वर्तमान—त्रिकालवर्ती विषयों को जानता है, उसे मन कहा जाता है। अनिन्द्रिय और नोइन्द्रिय उसके पर्यायवाची नाम हैं।

इन्द्रियों की तरह मन भी दो प्रकार का होता है—द्रव्यमन और भावमन। मन रूप में परिणत होने वाले पुद्‌गलों को द्रव्य मन कहते हैं। लब्धि एवं उपयोग रूप मन को भाव-मन कहते हैं।

२४. कर्मों के उपशम, क्षय एवं क्षयोपशम से निष्पन्न होने वाले भाव (अवस्थाएं) जीव के स्वरूप हैं।

मोहकर्म के वेद्याभाव को उपशम कहते हैं। उसकी स्थिति अन्तर्मुहूर्त की है। उससे होनेवाली आत्मा की अवस्था को औपशमिक भाव कहते हैं।

ज्ञानावरण आदि आठ कर्मों के सर्वथा प्रणाश को क्षय कहते हैं। उससे होने वाली आत्मा की अवस्था को क्षायिक भाव कहते हैं।

चार घात्यकर्मों के विपाक वेद्याभाव को क्षयोपशम कहते हैं। उससे होने वाली आत्मा की अवस्था को क्षायोपशमिक भाव कहते हैं।

उदय प्राप्त कर्मों का क्षय उपशम और क्षयोपशम इन दोनों में होता है किन्तु उपशम में प्रदेशोदय नहीं होता और क्षयोपशम में वह होता है, अतएव ये दोनों भिन्न हैं।

३५. औदयिकपारिणामिकावपि ।

उदीरणाकरणेन स्वभावरूपेण वा अष्टानामपि कर्मणामनुभवावस्था उदयः । तेन निर्वृत्तो भाव औदयिकः ।

स्वस्वभावे परिणमनं परिणामः । तेन निर्वृतः स एव वा भावः पारिणामिकः ।

३६. औपशमिकस्य सम्यक्त्वचारित्रे

३७. क्षायिकस्य ज्ञान-दर्शन-सम्यक्त्व-चारित्र-अप्रतिहतवीर्यादयः ।

३८. क्षायोपशमिकस्य ज्ञानाज्ञान-दर्शन-दृष्टि-चारित्र-संयमासंयम-वीर्यादयः ॥

३९. औदयिकस्य अज्ञान-निद्रा-सुखदुःख-आश्रव-वेद-आयुर्गति-जाति-शरीर-लेश्या-गोत्र-प्रतिहतवीर्यत्व-छद्मस्थ-असिद्धत्वादयः ॥

३५. कर्मों के उदय एवं परिणाम से निष्पन्न होने वाले भाव भी जीव के स्वरूप हैं।

उदीरणाकरण के द्वारा अथवा स्वाभाविक रूप से आठों कर्मों का जो अनुभव होता है, उसे उदय कहते हैं। उससे होने वाली आत्मा की अवस्था को औदयिक भाव कहते हैं।

अपने-अपने स्वभाव में परिणत होने को परिणाम कहते हैं। उससे होने वाली अवस्था को अथवा परिणाम को ही पारिणामिक भाव कहते हैं।

३६. औपशमिक भाव दो प्रकार का होता है :

१. औपशमिक सम्यक्त्व
२. औपशमिक चारित्र

३७. क्षायिक भाव के निम्न प्रकार हैं :

केवलज्ञान, केवलदर्शन, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, अप्रतिहतशक्ति आदि।

३८. क्षायोपशमिक भाव के निम्न प्रकार हैं :

ज्ञान, अज्ञान, दर्शन, दृष्टि, चारित्र, संयमासंयम, शक्ति आदि।

३९. औदयिकभाव के निम्न प्रकार हैं :

अज्ञान (ज्ञानाभाव), निद्रा, सुख-दुःख, आश्रव, वेद, आयु, गति, जाति, शरीर, लेश्या, गोत्र, प्रतिहतशक्ति, छद्मस्थता, असिद्धत्व आदि।

४०. पारिणामिकस्य जीवत्व-भव्यत्व-अभव्यत्वादयः ॥

इतिजीवस्वरूपनिर्णयः

४०. पारिणामिक भाव के निम्न प्रकार हैं :
जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व आदि ।

इतिजीवस्वरूपनिर्णय

तृतीयः प्रकाशः

१. जीवा द्विधा ॥

२. संसारिणः सिद्धाश्च ॥

संसरन्ति भवान्तरमिति संसारिणः, तदपरे सिद्धाः ।

३. संसारिणस्त्रसस्थावराः ॥

हिताहितप्रवृत्तिनिवृत्त्यर्थं गमनशीलास्त्रसाः, तदितरे स्थावराः ।

४. पृथिवी-अप्-तेजो-वायु-वनस्पतिकायिका एकेन्द्रियाः स्थावराः ।

पृथिवी कायो येषां ते पृथ्वीकायिका इत्यादि । एते च एकस्य स्पर्शनेन्द्रियस्य सद्भावादेकेन्द्रियाः स्थावरसंज्ञां लभन्ते ।

पञ्चसु अपि स्थावरेषु सूक्ष्माः सर्वलोके, बादराश्च लोकैकदेशे ।

तृतीय प्रकाश

१. जीव दो प्रकार के हैं।

२. संसारी और सिद्ध।

जन्म-मरण परम्परा में घूमनेवाले जीव संसारी और उससे निवृत्त जीव सिद्ध कहलाते हैं।

३. संसारी जीव दो प्रकार के हैं—त्रस और स्थावर।

हित की प्रवृत्ति एवं अहित की निवृत्ति के निमित्त गमन करने वाले जीव त्रस और शेष सब स्थावर कहलाते हैं।

४. एकेन्द्रिय जीव—पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक—स्थावर होते हैं।

जिनका शरीर पृथ्वी है, वे पृथ्वीकायिक हैं। इसी प्रकार अप्कायिक आदि में जानना चाहिए। इनमें एक स्पर्शन-इन्द्रिय होता है, अतः ये एकेन्द्रिय है और ये स्थावर कहलाते हैं।

उन पाँचों स्थावरों में सूक्ष्म स्थावर समूचे लोक में हैं और

सर्वेऽपि प्रत्येकशरीरिण:, वनस्पतिस्तु साधारण-शरीरोऽपि।

५. द्वीन्द्रियादयस्त्रसा: ।।

कृमिपिपीलिकाभ्रमरमनुष्यादीनां क्रमेण एकैकेन्द्रियवृद्धया द्वीन्द्रियादय: त्रसा ज्ञेया: ।

क्वचित् तेजोवायू अपि ।

पृथिव्यादिषु प्रत्येकमसंख्येया जीवा: । वनस्पतिषु संख्येयाऽसंख्येयाऽनन्ता: । द्वीन्द्रियादिषु पुनरसंख्येया: ।

आप्तवचनादेषां जीवत्वम्, तथा चागम: —

[1]"पुढविकाइयाणं भन्ते ! किं ! सागारोवउत्ता अणागारोवउत्ता । गोयमा ! सागारोवउत्तावि अणागारोवउत्तावि ।"

६. समनस्काऽमनस्काश्च ।।

समनस्का :—दीर्घकालिकविचारणात्मिकया संज्ञया युक्ता: संज्ञिन इति ।

१. पन्नवणा २९ उपयोग पद ।

बादर (स्थूल) लोक के थोड़े भाग में हैं।

ये सब प्रत्येकशरीरवाले (एक शरीर में एक जीववाले) हैं। वनस्पति जीव साधारण शरीरवाले (एक शरीर में अनन्त जीववाले) भी होते हैं।

५. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय जीव त्रस हैं।

कृमि, चींटी, भौंरा, मनुष्य आदि में क्रमशः एक-एक इन्द्रिय की वृद्धि होती है और ये सब त्रस कहलाते हैं। त्रस दो प्रकार के होते हैं—लब्धि-त्रस और गति-त्रस। लब्धि-त्रस की परिभाषा सूत्र ३ की वृत्ति में बतलाई जा चुकी है। अग्नि और वायु में गति है पर वह सुख की प्राप्ति एवं दुःख की निवृत्ति के लिए नहीं होती इसलिए इनको गति-त्रस कहते हैं।

पृथ्वी, पानी, अग्नि और वायु इनमें से प्रत्येक में असंख्य जीव हैं। वनस्पति में संख्यात, असंख्यात और अनन्त जीव हैं। द्वीन्द्रिय से पञ्चेन्द्रिय तक प्रत्येक में असंख्य जीव हैं।

सिद्धान्तानुसार इनकी सजीवता प्रमाणित है ही, जैसे—"भगवान्! क्या पृथ्वीकाय के जीव साकार-उपयोग सहित हैं या अनाकार-उपयोग सहित?

गौतम! साकार उपयोग सहित भी हैं और अनाकार उपयोग सहित भी।"

६. जीव के दो भेद और भी हैं—समनस्क और अमनस्क।

जिनमें भूत, भविष्य एवं वर्तमान काल सम्बन्धी विचार-विमर्श करनेवाली संज्ञा होती है, उन्हें समनस्क या संज्ञी कहते हैं और जिन जीवों में उपर्युक्त दीर्घकालिक संज्ञा नहीं होती,

असंज्ञिनः अमनस्काः ।

७. नारकदेवा गर्भजतिर्यङ्मनुष्याश्च समनस्काः ।।

८. अन्येऽमनस्काः ।।

संमूर्च्छजास्तिर्यञ्चो मनुष्याश्चामनस्का भवन्ति ।

९. पर्याप्ताऽपर्याप्तादयोऽपि ।।

जीवाः पर्याप्ता अपर्याप्ताश्च । आदिशब्दात् सूक्ष्मबादर-सम्यग्दृष्टिमिथ्यादृष्टि - संयताऽसंयत - प्रमत्ताऽप्रमत्त - सराग-वीतराग-छद्मस्थकेवलि-सयोग्ययोगि-वेदत्रय-गतिचतुष्टय-जाति-पञ्चक-कायषट्क-जीवस्थानचतुर्दशक-जीवभेदचतुर्दशक-दण्डक-चतुर्विंशतिप्रभृतयो भूयांसो भेदा जीवतत्त्वस्य भावनीयाः ।

१०. भवारम्भे पौद्गलिकसामर्थ्यनिर्माणं पर्याप्तिः ।।

११. आहार-शरीर-इन्द्रिय-उच्छ्वासनिःश्वास-भाषा-मनांसि ।।

आहारप्रायोग्य-पुद्गल-ग्रहण-परिणमनोत्सर्गरूपं पौद्गलिक-सामर्थ्योत्पादनम्—आहारपर्याप्तिः

एवं शरीरादिपर्याप्तयोऽपि भावनीयाः ।

षण्णामपि प्रारंभः उत्पत्तिसमये, पूर्तिस्तु आहारपर्याप्तेरेक-समयेन, शेषाणां च क्रमेण एकैकेनाऽन्तर्मुहूर्त्तेन ।

उन्हें अमनस्क या असंज्ञी कहते हैं।

७. नारक, देवता, गर्भोत्पन्न तिर्यञ्च और गर्भोत्पन्न मनुष्य, ये सब समनस्क होते हैं।

८. इनके अतिरिक्त संमूर्च्छिम तिर्यञ्च और संमूर्च्छिम मनुष्य अमनस्क होते हैं।

९. जीव के पर्याप्त, अपर्याप्त आदि अनेक भेद होते हैं।

जीव दो प्रकार के होते हैं—पर्याप्त और अपर्याप्त। इसी प्रकार सूक्ष्म-बादर, सम्यक्दृष्टि—मिथ्यादृष्टि, संयत-असंयत, प्रमत्त-अप्रमत्त, सराग-वीतराग, छद्मस्थ-केवली, सयोगी-अयोगी, तीन वेद, चारगति, पाँच जाति, छह काय, चौदह जीव-स्थान, जीव के चौदह भेद, चौबीस दण्डक आदि जीव-तत्त्व के अनेक भेद होते हैं।

१०. जन्म के प्रारम्भ में जो पौद्गलिक शक्ति का निर्माण होता है, उसे पर्याप्ति कहते हैं।

११. पर्याप्तियां छह हैं—आहारपर्याप्ति, शरीरपर्याप्ति, इन्द्रिय-पर्याप्ति, उच्छ्वास-निःश्वास पर्याप्ति, भाषा पर्याप्ति और मनः पर्याप्ति।

आहार के योग्य पुद्गलों का ग्रहण, परिणमन और उत्सर्ग करने वाले पौद्गलिक शक्ति के निर्माण को आहार पर्याप्ति कहते हैं। इसी प्रकार शरीर, इन्द्रिय, उच्छ्वास-निःश्वास, भाषा

यत्र भवे येन यावत्यः पर्याप्तयः करणीयाः, तावतीष्व-समाप्तासु सोऽपर्याप्तः, समाप्तासु च पर्याप्त इति ।

१२. तदपेक्षिणी जीवनशक्तिः प्राणाः ।

१३. इन्द्रियबलोच्छ्वासनिःश्वासाऽऽयूंषि ।

पंच इन्द्रियाणि, मनोवाक्कायरूपं बलत्रयम्, उच्छ्वास-निःश्वास-आयुश्चेति दशविधाः प्राणाः ।

१४. गर्भोपपात संमूर्च्छनानि जन्म ।

जन्म, उत्पत्तिः, भव इति पर्यायाः ।

और मन के योग्य पुद्गलों का ग्रहण, परिणमन और उत्सर्ग करने वाली पौद्गलिक शक्तियों के निर्माण को क्रमशः शरीर पर्याप्ति, इन्द्रिय पर्याप्ति, उच्छ्वास-निःश्वास पर्याप्ति, भाषा पर्याप्ति और मनः पर्याप्ति कहते हैं। इन छहों का निर्माण जन्म के समय एक साथ ही शुरू होता है और पूर्ण होने में आहार-पर्याप्ति को एक समय तथा शेष सबको क्रमशः एक-एक अन्तर्मुहूर्त्त लगता है। जिस जन्म में जिसे जितनी पर्याप्तियां करनी होती हैं, वह जीव उनको समाप्त न करने तक अपर्याप्त और समाप्त करने पर पर्याप्त कहलाता है।

१२. पर्याप्ति की अपेक्षा रखने वाली जीवनशक्ति को प्राण कहते हैं।

१३ प्राण दस हैं :

१. स्पर्शन-इन्द्रिय-प्राण।	६. मनो-बल।
२. रसन-इन्द्रिय-प्राण।	७. वचन-बल।
३. घ्राण-इन्द्रिय-प्राण।	८. काय-बल
४. चक्षु-इन्द्रिय-प्राण।	९. उच्छ्वास-निःश्वास-प्राण।
५. श्रोत्र-इन्द्रिय-प्राण।	१०. आयुष्य-प्राण।

१४. जन्म तीन प्रकार के होते हैं—गर्भ, उपपात और संमूर्च्छन। जन्म, उत्पत्ति और भव ये तीनों एकार्थवाची शब्द हैं।

१५. [1]जरायुवण्डपोतजानां गर्भः ।

जरायुजाः—नृ-गवाद्याः ।

अण्डजाः—पक्षि-सर्पाद्याः ।

पोतजाः[2]—कुञ्जर-शशकादयः ।

१६. देवनारकाणामुपपातः ॥

१७. शेषाणां संमूर्च्छनम् ॥

१८. [3]सचित्ताऽचित्त[4]-शीतोष्ण[5]-संवृत[6]-विवृतास्तन्मिश्राश्चयोनयः ।

योनि :—उत्पत्तिस्थानम् ; तन्मिश्राः—सचित्ताचित्ताः, शीतोष्णाः, संवृतविवृताः ।

१. यज्जालवत् प्राणिपरिवरणं विततमांसशोणितं तज्जरायुः, तत्रजाता जरायुजाः ।
२. पोता एव जाता इति पोतजाः शुद्धप्रसवाः न जराय्वादिना वेष्टिता इति यावत् ।
३. जीवत् शरीरम् ।
४. शीतस्पर्शवत् ।
५. दिव्यशय्यादिवत् ।
६. जलाशयादिवत् ।

१५. जरायुज, अण्डज और पोतज ये गर्भ से उत्पन्न होते हैं।

जन्म के समय जो एक प्रकार की झिल्ली से वेष्टित होते हैं, उनको जरायुज कहते हैं। वे हैं मनुष्य, गाय आदि।

अण्डों से उत्पन्न होनेवाले पक्षी एवं सांप आदि अण्डज कहलाते हैं।

खुले अंग उत्पन्न होनेवाले हाथी, खरगोश, चूहा आदि पोतज कहलाते हैं।

१६. देव और नारकों के जन्म (शय्या एवं कुम्भी में उत्पन्न होने) को उपपात कहते हैं।

१७. शेष जीवों के जन्म को संमूर्च्छन[1] कहते हैं।

१८. जीवों की नौ योनियां (उत्पत्ति-स्थान) हैं[2] :

सचित्त, अचित्त, सचित्त-अचित्त।

शीत, उष्ण, शीतोष्ण।

संवृत, विवृत, संवृत-विवृत।

१. जो जन्म न तो देव और नारकों की तरह नियत स्थान में ही होता है और न जिसमें गर्भधारण की आवश्यकता होती है, उसे संमूर्च्छन कहते हैं।

२. देखें परिशिष्ट १।५

१९. अनुपयोगलक्षणःअजीवः ।

यस्मिन् साकाराऽनाकारलक्षण उपयोगो नास्ति स अजीवः, अचेतन इति ।

२०. धर्माधर्माकाशकालपुद्गलास्तद्भेदाः ॥

एतेषां लक्षणानि प्राङ्निरूपितानि ।

इति जीवाजीवभेदनिर्णयः ।

१९. जिसका लक्षण अनुपयोग होता है, उसे अजीव कहते हैं।

जिसमें साकार और अनाकार दोनों प्रकार का उपयोग (चेतना-व्यापार) नहीं होता उसे अजीव या अचेतन कहते हैं।

२०. अजीव के पांच भेद हैं—धर्म, अधर्म, आकाश, काल और पुद्गल। इनके लक्षण पहले प्रकाश में बताये जा चुके हैं।

इति जीव-अजीव-भेद-निर्णय।

चतुर्थः प्रकाशः

१. आत्मप्रवृत्त्याकृष्टास्तत्प्रायोग्यपुद्गलाः कर्म ।

आत्मनः प्रवृत्त्या आकृष्टाः, कर्म प्रायोग्याः— चतुःस्पर्शिनः अनन्तप्रदेशिपुद्गलस्कन्धाः कर्मसंज्ञामश्नुवते ।

लोके प्रवृत्तिरपि कर्मशब्देन व्यपदिश्यते ।

२. ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुष्कनामगोत्रान्तरायभेदा-दष्टधा ।

ज्ञानदर्शनयोरावरणम्— ज्ञानावरणं दर्शनावरणं च ।

सुखदुःखहेतु— वेदनीयम् ।

दर्शनचारित्रयोर्विकारापादनाद् मोहयति आत्मानमिति मोहनीयम् ।

एति भवस्थितिं जीवो येन इति आयुः ।

चतुर्गतिषु नानापर्यायप्राप्तिहेतु— नाम ।

उच्चनीचभेदं गच्छति येनेति गोत्रम् ।

शक्तिप्रतिघातकं—अन्तरायः ।

चतुर्थ प्रकाश

१. आत्मा की प्रवृत्ति के द्वारा आकृष्ट एवं कर्मरूप में परिणत होने योग्य पुद्गलों को कर्म कहते हैं।

वे कर्म-पुद्गल चतुःस्पर्शी एवं अनन्त-प्रदेशी होते हैं। व्यवहार में प्रवृत्ति का भी कर्म शब्द के द्वारा व्यपदेश किया जाता है।

२. कर्म के आठ प्रकार हैं :

१. ज्ञानावरण।	५. आयुष्य।
२. दर्शनावरण।	६. नाम।
३. वेदनीय।	७. गोत्र।
४. मोहनीय।	८. अन्तराय।

ज्ञान को आवृत करने वाले कर्म को ज्ञानावरण और दर्शन को आवृत करने वाले कर्म को दर्शनावरण कहते हैं।

जो सुख-दुःख का हेतु होता है, उसे वेदनीय कर्म कहते हैं।

दर्शन और चारित्र को विकृत कर आत्मा को व्यामूढ़ बनाने वाला कर्म मोहनीय है।

३. बन्ध–उद्वर्तना–अपवर्तना–सत्ता-उदय-उदीरणा-संक्रमण-उपशम-निधत्ति-निकाचनास्तदवस्था· ।

एतासु अष्टौ करणशब्दवाच्याः । यदाह—

बंधण संकमणुव्वट्टणा, अववट्टणा उदीरणया ।
उवसामणा निहत्ति निकायणा चत्ति करणाइं ॥

बन्धोऽनन्तरं वक्ष्यते ।

कर्मणां स्थित्यनुभागवृद्धिः—उद्वर्तना ।

स्थित्यनुभागहानिः—अपवर्तना ।

अबाधाकालो विद्यमानता च—सत्ता ।

उदयोद्विविधः ।

यत्र फलानुभवः स विपाकोदयः । केवलं प्रदेशवेदनम्—प्रदेशोदयः ।

नियतकालात् प्राक् उदयः—उदीरणा, इयं चापवर्तनापेक्षिणी ।

जिसके द्वारा जीव भवस्थिति को प्राप्त होता है—जीवित रहता है, उसे आयुष्य कर्म कहते हैं।

जो चारों गतियों में भाँति-भाँति की अवस्थाओं को प्राप्त करने का हेतु बनता है, उसे नाम कर्म कहते हैं।

जिसके द्वारा जीव ऊंच या नीच बनता है, उसे गोत्र कर्म कहते हैं।

आत्मशक्ति का प्रतिघात करने वाले कर्म को अन्तराय कहते हैं।

३. कर्मों की दस अवस्थाएं होती हैं—बंध, उद्वर्तना, अपवर्तना, सत्ता, उदय, उदीरणा, संक्रमण, उपशम, निधत्ति और निकाचना।

कर्म की आठ अवस्थाओं को करण कहते हैं, जैसे कि कहा है—"बन्धन, संक्रमण, उद्वर्तन, अपवर्तन, उदीरणा, उपशम, निधत्ति और निकाचना—ये आठ करण हैं।"

कर्मों की स्थिति और अनुभाग में वृद्धि होती है, उसे उद्वर्तना कहते हैं।

स्थिति और अनुभाग की हानि होती है, उसे अपवर्तना कहते हैं।

अबाधाकाल[1] और विद्यमानता को सत्ता कहते हैं।

उदय दो प्रकार का है—जिसके फल का अनुभव होता है, वह विपाकोदय और जिसका केवल आत्म-प्रदेशों में ही अनुभव होता है, वह प्रदेशोदय कहलाता है।

---

१. कर्म-बन्ध के बाद जितने समय तक वह उदय में नहीं आता, उस काल को अबाधाकाल कहते हैं।

सजातीयप्रकृतीनां मिथः परिवर्तनम्—संक्रमणा[1]।
उदयोदीरणानिधत्तिनिकाचनाऽयोग्यत्वम्—उपशमः।
उद्वर्तनापवर्तनं विहाय शेषकरणायोग्यत्वम्—निधत्तिः।
समस्तकरणायोग्यत्वम्—निकाचना।

४. कर्मपुद्गलादानं बन्धः।

जीवस्य कर्मपुद्गलानामादानम्—क्षीरनीरवत् परस्परा-श्लेषः—बन्धोऽभिधीयते। स च प्रवाहरूपेण अनादिः, इतरेतर-कर्मसम्बन्धरूपेण सादिः।

अमूर्त्तस्यापि आत्मनः अनादिकर्मपुद्गलसम्बन्धवत्त्वेन कथंचिद् मूर्त्तत्वस्वीकारात् कर्मपुद्गलानां सम्बन्धो नासंभवी।

१. यथा—अध्यवसायविशेषेण सातवेदनीयम् असातवेदनीयरूपेण; असातवेदनीयं च सातवेदनीयरूपेण परिणमति।

आयुषः प्रकृतीनां दर्शनमोहचारित्रमोहयोश्च मिथः संक्रमणा न भवति।

निश्चित समय से पहले कर्मों का उदय होता है, उसे उदीरणा कहते हैं। उसमें अपवर्तना की अपेक्षा रहती है।

सजातीय प्रकृतियों का आपस में परिवर्तन होता है, उसे संक्रमण[1] कहते हैं।

मोहकर्म को उदय, उदीरणा, निधत्ति एवं निकाचना के अयोग्य करने को उपशम कहते हैं।

उद्वर्तना एवं अपवर्तना के सिवाय शेष छह करणों के अयोग्य अवस्था को निधत्ति कहते हैं।

सब करणों के अयोग्य अवस्था को निकाचना कहते हैं।

४. कर्मपुद्गलों के ग्रहण को बन्ध कहा जाता है।

जीव के द्वारा कर्मपुद्गलों का ग्रहण — क्षीर-नीर की भांति परस्पर आश्लेष होता है उसे बन्ध कहा जाता है।

वह प्रवाहरूप से अनादि और जो भिन्न-भिन्न कर्म बंधते रहते हैं, उनकी अपेक्षा सादि है।

प्रश्न—अमूर्त (निराकार) आत्मा के साथ मूर्त कर्म-पुद्गलों का सम्बन्ध कैसे हो सकता है?

उत्तर—अनादि काल से ही कर्म-आवृत संसारी आत्माएं कथंचित् मूर्त मानी जाती हैं अतः उनके साथ कर्म-पुद्गलों का सम्बन्ध होना असम्भव नहीं है।

१. आयुष्यकर्म की प्रकृतियां तथा दर्शनमोह और चारित्रमोह का आपस में संक्रमण नहीं होता।

५. प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशास्तद्भेदाः ।

६. सामान्योपात्तकर्मणां स्वभावः प्रकृतिः ।

सामान्येन गृहीतेषु कर्मसु एतज्ज्ञानस्य आवारकम्, एतच्च दर्शनस्य इत्यादिरूपः स्वभावः प्रकृतिः ।

ज्ञानावरणाद्यष्टौमूलप्रकृतयः। तासामुत्तरप्रकृतयः यथा—ज्ञानावरणस्य पञ्च, दर्शनावरणस्य नव, वेदनीयस्य द्वे, मोहनीयस्य दर्शनचारित्रभेदादष्टाविंशतिः, आयुषश्चतस्रः, नाम्नो द्विचत्वारिंशत्, गोत्रस्य द्वे, अन्तरायस्य च पंच। सर्वामिलिताः सप्तनवतिः ।

७. कालावधारणं स्थितिः ।

यथा ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयान्तरायाणां त्रिंशत्कोटिकोटिसागरोपमाणि परास्थितिः । मोहनीयस्य[1] सप्ततिः । नामगोत्रयोर्विंशतिः । त्रयस्त्रिंशत् सागरोपमाणि आयुषः ।

अपरा—द्वादशमुहूर्त्ता[2] वेदनीयस्य । नामगोत्रयोरष्टौ । शेषाणां चान्तर्मुहूर्त्तम् ।

१. दर्शनमोहनीयापेक्षया चारित्रमोहनीयस्य तु चत्वारिंशत् कोटिकोटिसागरोपमाणि स्थितिः ।

२. संपरायसातवेदनीयमाश्रित्य ।

५. बन्ध चार प्रकार का होता है—प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश।

६. सामान्य रूप से ग्रहण किये हुए कर्म पुद्‌गलों का जो स्वभाव होता है उसे प्रकृतिबन्ध कहते हैं।

जैसे—ज्ञान को रोकना ज्ञानावरण कर्म का स्वभाव है और दर्शन को रोकना दर्शनावरण कर्म का स्वभाव है।

मूल प्रकृतियां आठ हैं—ज्ञानावरण, दर्शनावरण आदि[1]। उनकी उत्तर प्रकृतियों के भेद निम्न प्रकार हैं—ज्ञानावरण के पांच, दर्शनावरण के नौ, वेदनीय के दो, मोहनीय में दर्शन-मोहनीय के तीन और चारित्र मोहनीय के पचीस—इस प्रकार अट्ठाईस, आयुष्य के चार, नाम के बयालीस, गोत्र के दो और अन्तराय के पांच। इन सबको मिलाने से सत्तानवें प्रकृतियां होती हैं।[2]

७. कर्मों की आत्मा के साथ सम्बद्ध रहने की अवधि को स्थिति-बन्ध कहते हैं।

ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय इन चारों की उत्कृष्ट स्थिति तीस कोड़ाकोड़ सागर, मोहनीय की सत्तर कोड़ाकोड़ सागर, नाम और गोत्र की बीस कोड़ाकोड़ सागर तथा आयुष्य की तेंतीस सागर की होती है।

वेदनीय की जघन्य स्थिति बारह मुहूर्त (सम्पराय सात

१. देखें ४।२
२. देखें परिशिष्ट १।६

एकसागरकोटिकोटिस्थितिमनु वर्षशतं अबाधाकालः।[1]

८. विपाकोऽनुभागः।

रसोऽनुभागोऽनुभावः फलम्—एते एकार्थाः। स च द्विधा-तीव्राध्यवसायनिमित्तस्तीव्रः, मन्दाध्यवसायनिमित्तश्च मन्दः।

कर्मणां जडत्वेऽपि पथ्यापथ्याहारवत् ततो जीवानां तथा-विधफलप्राप्तिरविरुद्धा। नैतदर्थमीश्वरः कल्पनीयः।

९. दलसंचयः प्रदेशः।

दलसंचयः—कर्मपुद्गलानामियत्तावधारणम्।

१०. शुभं कर्म पुण्यम्।

शुभं कर्म सातवेदनीयादि पुण्यमभिधीयते।

११. अशुभं कर्म पापम्।

अशुभं कर्म ज्ञानावरणादि पापमुच्यते।

---

१. आयुषोऽपवादः।

वेदनीय की अपेक्षा से) नाम और गोत्र की आठ मुहूर्त और शेष सब कर्मों की अन्तर्मुहूर्त्त की होती है।

एक कोड़ाकोड़ सागर की स्थिति के पीछे सौ वर्ष का अबाधा-काल होता है अर्थात् सौ वर्ष तक वह कर्म उदय में[1] नहीं आता।

८. कर्मों के विपाक को अनुभाग बन्ध कहते हैं।

रस, अनुभाग, अनुभाव और फल—ये सब एकार्थवाची शब्द हैं। विपाक दो प्रकार का होता है—तीव्र परिणामों से बंधे हुए कर्म का विपाक तीव्र और मन्द परिणामों से बंधे हुए कर्म का विपाक मन्द होता है।

यद्यपि कर्म जड़ हैं तो भी पथ्य एवं अपथ्य आहार की तरह उनसे जीवों को अपनी क्रियाओं के अनुसार फल की प्राप्ति हो जाती है। कर्म-फल भुगताने के लिए ईश्वर की कल्पना करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

९. कर्मों के दल-संचय को प्रदेशबन्ध कहते हैं।

१०. शुभ कर्म को पुण्य कहते हैं।

सात वेदनीय आदि शुभकर्मों को पुण्य कहा जाता है।

११. अशुभ कर्म को पाप कहते हैं।

ज्ञानावरण आदि अशुभ कर्मों को पाप कहा जाता है।

१. यह नियम आयुष्य कर्म पर लागू नहीं होता।

१२. द्रव्यभावभेदादेते बन्धाद्भिन्ने ।

द्रव्यं तत्क्रियाविरहितम्, भावश्च तत्क्रियापरिणतः ।

अनुदयमानाः सदसत्कर्मपुद्गला बन्धः—द्रव्यपुण्यपापे, तत्फलानर्हत्वात् । उदयमानाश्च ते क्रमशो भावपुण्यपापे, तत्फलार्हत्वाद्—इत्यनयोर्बन्धाद् भेदः ।

१३. कर्माकर्षणहेतुरात्मपरिणाम आश्रवः ।

आश्रवन्ति—प्रविशन्ति कर्माणि आत्मनि येन परिणामेन स आश्रवः—कर्मबन्धहेतुरिति भावः ।

'आश्रवद्वाराणि' इत्यपि प्रयोगो लभ्यते । तत्र आश्रवणम्—आश्रवः, कर्मप्रवेश इति भावः । तस्य द्वाराणि—उपायाः आश्रवद्वाराणि—कर्मबन्धहेतूनि इति ।

१४. मिथ्यात्वमविरतिः प्रमादः कषायो योगश्च ।

मिथ्यात्वं प्रथमतृतीयजीवस्थाने । आपञ्चममविरतिः । आषष्ठं प्रमादः । दशमान्तः कषायः । आषष्ठमशुभयोगः । शुभयोगश्चात्रयोदशम् ।

१२. द्रव्य और भाव का भेद होने के कारण पुण्य-पाप बन्ध से भिन्न होते हैं।

जिस वस्तु की जो क्रिया होनी चाहिए, वह उसमें न मिले, उसे यहां द्रव्य और जो अपनी क्रिया करता है, उसे भाव कहा गया है।

उदय में न आए हुए सत् एवं असत् कर्म पुद्गलों का नाम बन्ध है। इससे शुभाशुभ फल नहीं मिलता अतः इसको द्रव्य पुण्य-पाप कहते हैं। उदीयमान शुभ एवं अशुभ कर्म पुद्गलों का नाम पुण्य एवं पाप है। इनके द्वारा शुभ एवं अशुभ फल मिलता है, अतः ये भाव पुण्य पाप कहलाते हैं। बंध तथा पुण्य-पाप में यही अन्तर है।

१३. कर्म-आकर्षण के हेतुभूत आत्म-परिणाम को आश्रव कहते हैं।

जिस परिणाम से आत्मा में कर्मों का आश्रवण—प्रवेश होता है उसे आश्रव—कर्म-बन्ध का हेतु कहा जाता है।

'आश्रवद्वार' शब्द का प्रयोग भी मिलता है। वहां आश्रव का अर्थ आश्रवण—कर्म-प्रवेश है। उसके उपाय को 'आश्रव-द्वार' कर्म-बन्ध का हेतु कहा जाता है।

१४. आश्रव पांच हैं—मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग।

मिथ्यात्व आश्रव पहले और तीसरे जीवस्थान में होता है। अविरति आश्रव पांचवें जीवस्थान तक होता है। प्रमाद आश्रव छठे जीवस्थान तक होता है। कषाय आश्रव दशवें जीवस्थान

१५. अतत्त्वे तत्त्वश्रद्धा मिथ्यात्वम् ।

दर्शनमोहोदयात् अतत्त्वे तत्त्वप्रतीतिः मिथ्यात्वं गीयते ।

१६. आभिग्रहिकमनाभिग्रहिकं च ।

आभिग्रहिकम्—अभिनिवेशात्मकम् ।

अनाभिग्रहिकम्—अनाभोगादिरूपम्[1] ।

१७. अप्रत्याख्यानमविरतिः ।

अप्रत्याख्यानादिमोहोदयात् आत्मनः आरम्भादेरपरित्याग-रूपोऽध्यवसायः—अविरतिरुच्यते ।

१८. अनुत्साहः प्रमादः ।

अरत्यादिमोहोदयात् अध्यात्मं प्रति अनुत्साहः—प्रमादोऽभिधीयते ।

१९. रागद्वेषात्मकोत्तापः कषायः ।

१. अज्ञानाद्यवस्यम् ।

तक होता ; अशुभयोग आश्रव छठे जीवस्थान तक तथा शुभयोग आश्रव तेरहवें जीवस्थान तक होता है।

१५. अतत्त्व में होने वाले तत्त्वश्रद्धान को मिथ्यात्व कहते हैं।

दर्शनमोह के उदय से अतत्त्व (अयथार्थ) में तत्त्व (यथार्थ) की प्रतीति होती है, वही मिथ्यात्व है।

१६. मिथ्यात्व के दो भेद हैं—आभिग्रहिक और अनाभिग्रहिक।

अभिनिवेशात्मक मिथ्यात्व को आभिग्रहिक और अज्ञानादिपूर्वक मिथ्यात्व को अनाभिग्रहिक कहते हैं।

१७. अत्यागवृत्ति को अविरति कहते हैं।

अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान मोह के उदय से आत्मा का हिंसा आदि में अत्यागरूप अध्यवसाय होता है, उसे अविरति कहते हैं।

१८. अनुत्साह को प्रमाद कहते हैं।

अरति आदि मोह के उदय से अध्यात्म (स्वभाव) के प्रति जो अनुत्साह होता है, उसका नाम प्रमाद है।

१९. राग-द्वेषात्मक उत्ताप को कषाय कहते हैं।

२०. क्रोधमानमायालोभात्मा।

२१. प्रत्येकमनन्तानुबन्धि–अप्रत्याख्यान–प्रत्याख्यान–संज्वलनभेदा–च्चतुर्धा।

एते क्रमेण सम्यक्त्व-देशविरति-सर्वविरति-यथाख्यात-चारित्रपरिपन्थिनः।

पर्वत-भूमि-रेणु-जलराजिस्वभावः क्रोधः।

शैल-अस्थि-दारु-लतास्तम्भस्वरूपो मानः।

वंशमूल-मेषविषाण - गोमूत्रिका-उल्लिख्यमानवंशच्छलिल-सदृशी माया।

कृमिराग-कर्दम-खञ्जन-हरिद्रारागसन्निभो लोभः।

२२. काय-वाङ्-मनो-व्यापारो योगः।

वीर्यान्तराय-क्षय-क्षयोपशम-शरीरनामकर्मोदयजन्यः काय-भाषामनोवर्गणापेक्षः कायवाङ्मनःप्रवृत्तिरूपः—आत्मपरिणामः योगोऽभिधीयते।

१. सजातीयपुद्गलसमूहो वर्गणा।

२०. कषाय चार प्रकार का होता है—क्रोध, मान, माया और लोभ।

२१. इनमें से प्रत्येक के अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान और संज्वलन—ये चार-चार भेद होते हैं।

ये अनन्तानुबन्धी आदि चारों क्रमशः सम्यक्त्व, देश-विरति (श्रावकपन), सर्वविरति (साधुपन) और यथाख्यात चारित्र (वीतरागता) के बाधक होते हैं।

इनके उदाहरण इस प्रकार हैं—चार प्रकार का क्रोध क्रमशः पत्थर, भूमि, बालू और जल की रेखा के समान होता है।

चार प्रकार का अभिमान क्रमशः पत्थर, अस्थि, काष्ठ, और लता-स्तम्भ के समान होता है।

चार प्रकार की माया क्रमशः बांस की जड़, मेंढे का सींग, चलते हुए बैल के मूत्र की धारा और छिलते हुए बांस की छाल के समान होती है।

चार प्रकार का लोभ क्रमशः कृमिरेशम, कीचड़, गाड़ी के खञ्जन और हल्दी के रंग के समान होता है।

२२. शरीर, वचन एवं मन के व्यापार को योग कहते हैं।

वीर्यान्तराय कर्म के क्षय-क्षयोपशम से तथा शरीर नाम-कर्म के उदय से निष्पन्न और शरीर, भाषा एवं मन की वर्गणा (सजातीय पुद्‌गल समूह) के संयोग से होनेवाले शरीर, वचन एवं मन की प्रवृत्तिरूप आत्मा के परिणमन को योग कहते हैं।

२३. शुभोऽशुभश्च ।

शुभयोगः—सत्प्रवृत्तिः, स च शुभकर्मपुद्गलान् आकर्षति ।

अशुभयोगः—असत्प्रवृत्तिः स च अशुभकर्मपुद्गलान् आकर्षति ।

यद्यपि सर्वेऽप्याश्रवाः कर्मबन्धहेतवो भवन्ति, किन्तु कर्मपुद्गलानामाकर्षणं योगादेव जायते । तेषां स्थितेर्दीर्घतापादनं अनुभागस्य तीव्रता च कषायाज्जायते ।

२४. योगवर्गणान्तर्गतद्रव्यसाचिव्यात् आत्मपरिणामो लेश्या ।

मनोवाक्कायवर्गणापुद्गलद्रव्यसंयोगात् संभूतः आत्मनः परिणामो लेश्याऽभिधीयते ।

उक्तञ्च—

कृष्णादिद्रव्यसाचिव्यात्, परिणामोऽयमात्मनः ।
स्फटिकस्येव तत्रायं लेश्या शब्दः प्रवर्तते ।।

तत्प्रायोग्यपुद्गलद्रव्यम्—द्रव्यलेश्या, क्वचिद् वर्णादिरपि ।

२५. कृष्ण-नील-कापोत-तेजः-पद्म-शुक्लाः ।

आद्यास्तिस्रः अशुभाः पराश्च शुभाः ।

इति बन्ध-पुण्य-पाप-आश्रवस्वरूपनिर्णयः ।

२३. योग दो प्रकार का होता है—शुभ और अशुभ।

सत्प्रवृत्ति को शुभयोग और असत्प्रवृत्ति को अशुभयोग कहा जाता है। शुभयोग शुभकर्मपुद्गलों तथा अशुभयोग अशुभकर्मपुद्गलों को आकृष्ट करता है।

यद्यपि सभी आश्रव कर्मबन्ध के हेतु हैं किन्तु कर्म पुद्गलों का आकर्षण केवल योग के द्वारा होता है। उनकी लम्बी स्थिति और तीव्र अनुभाग कषाय के द्वारा होता है।

२४. योगवर्गणा के अन्तर्गत पुद्गलों की सहायता से होनेवाले आत्म-परिणाम को लेश्या कहते हैं।

जैसे—"कृष्ण आदि छह प्रकार के पुद्गलद्रव्यों के सहयोग से स्फटिक के परिणमन की तरह होनेवाला आत्मपरिणाम लेश्या है।"

भावलेश्याओं के योग्य पुद्गलों को और कहीं-कहीं वर्ण आदि को भी द्रव्यलेश्या कहते हैं।

२५. लेश्याएं छह हैं :

१. कृष्ण	४. तेजः
२. नील	५. पद्म
३. कापोत	६. शुक्ल

पहली तीन अशुभ हैं और शेष तीन शुभ।

इति बन्ध-पुण्य-पाप-आश्रवस्वरूपनिर्णय।

पञ्चमः प्रकाशः

१. आश्रवनिरोधः संवरः ।

आश्रवस्य निरोधः कर्मागमद्वारसंवरणात् संवर उच्यते ।

२. सम्यक्त्वं विरतिरप्रमादोऽकषायोऽयोगश्चेति पञ्चधा :

३. तत्त्वे तत्त्वश्रद्धा—सम्यक्त्वम् ।

तस्य भावः तत्त्वम् । तस्मिन् तत्त्वस्य प्रतीतिः सम्यक्त्वम् ।

४. औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-सास्वादन-वेदकानि ।

सम्यक्त्वं पंचधा भवति—अनन्तानुबन्धिचतुष्कस्य दर्शन-मोहनीयत्रिकस्य चोपशमे—औपशमिकम् । तत्क्षये—क्षायिकम् । तन्मिश्रे च क्षायोपशमिकम् ।

औपशमिकसम्यक्त्वात् पततः मिथ्यात्वं च गच्छतः—

पञ्चम प्रकाश

१. आश्रव के निरोध को संवर कहते हैं।

आश्रव का निरोध कर्मागमन के द्वार का संवरण करने के कारण संवर कहलाता है।

२. संवर पांच हैं—सम्यक्त्व, विरति, अप्रमाद, अकषाय और अयोग।

३. तत्त्व में तत्त्व की प्रतीति होने को सम्यक्त्व कहते हैं।

जिसका जैसा अस्तित्व है, उसे उसी रूप में स्वीकार करना सम्यक्त्व है।

४. वह पांच प्रकार का होता है—औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, सास्वादन और वेदक।

अनन्तानुबन्धी चतुष्क और दर्शन मोहनीय त्रिक—सम्यक्त्व, मोहनीय, मिश्रमोहनीय और मिथ्यात्वमोहनीय—इन सात प्रकृतियों के उपशान्त होने से प्राप्त होनेवाले सम्यक्त्व को

सास्वादनम् ।

मिश्रात् क्षायिकं गच्छतः तदन्त्यसमये तत्प्रकृतिवेदनात्—वेदकम् ।

५. निसर्गजं निमित्तजञ्च ।

प्रत्येकं सम्यक्त्वं निसर्गजं निमित्तजञ्च भवति । गुरूपदेशादिनिरपेक्षं निसर्गजम् । तदपेक्षञ्च निमित्तजम् ।

६. द्वयञ्च करणापेक्षमपि ।

७. परिणामविशेषः करणम् ।

८. यथाप्रवृत्त्यपूर्वाऽनिवृत्तिभेदात् त्रिधा ।

अनाद्यनन्तसंसारपरिवर्ती प्राणी गिरिसरिद्ग्राव घोलना-

औपशमिक, इनका क्षय होने से प्राप्त होनेवाले सम्यक्त्व को क्षायिक और इनका क्षयोपशम होने से प्राप्त होनेवाले सम्यक्त्व को क्षायोपशमिक कहते हैं।

औपशमिक सम्यक्त्व से गिरनेवाला जीव जब मिथ्यात्व को प्राप्त होता है, तब अन्तराल काल में जो सम्यक्त्व होता है, उसे सास्वादन कहते हैं।

क्षायोपशमिक सम्यक्त्व से क्षायिक सम्यक्त्व की प्राप्ति होती है, उस समय (क्षायोपशमिक सम्यक्त्व के अन्तिम समय में) उसकी प्रकृति (सम्यक्त्व मोहनीय) का प्रदेशोदय के रूप में अनुभव होता रहता है अतः उसे वेदक सम्यक्त्व कहते हैं।

५. प्रत्येक सम्यक्त्व दो-दो प्रकार के होते हैं—निसर्गज और निमित्तज।

जो उपदेश आदि के निमित्त बिना होता है, उसे निसर्गज सम्यक्त्व कहते हैं और जो उपदेश आदि के द्वारा होता है, उसे निमित्तज कहते हैं।

६. ये दोनों सम्यक्त्व करण से भी प्राप्त होते हैं।

७. आत्मा के परिणाम विशेष को करण कहते हैं।

८. करण तीन प्रकार के हैं—यथाप्रवृत्ति, अपूर्व और अनिवृत्ति।

अनादि अनन्त संसार में परिभ्रमण करनेवाले प्राणी के

न्यायेन आयुर्वर्जसप्तकर्मस्थितौ[1] किंचिन्न्यूनैककोटी-कोटि सागरोपममितायां जातायां येनाध्यवसायेन दुर्भेद्यरागद्वेषात्मक-ग्रन्थिसमीपं गच्छति, स यथाप्रवृत्तिकरणम्। एतद्धि भव्यानाम-भव्यानां चानेकशो भवति।

येन अप्राप्तपूर्वाध्यवसायेन ग्रन्थिभेदनाय उद्युङ्क्ते, सोऽपूर्वकरणम्।

अपूर्वकरणेन भिन्ने ग्रन्थौ येनाध्यवसायेन उदीयमानाया मिथ्यात्वस्थितेरन्तर्मुहूर्तमतिक्रम्य उपरितनीं चान्तर्मुहूर्तपरि-माणामवरुध्य तद्दलिकानां प्रदेशवेद्याभावः क्रियते सोऽनिवृत्ति-करणम्।

तद्वेद्याभावश्चान्तरकरणम्[2]।

तस्य प्रथमे क्षणे आन्तर्मौहूर्तिकमौपशमिकसम्यक्त्वं भवति।

कश्चित् पुनः अपूर्वकरणेन मिथ्यात्वस्य पुञ्जत्रयं[3] कृत्वा शुद्धपुञ्जपुद्गलान् वेदयन् प्रथमत एव क्षायोपशमिकं सम्यक्त्वं लभते।

कश्चिच्च मिथ्यात्वं निर्मूलं क्षपयित्वा क्षायिकं प्राप्नोति।

१. पल्योपमासंख्येयभागन्यूनैककोटिकोटिसागरोपमितायाम्।

२. उपशमसम्यक्त्वात् प्राग्वेद्योत्तरवेद्यमिथ्यात्वपुञ्जयोरन्तरकारि-त्वात् अन्तरकरणम्।

३. शुद्धम्, अर्धशुद्धम्, अशुद्धं च क्रमशः सम्यक्त्वमोहनीयम्, मिश्र-मोहनीयम् मिथ्यात्वमोहनीयम् इति नामकं पुञ्जत्रयम्।

"गिरि सरित् ग्राव घोलणा"[1] न्याय के अनुसार आयुष्यवर्जित सात कर्मों की स्थिति कुछ कम एक कोड़ाकोड़ सागर परिमित होती है, तब वह जिस परिणाम से दुर्भेद्य राग-द्वेषात्मक ग्रन्थि के पास पहुंचता है, उसे यथाप्रवृत्तिकरण कहते हैं। यह करण भव्य एवं अभव्य दोनों के अनेक बार होता है।

आत्मा जिस पूर्व—अप्राप्त परिणाम से उस राग-द्वेषात्मक ग्रन्थि को तोड़ने की चेष्टा करती है, उसे अपूर्वकरण कहते हैं।

अपूर्वकरण के द्वारा ग्रन्थि का भेद होने पर जिस परिणाम से उदय में आए हुए अन्तर्मूहूर्त-स्थितिवाले मिथ्यात्व दलिकों (पुद्गलों) को खपाकर एवं उनके बात अन्तर्मुहूर्त तक उदय में आनेवाले मिथ्यात्व दलिकों को दबाकर उन दलिकों के अनुभव का निरोध किया जाता है—उनका प्रदेशोदय भी नहीं रहता है—पूर्ण उपशम किया जाता है, उसे अनिवृत्तिकरण कहते हैं।

जो मिथ्यात्व दलिकों के प्रदेश-वेदन का अभाव होता है—पूर्ण उपशम होता है; उसे अन्तरकरण कहते हैं।

उस अन्तरकरण के पहले क्षण में अन्तर्मुहूर्त्त स्थितिवाला औपशमिक सम्यक्त्व प्राप्त होता है।

कोई जीव औपशमिक सम्यक्त्व को प्राप्त किए बिना ही अपूर्वकरण से मिथ्यात्व दलिकों के तीन पुञ्ज—शुद्ध, अर्धशुद्ध और अशुद्ध बनाकर शुद्ध पुञ्ज के पुद्गलों का अनुभव करता हुआ क्षायोपशमिक सम्यक्त्व को प्राप्त कर लेता है।

१. पर्वत सरिताओं की चट्टानें जल के आवर्तन से घिस-घिसकर चिकनी हो जाती हैं, उसे 'गिरि सरित् ग्राव घोलणा' न्याय कहते हैं।

९. शम-संवेग-निर्वेदानुकम्पाऽऽस्तिक्यानि तल्लक्षणम्।

शमः—शान्तिः।

संवेगः—मुमुक्षा।

निर्वेदः—अनासक्तिः।

अनुकम्पा—करुणा।

आस्तिक्यम्—सत्यनिष्ठा।

१०. शंका-कांक्षा-विचिकित्सा-परपाषण्डप्रशंसासंस्तवास्तदतिचारः।

शंका—लक्ष्यं प्रति संदेहः।

कांक्षा—लक्ष्यविपर्ययाभिलाषः।

विचिकित्सा—साधनेषु संशयशीलता।

परपाषण्डप्रशंसा—लक्ष्यप्रतिगामिनां प्रशंसा।

परपाषण्डसंस्तवः—लक्ष्यप्रतिगामिनां परिचयः।

११. निःशंकित–निष्कांक्षित–निर्विचिकित्सित–अमूढदृष्टि–उपबृंहण-स्थिरीकरण-वात्सल्य-प्रभावनास्तदाचारः।

निःशंकित-निष्कांक्षित-निर्विचिकित्सितानि—लक्ष्ये साधने च स्थैर्यम्।

कोई मिथ्यात्व का समूलनाश कर क्षायिक सम्यक्त्व को भी प्राप्त कर लेता है।

९. सम्यक्त्व के पांच लक्षण होते हैं—शम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य।

शम—शान्ति।

संवेग—मुमुक्षा।

निर्वेद—अनासक्ति।

अनुकम्पा—करुणा।

आस्तिक्य—सत्यनिष्ठा।

१०. सम्यक्त्व के पांच अतिचार हैं—शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, परपाषण्डप्रशंसा और परपाषण्डपरिचय।

शंका—लक्ष के प्रति संदेह।

कांक्षा—लक्ष्य के विपरीत दृष्टिकोण के प्रति अनुरक्ति।

विचिकित्सा—लक्ष्यपूर्ति के साधनों के प्रति संशयशीलता।

परपाषण्डप्रशंसा—लक्ष्य के प्रतिकूल चलनेवालों की प्रशंसा।

परपाषण्डसंस्तव—लक्ष्य के प्रतिकूल चलनेवालों का परिचय।

११. सम्यक्त्व के आठ आचार हैं:

१. निःशंकित
२. निष्कांक्षित
३. निर्विचिकित्सित
४. अमूढ़ दृष्टि
५. उपबृंहण
६. स्थिरीकरण

अमूढ़दृष्टिः—जिनप्रवचने कौशलम्।

उपबृंहणस्थिरीकरणे—तीर्थसेवा।

वात्सल्यम्—भक्तिः।

प्रभावना—जिनप्रवचनस्य प्रभावनाकरणम्।

१२. सावद्यवृत्तिप्रत्याख्यानं विरतिः।

सावद्ययोगरूपायाः, अन्तर्लालसारूपायाश्च सवद्यवृत्तेः प्रत्याख्यानं विरतिः। अंशतः पञ्चमजीवस्थाने सर्वतश्च षष्ठजीवस्थानात् प्रभृति।

१३. अध्यात्मलीनता—अप्रमादः।

अध्यात्मं प्रति लीनता—स्वभावं प्रति परिपूर्णा जागरूकता अप्रमादोऽभिधीयते। अयं सप्तमजीवस्थानादारभ्य।

१४. क्रोधाद्यभावोऽकषायः।

असौ वीतरागावस्थायामेकादशजीवस्थानमारभ्य।

१५. अप्रकम्पोऽयोगः।

असौ शैलेश्यवस्थायां चतुर्दशजीवस्थाने।

७. वात्सल्य ८. प्रभावना

निःशंकित-निष्कांक्षित-निर्विचिकित्सित—लक्ष्य और उसकी निष्पत्ति के साधनों के प्रति स्थैर्य।

अमूढ़दृष्टि—जिन प्रवचन में कौशल।

उपबृंहण-स्थिरीकरण—तीर्थसेवा—तीर्थ की वृद्धि और उसका स्थिरीकरण।

वात्सल्य—भक्ति।

प्रभावना—जिन प्रवचन की प्रभावना करना।

१२. सावद्यवृत्ति के प्रत्याख्यान को विरति कहते हैं।

पापकारी प्रवृत्ति और अन्तर्लालसा इन दोनों को सावद्य-वृत्ति कहते हैं। इनका त्याग करना विरति संवर है। वह पांचवें जीवस्थान में अपूर्ण और छठे से चौदहवें तक पूर्ण होता है।

१३. अध्यात्मलीनता को अप्रमाद कहा जाता है।

अध्यात्मलीनता का अर्थ है—स्वभाव के प्रति पूर्ण जागरूकता।

अप्रमाद संवर सातवें जीवस्थान से चौदहवें तक होता है।

१४. क्रोध आदि के अभाव को अकषाय कहते हैं।

अकषाय संवर वीतराग-अवस्था में ग्यारहवें जीवस्थान से चौदहवें जीवस्थान तक होता है।

१५. अप्रकम्प अवस्था को अयोग कहते हैं।

अयोग संवर शैलेशी-अवस्था (शैल+ईश=शैलेश—मेरु,

यश्च संयमिनां ध्यानादिना शुभयोगावरोधः, सोऽपि अयोगसंवरांश एव।

अप्रमादादयः त्रयोऽपि प्रत्याख्यानानपेक्षाः, आन्तरवैशद्य-साध्यत्वात्।

१६. तपसा कर्मविच्छेदादात्मनैर्मल्यं निर्जरा।

१७. उपचारात्तपोऽपि।

कारणे कार्योपचारात्तपोऽपि निर्जराशब्दवाच्यं भवति, तत एव द्वादशविधाऽसौ।

सकामाकामभेदादसौ द्विधा—

सह कामेन मोक्षाभिलाषेण विधीयमाना निर्जरा—सकामा, तदपरा अकामा।

द्विधापि इयं सम्यक्त्विनां मिथ्यात्विनां च।

१८. कृत्स्नकर्मक्षयादात्मनः स्वरूपावस्थानं मोक्षः।

कृत्स्नकर्मणामपुनर्बन्धतया क्षयात्, आत्मनो ज्ञानदर्शनमये स्वरूपेऽवस्थानं मोक्षः।

अनादिसंश्लिष्टानामपि आत्मकर्मणां पार्थक्यं न संदिग्धव्यम्। दृश्यन्तेऽनादिसंबद्धा धातुमृदादयः पृथक् संभवमानाः।

उसकी तरह अडोल अवस्था) में—चौदहवें जीवस्थान में होता है।

संयमी साधुओं के ध्यान आदि के द्वारा जो शुभयोग का निरोध होता है, वह भी अयोग संवर का ही अंश है।

अप्रमाद, अकषाय और अयोग संवर तीनों प्रत्याख्यान किए बिना आन्तरिक आत्म-उज्ज्वलता से ही होते हैं।

१६. तपस्या के द्वारा कर्ममल का विच्छेद होने से जो आत्म-उज्ज्वलता होती है, उसे निर्जरा कहते हैं।

१७. उपचार से तपस्या को भी निर्जरा कहते हैं।

कारण को कार्य मानकर तपस्या को भी निर्जरा कहते हैं—अतएव वह (निर्जरा) बारह प्रकार की होती है :

सकाम और अकाम के भेद से वह दो प्रकार की होती है :

मोक्ष-प्राप्ति के उद्देश्य से की जानेवाली निर्जरा सकाम और इसके अतिरिक्त निर्जरा अकाम होती है।

यह दोनों प्रकार की निर्जरा सम्यक्त्वी एवं मिथ्यात्वी दोनों के ही होती है।

१८. समस्त कर्मों का फिर बन्ध न हो, ऐसा क्षय होने से आत्मा अपने ज्ञान-दर्शनमय स्वरूप में अवस्थित होती है, उसका नाम मोक्ष है।

अनादिकाल से सम्बन्धित आत्मा और कर्म पृथक् कैसे हो सकते हैं; ऐसा सन्देह नहीं करना चाहिए। अनादिसम्बद्ध धातु एवं मिट्टी, अग्नि आदि उचित साधनों के द्वारा पृथक् होते हुए देखे जाते हैं, तब वैसा क्यों नहीं हो सकता?

१६. अनावृत-ज्ञान-दर्शनो निर्धूतमोहो विदेह आत्मा सिद्धः।

२०. सिद्धो बुद्धो मुक्तः परमात्मा परमेश्वर ईश्वर इत्यनर्थान्तरम्।

२१. ते चानन्ता अपुनरावृत्तयश्च।

संसारिणा सर्वदा तेभ्योऽनन्तानन्तगुणत्वात् न जीवशून्य-संसारत्वापत्तिः।

२२. तीर्थातीर्थ - तीर्थङ्करातीर्थङ्कर - स्वान्य -गृह-स्त्रीपुंनपुंसकलिङ्ग-प्रत्येकबुद्ध-स्वयंबुद्ध-बुद्धबोधितैकानेकभेदात् पञ्चदशधा।

२३. मुक्त्यनन्तरमेकसमयाद् ऊर्ध्वं गच्छन्त्यालोकान्तात्।

मुक्त्यनन्तरमेव सिद्धात्मानोऽविग्रहगत्या एकसमयेन उपरि गच्छन्ति लोकान्तपर्यन्तम्, धर्मास्तिकायाभावाद् नालोके।

तथा च—

"औदारिकतैजसकार्मणानि संसारमूलकारणानि।

हित्वेह ऋजुश्रेण्या, समयेनैकेन यान्ति लोकान्तम्॥

नोर्ध्वमुपग्रहविरहात्, अधोऽपि वा गौरवाभावात्।

१६. जिसका ज्ञान-दर्शन अनावृत हो जाता है, मोह क्षीण हो जाता है और देह छूट जाता है उस आत्मा को सिद्ध कहा जाता है।

२०. सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परमात्मा, परमेश्वर, ईश्वर—ये सब एकार्थ-वाची शब्द हैं।

२१. वे संख्या की दृष्टि से अनन्त तथा पुनर्जन्म न होने के कारण अपुनरावृत्ति होते है।

सांसारिक जीव सिद्ध आत्माओं से अनन्तानन्त गुण अधिक हैं अतः यह उपस्थित ही नहीं होता कि यह संसार कभी जीवों से खाली हो जाएगा।

२२. सिद्ध पन्द्रह प्रकार के होते है—तीर्थसिद्ध, अतीर्थसिद्ध, तीर्थङ्कर-सिद्ध, अतीर्थङ्करसिद्ध, स्वलिङ्गसिद्ध, अन्यलिङ्गसिद्ध, गृह-लिङ्गसिद्ध, स्त्रीलिङ्गसिद्ध, पुरुषलिङ्गसिद्ध, नपुंसकलिङ्गसिद्ध, (कृत्रिम नपुंसक), प्रत्येकबुद्धसिद्ध, स्वयंबुद्धसिद्ध, बुद्धबोधित-सिद्ध, एकसिद्ध और अनेकसिद्ध[1]।

२३. आत्माएं कर्ममुक्त होते ही प्रथम एक समय में (अविग्रह गति से) लोकान्त तक ऊंची चली जाती है।

मुक्त आत्मा जैसे ही कर्ममुक्त होती है वैसे ही पहले समय में ऊपर की ओर लोकान्त तक चली जाती है। उससे आगे धर्मास्तिकाय नहीं है, अतः वे अलोक में नहीं जातीं।

१. देखें परिशिष्ट १।७

योगप्रयोगविगमाद् न तिर्यगपि तस्य गतिरस्ति ॥
लाघवयोगाद् धूमवद् अलाबुफलवच्च सङ्गविरहेण ।
बन्धनविरहादेरण्डवच्च सिद्धस्य गतिरूर्ध्वम् ॥
सादिकमनन्तमनुपममव्याबाधं स्वभावजं सौख्यम् ।
प्राप्तः स केवलज्ञान-दर्शनो मोदते मुक्तः ॥

२४. ईषत् प्राग्भारा पृथ्वी तन्निवासः ।

सा च समयक्षेत्रसमायामा, मध्येऽष्टयोजनबाहल्या, पर्यन्ते मक्षिकापत्रतोऽप्यतितन्वी, लोकाग्रभागसंस्थिता, समच्छत्राकृतिः अर्जुनस्वर्णमयी ।

मुक्ति-सिद्धालयादयोऽस्याः पर्यायाः ।

२५. तत्त्वद्वय्यां नवतत्त्वावतारः ।

वस्तुतो जीवाजीवरूपा तत्त्वद्वयी विद्यते, पुण्यादीनां च तदवस्थाविशेषरूपत्वात् तत्रैवान्तर्भावः ।

जैसे कहा भी है—औदारिक, तैजस और कार्मण ये तीन शरीर संसार के मूल कारण हैं। मुक्त जीव उनको छोड़कर ऋजुश्रेणी से एक ही समय में लोकान्त तक चले जाते हैं।

धर्मास्तिकाय की सहायता प्राप्त न होने के कारण उससे ऊपर नहीं जाते और वे हल्के होते हैं अतः फिर वापिस नीचे भी नहीं आते। योगरहित होने के कारण तिरछी गति भी नहीं करते।

धूएं की तरह हल्के और तूंबे की तरह निर्लेप तथा मुच्यमान एरण्ड फली की तरह बन्धनमुक्त होने के कारण उनकी ऊर्ध्वगति होती है।

वहां वे सादि, अनन्त, अनुपम एवं बाधारहित स्वाभाविक सुख को पाकर केवलज्ञान-केवलदर्शन से सहज आनन्द का अनुभव करते हैं।

२४. मुक्तात्माओं के निवास-स्थान को ईषत् प्राग्भारा पृथ्वी कहते हैं।

वह पृथ्वी समयक्षेत्र के बराबर लम्बी-चौड़ी है। उसके मध्यभाग की मोटाई आठ योजन की है और उसका अन्तिम भाग मक्खी के पर से भी अधिक पतला है। वह लोक के अग्रभाग में स्थित है। उसका आकार सीधे छत्ते जैसा है तथा वह श्वेत स्वर्णमयी है।

मुक्ति, सिद्धालय—ये उसके नाम हैं।

२५. दो तत्त्वों में नव तत्त्वों का समावेश हो जाता है।

वस्तुवृत्त्या जीव और अजीव ये दो ही तत्त्व हैं। पुण्य आदि इन्हीं की अवस्था विशेष हैं, जैसे—जीव, आश्रव, संवर, निर्जरा

क्वचिदात्मना सम्बध्यमानाः, अवरुद्ध्यमानाः, निर्जीर्यमाणाश्च पुद्गलाः क्रमेण द्रव्याश्रवसंवरनिर्जरा इति गीयन्ते।

२६. अरूपिणो जीवाः।

२७. अजीवा रूपिणोऽपि।

अजीवा धर्माधर्माकाशकाला अरूपिणः। पुद्गलास्तु रूपिण एव। तत्पर्यायभूताः पुण्यपापबन्धा अपि रूपिणः।

नवापि पदार्था ज्ञेयाः, संवरनिर्जरामोक्षास्त्रय उपादेयाः शेषाश्च षड् हेयाः। जीवस्यापि संसारावस्थापेक्षया हेयत्वमविरुद्धम्।

अथ नवतत्त्वपरमार्थावेदको भिक्षुदर्शितस्तटाकदृष्टान्तो निदर्श्यते, तथाहि—

जीवस्तटाकरूपः।
अतटाकरूपोऽजीवः।
बहिर्निर्गच्छज्जलरूपे पुण्यपापे।
विशदाविशदजलागमनमार्गरूप आश्रवः।
जलागमनमार्गावरोधरूपः संवरः।
जलनिष्कासनोपायरूपा निर्जरा।

और मोक्ष—ये पांच जीव हैं। अजीव, पुण्य, पाप और बन्ध—ये चार अजीव हैं।

कहीं-कहीं आत्मा के द्वारा बंधनेवाले, रोके जानेवाले तथा अलग किए जानेवाले पुद्गलों को क्रमशः द्रव्य आश्रव, द्रव्य संवर और द्रव्य निर्जरा कहते हैं।

२६. जीव अरूपी—अमूर्त होते हैं।

२७. अजीव रूपी भी होते हैं।

अजीव के चार भेद—धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये अरूपी होते हैं और पुद्गल रूपी होते हैं। पुद्गल के अवस्था विशेष पुण्य, पाप और बन्ध भी रूपी होते हैं।

नव तत्त्वों में जानने योग्य सब हैं। संवर, निर्जरा और मोक्ष ये तीन ग्रहण करने योग्य हैं और शेष छह छोड़ने योग्य हैं। जीव को भी सांसारिक अवस्था की अपेक्षा से छोड़ने योग्य कहा गया है।

इन सब तत्त्वों का स्वरूप समझाने के लिए श्रीभिक्षुस्वामी ने जो तालाब का उदाहरण बतलाया है, वह इस प्रकार है, जैसे—

जीव तालाब के समान है।
अजीव अतालाब के समान है।
बाहर निकलते हुए पानी की तरह पुण्य पाप हैं।
निर्मल और मलिन जलागमन मार्ग के समान आश्रव है।
जलागमन मार्ग को रोकने के समान संवर है।
जल निकालने की नाली के समान निर्जरा है।

तटाकस्थितजलरूपो बन्धः।
नीरविनिर्मुक्ततटाक इव मोक्षः।

इति संवरनिर्जरामोक्षस्वरूपनिर्णयः।

तालाब स्थित जल के समान बंध है।

जल-रहित तालाब के समान मोक्ष है।

इति संवरनिर्जरामोक्षस्वरूपनिर्णय

षष्ठः प्रकाशः

१. सम्यग् दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तपांसि मोक्षमार्गः ।

२. यथार्थदृष्टिः सम्यग्दर्शनम् ।

सम्यक्त्वं, श्रद्धा, रुचिः, दृष्टिः इत्येकार्थाः ।

औपशमिकक्षायिकक्षायोपशमिकसास्वादनवेदकात्मका अस्य भेदाः प्रागुक्ताः ।

३. यथार्थबोधः सम्यग्ज्ञानम् ।

मतिश्रुतावधिमनःपर्यायकेवलात्मका अस्यभेदाः प्रागुक्ताः ।

४. महाव्रतादीनामाचरणम्—सम्यक्चारित्रम् ।

षष्ठ प्रकाश

१. मोक्ष का मार्ग चार तत्त्वों से निष्पन्न होता है :

वे ये हैं :

१. सम्यक् दर्शन। ३. सम्यक् चारित्र।

२. सम्यक् ज्ञान। ४. सम्यक् तप।

२. यथार्थदृष्टि को सम्यग्दर्शन कहा जाता है।

सम्यक्त्व, श्रद्धा, रुचि और दृष्टि — ये एकार्थक हैं।

औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, सास्वादन और वेदक —सम्यग्दर्शन के ये पांच भेद (५।८) बतलाए जा चुके हैं।

३. यथार्थबोध को सम्यग्ज्ञान कहा जाता है।

मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्याय और केवल—ज्ञान के ये पांच भेद (२।६) बतलाए जा चुके हैं।

४. महाव्रत आदि धर्मों का आचरण करना सम्यक्चारित्र है।

५. सामायिक - छेदोपस्थाप्य - परिहारविशुद्धि - सूक्ष्मसंपराय-यथाख्यातानि ।

सर्वसावद्ययोगविरतिरूपम्—सामायिकम् ।

छेदेन—विभागेन महाव्रतेषु उपस्थाप्यते इति छेदोपस्थाप्यम् ।

द्वे अपि षष्ठात् नवमजीवस्थानान्तवर्त्तिनी ।

परिहारेण—तपोविशेषेण विशुद्धिरूपम्—परिहारविशुद्धिः ।

इदं सप्तमषष्ठयोः ।

दशमस्थम्—सूक्ष्मसंपरायः ।

वीतरागावस्थम्—यथाख्यातम् ।

इदं एकादशात् चतुर्दशान्तम् ।

६. महाव्रत-समिति-गुप्त्यनुप्रेक्षास्तदङ्गम् ।

७. अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यमपरिग्रहश्च महाव्रतानि ।

मनोवाक्कायकृतकारितानुमत्या हिंसा-असत्य-अस्तेय-अब्रह्म-परिग्रहेभ्यो विरतिर्महाव्रतम् ।

५. चारित्र के पांच प्रकार हैं—सामायिक, छेदोपस्थाप्य, परिहार-विशुद्धि, सूक्ष्मसम्पराय और यथाख्यात।

सर्वथा सावद्य योगों की विरति को सामायिक कहते हैं।

विभागपूर्वक महाव्रतों की उपस्थापना को छेदोपस्थाप्य कहते हैं।[1]

ये दोनों छठे से नौवें जीवस्थान तक होते हैं।

परिहार का अर्थ है—विशुद्धि की विशिष्ट साधना, उस विशुद्धिमय चारित्र का नाम परिहारविशुद्धि है।

वह सातवें और छठे जीवस्थान में होता है।

दसवें जीवस्थान में कषाय सूक्ष्म होता है, अतः उस जीव-स्थान के चारित्र को सूक्ष्मसम्पराय कहा जाता है।

वीतराग के चारित्र को यथाख्यात कहा जाता है।

यथाख्यात चारित्र ग्यारहवें से चौदहवें जीवस्थान तक होता है।

६. महाव्रत, समितियां, गुप्तियां और अनुप्रेक्षाएं चारित्र के अंग हैं।

७. महाव्रत पांच हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

हिंसा आदि का आचरण तीन करण और तीन योग से—मन से, वाणी से और शरीर से स्वयं न करना, दूसरों से न कराना और करते हुए का अनुमोदन न करना—महाव्रत है।

1. देखें परिशिष्ट १।८

८. प्राणानामनतिपातः अप्रमादो वा अहिंसा ।

९. सद्भावोद्भावनं सत्यम् ।

सद्भावः—काय - भाव - भाषाणामृजुता, अविसंवादिप्रवृत्तिश्च ।

तस्य उद्भावनं—प्रकाशनं सत्यमभिधीयते ।

१०. अदत्ताग्रहणं अस्तेयम् ।

११. इन्द्रियमनोनिग्रहो ब्रह्मचर्यम् ।

१२. ममत्वविसर्जनं अपरिग्रहः ।

१३. ईर्या-भाषा-एषणा-आदाननिक्षेप-उत्सर्गाः समितयः ।

चारित्रानुकूला प्रवृत्तिः समितिः ।

८. अहिंसा की परिभाषा के दो अंग हैं :

१. प्राणों का हनन न करना।

२. अप्रमत्त रहना।

९. सद्भाव (यथार्थ) के प्रकाशन को सत्य कहा जाता है।

सद्भाव के चार प्रकार हैं :

१. काय-ऋजुता—दैहिक चेष्टाओं की निश्छलता।

२. भाव-ऋजुता—मानसिक चिन्तन की निश्छलता।

३. भाषा-ऋजुता—वाणी की निश्छलता।

४. अविसंवादी प्रवृत्ति—कथनी और करनी में सामञ्जस्य।

सद्भाव के प्रकाशन का नाम सत्य है।

१०. अदत्तवस्तु का ग्रहण न करना अस्तेय है।

११. इन्द्रिय और मन के निग्रह को ब्रह्मचर्य कहा जाता है।

१२. ममत्व-विसर्जन को अपरिग्रह कहा जाता है।

१३. समितियां पांच हैं :

१. ईर्या

२. भाषा

३. एषणा

४. आदान-निक्षेप

५. उत्सर्ग

चारित्र के अनुकूल होने वाली प्रवृत्ति को समिति कहा जाता है।

१४. युगमात्रभूमिं चक्षुषा प्रेक्ष्य गमनं ईर्या ।

१५. अनवद्यभाषणं भाषा ।

१६. निर्दोषान्नपानादेरन्वेषणं एषणा ।

एषणा त्रिधा—गवेषणा, ग्रहणैषणा, परिभोगैषणा च ।

१७. उपध्यादेः सयत्नं व्यापरणं आदान-निक्षेपः ।

१८. उच्चारादेः सविधि परिष्ठापनं उत्सर्गः ।

सविधीति—प्रत्युपेक्षितप्रमार्जितभूम्यादौ । परिष्ठापनम्—परित्यजनम् ।

१९. मनोवाक्कायसंवरो गुप्तिः ।

मोक्षसाधने प्रवृत्तिप्रधाना समितिः, निवृत्तिप्रधाना च गुप्तिः, समितौ गुप्तिरवश्यं भाविनी, गुप्तौ समितिर्भजनया इत्यनयोर्भेदः ।

१४. शरीर प्रमाण (या गाड़ी के जुए जितनी) भूमि को आंखों से देखकर चलना ईर्या समिति है।

१५. निष्पाप भाषा का प्रयोग भाषा समिति है।

१६. निर्दोष आहार, पानी आदि वस्तुओं का अन्वेषण करना एषणा समिति है।

एषणा के तीन प्रकार हैं :

गवेषणा—शुद्ध आहार की जांच।

ग्रहणैषणा—शुद्ध आहार का विधिवत् ग्रहण।

परिभोगैषणा—शुद्ध आहार का विधिवत् परिभोग।

१७. वस्त्र, पात्र आदि को सावधानी से लेना-रखना, आदान-निक्षेप समिति है।

१८. मल-मूत्र आदि का विधिपूर्वक विसर्जन करना उत्सर्ग-समिति है।

देखी हुई एवं प्रमार्जित भूमि में विसर्जन करना—उत्सर्ग समिति की विधि है। परिष्ठापन का अर्थ परित्याग या विसर्जन है।

१९. मन, वचन और शरीर का संवरण करना क्रमशः मनोगुप्ति, वाग्गुप्ति और कायगुप्ति है।

मोक्ष-साधना में समिति प्रवृत्तिप्रधान होती है और गुप्ति निवृत्तिप्रधान। जहां समिति होती है, वहां गुप्ति अवश्य होती है और गुप्ति में समिति का होना अवश्यंभावी नहीं है, यही इन

२०. मनःस्थैर्याय अनित्याद्यर्थानुप्रेक्षणं अनुप्रेक्षा ।

२१. अनित्य-अशरण-भव-एकत्व-अन्यत्व-अशौच-आश्रव-संवर-निर्जरा-धर्म-लोक-बोधिदुर्लभताश्च ।

२२. देशतश्चाणुव्रतशिक्षाव्रते ।

२३. स्थूलहिंसा-मृषा-स्तेयविरतिः स्वदारसंतोष इच्छापरिमाणं च अणुव्रतम् ।

२४. दिगुपभोग परिभोगअनर्थदण्डविरति-सामायिक- देशावकाशिक-पौषधोपवास-यथासंविभागाः शिक्षाव्रतम् ।

एषु शेषचतुष्कमेव भूयोऽभ्यासात्मकत्वात् शिक्षाव्रतम् । आद्यत्रयञ्च अणुव्रतानां गुणवर्धकत्वाद् गुणव्रतम्—क्वचिदि-

दोनों में अन्तर है।

२०. मन की स्थिरता के लिए अनित्य आदि अर्थों (विषयों) का अनुप्रेक्षण या अनुचिन्तन करना अनुप्रेक्षा (भावना) है।

२१. अनुप्रेक्षा के बारह प्रकार हैं :

१. अनित्य	७. आश्रव
२. अशरण	८. संवर
३. भव	९. निर्जरा
४. एकत्व	१०. धर्म
५. अन्यत्व	११. लोक
६. अशौच	१२. बोधि दुर्लभता।

२२. अणुव्रत और शिक्षाव्रत को देशचारित्र (अपूर्ण चारित्र) कहा जाता है।

२३. अणुव्रत पांच हैं :

१. स्थूल हिंसा विरति	४. स्वदारसंतोष
२. स्थूल असत्य विरति	५. इच्छापरिमाण
३. स्थूल अचौर्य विरति	

२४. शिक्षाव्रत सात हैं :

१. दिग्विरति	४. सामायिक
२. उपभोगपरिभोगविरति	५. देशावकाशिक
३. अनर्थदण्डविरति	६. पौषधोपवास

७. यथासंविभाग

त्यपि व्यवस्था।

२५. दर्शन-व्रत सामायिक-पौषध-कायोत्सर्ग-ब्रह्म - सचित्तारम्भप्रेष्यो-द्दिष्टवर्जन-श्रमणभूताश्च प्रतिमाः।

द्रव्यक्षेत्रकालभावैः प्रतिमीयमानः साधनाविशेषः प्रतिमा।

२६. मारणान्तिकी संलेखना।

अन्तिमसमयाराधनां प्रतिपन्नः श्रावकः अनशनात् पूर्वं क्रमिकतपसा शरीरं संलिखति—कृशीकरोति।

२७. परिग्रहविसर्जन-प्रव्रज्या-भक्तपानप्रत्याख्यानविषये पर्यालोचनं महानिर्जरा हेतु।

कहीं-कहीं ऐसी व्यवस्था भी मिलती है कि इन सात व्रतों में शेष चार व्रत ही अभ्यासात्मक होने के कारण शिक्षाव्रत हैं। पहले तीन व्रत अणुव्रतों के गुणवर्धक होने के कारण गुणव्रत हैं।

•

२५. श्रावक के लिए समाचरणीय प्रतिमाएं ग्यारह हैं :

१. दर्शन	६. ब्रह्मचर्य
२. व्रत	७. सचित्तवर्जन
३. सामायिक	८. आरम्भवर्जन
४. पौषध	९. प्रेष्यवर्जन
५. कायोत्सर्ग	१०. उद्दिष्टवर्जन
११. श्रमणभूत[1]	

द्रव्य, क्षेत्र, काल या भाव के द्वारा जिस साधना के प्रकार का प्रतिमान (माप) किया जाता है, उसे प्रतिमा कहा जाता है।

२६. मारणान्तिक तपस्या का नाम संलेखना है।

अन्तिम आराधना को स्वीकार करनेवाला श्रावक अनशन करने के लिए उससे पूर्व विविध प्रकार की तपस्याओं के द्वारा शरीर को कृश करता है, अनशन के योग्य बनाता है, उस तपस्या-विधि का नाम मारणान्तिकी संलेखना है।

२७. कब मैं अल्प या बहुत परिग्रह का विसर्जन करूंगा ?

१. देखें परिशिष्ट १।९

२८. इन्द्रियमनोनिग्रहकारकमनुष्ठानं कर्मशरीरतापकत्वात् सम्यक्तपः।

एतत् कर्मशरीरतापकत्वादेव आत्मनो वैशद्यापादकं भवति।

२९. अनशन-ऊनोदरिका-वृत्तिसंक्षेप-रसपरित्याग-कायक्लेश-प्रतिसंलीनता बाह्यम्।

एते षट् मोक्षसाधने बहिरंगत्वाद् बाह्यं तपः।

३०. आहारपरिहारोऽनशनम्।

अन्न-पान-खाद्य-स्वाद्यरूपचतुर्विधस्याहारस्य परित्यागः—अनशनम्।

तच्च द्विधा—

इत्वरिकम्—उपवासादारभ्य आषण्मासम्।

यावत्कथिकम्—आमरणम्।

कब मैं गृहवास को छोड़कर प्रव्रजित होऊंगा ?

कब मैं मारणान्तिक संलेखनापूर्वक भक्तपान का प्रत्याख्यान करूंगा ?

इन तीन विषयों का पर्यालोचन (मनोरथ) करने से श्रावक के महानिर्जरा होती है।

२८. इन्द्रिय और मन का निग्रह करनेवाला अनुष्ठान कर्म शरीर का तापक होने के कारण सम्यक्तप कहलाता है।

यह कर्म शरीर का तापक होने के कारण ही आत्मिक निर्मलता का संपादन करने वाला होता है।

२९. बाह्य तप के छह भेद हैं :

१. अनशन
२. ऊनोदरिका
३. वृत्तिसंक्षेप
४. रसपरित्याग
५. कायक्लेश
६. प्रतिसंलीनता

ये मोक्षसाधना के बहिरंग कारण हैं अतः इन्हें बाह्य तप कहा जाता है।

३०. आहार का त्याग करने को अनशन कहते हैं।

आहार चार प्रकार का होता है—अन्न, पानी, खाद्य (मेवा आदि) और स्वाद्य (लवंग आदि)। इनको त्यागने का नाम अनशन है।

वह दो प्रकार का होता है :

इत्वरिक—उपवास से लेकर छह मास तक की तपस्या।

यावत्कथिक—आमरण तपस्या।

३१. अल्पत्वमूनोदरिका ।

उपवासात् प्राग् नमस्कारसहितादीनामत्रान्तर्भावः ।

३२. नानाभिग्रहाद् वृत्त्यवरोधो वृत्तिसंक्षेपः ।

भिक्षाचरिकेति नामान्तरमस्य ।

३३. विकृतेर्वर्जनं रसपरित्यागः ।

विकृतिः— घृतदुग्धदध्यादिः ।

३४. कायोत्सर्गाद्यासनकरणं कायक्लेशः ।

३५. इन्द्रियादीनां बाह्यविषयेभ्यः प्रतिसंहरणं प्रतिसंलीनता ।

इन्द्रिय-योग-कषाय-निग्रहोविविक्तशय्यासनभेदादसौ चतुर्धा ।

अकुशलव्यापारान्निवृत्तिः कुशलप्रवृत्तिश्च निग्रहः ।

विविक्तशय्यासनं एकान्तवासः ।

३६. प्रायश्चित्त-विनय-वैयावृत्त्य-स्वाध्याय-ध्यान-व्युत्सर्गाश्चाभ्यन्तरम् ।

एतत् षट् मोक्षसाधनं अन्तरंगत्वादाभ्यन्तरं तपः ।

३१. आहार, पानी, वस्त्र, पात्र एवं कषाय आदि की अल्पता करने को ऊनोदरिका कहते हैं।

उपवास से पहले नमस्कारसहिता (नवकारसी) आदि जितनी तपस्या होती है, वह सब ऊनोदरिका के अन्तर्गत है।

३२. विविध प्रकार के अभिग्रहों (प्रतिज्ञाओं) से वृत्ति—चर्या का संक्षेप करना वृत्तिसंक्षेप है।

वृत्ति संक्षेप का दूसरा नाम भिक्षाचरिका है।

३३. विकृतियों का त्याग करना रसपरित्याग है।

घृत, दूध, दही आदि को विकृति कहा जाता है।

३४. कायोत्सर्ग आदि आसन करना कायक्लेश है।

३५. इन्द्रिय आदि का बाह्य विषयों से प्रतिसंहरण करना—उनकी बहिर्मुखवृत्ति को अन्तर्मुखी बनाना प्रतिसंलीनता है।

प्रतिसंलीनता के चार प्रकार हैं :

१. इन्द्रियनिग्रह
२. योगनिग्रह
३. कषायनिग्रह
४. विविक्तशय्यासन

निग्रह—अकुशल चेष्टाओं से निवृत्ति और कुशल चेष्टाओं में प्रवृत्ति।

एकान्तवास—स्त्री-पशु-क्लीव आदि कामोद्दीपक सामग्री रहित स्थान में रहना।

३६. आभ्यन्तर तपस्या के छह भेद हैं :

१. प्रायश्चित्त
२. विनय
३. वैयावृत्य
४. स्वाध्याय

३७. अतिचारविशुद्धये प्रयत्नः प्रायश्चित्तम्।

आलोचन-प्रतिक्रमण-तदुभय-विवेक[1]-व्युत्सर्ग[2]-तपः-छेद-मूल-अनवस्थाप्य-पाराञ्चित[3] भेदाद् दशप्रकारम्।

१. आगतस्याऽशुद्धाहारादेः परिष्ठापनम्।
२. कायोत्सर्गः।
३. अवहेलनापूर्वकं व्रतारोपणम्।

५. ध्यान ६. व्युत्सर्ग

ये मोक्षसाधना के अन्तरंग कारण हैं अतः इन्हें आभ्यन्तर कहा जाता है।

३७. अतिचार—दोष की विशुद्धि के लिए जो प्रयत्न किया जाता है, उसे प्रायश्चित्त कहते है।

प्रायश्चित के दस प्रकार हैं :

१. आलोचन—गुरु के समक्ष अपने दोषों का निवेदन करना।
२. प्रतिक्रमण—किए हुए पापों से निवृत्त होने के लिए 'मिथ्या मे दुष्कृतम्' मेरे सब पाप निष्फल हों—ऐसा कहना तथा कायोत्सर्ग आदि करना और आगामी पाप-कार्यों से दूर रहने के लिए सावधान रहना।
३. तदुभय—आलोचन एवं प्रतिक्रमण दोनों करना।
४. विवेक—आए हुए अशुद्ध आहार आदि का उत्सर्ग करना।
५. व्युत्सर्ग—चतुर्विंशति-स्तुति के साथ कायोत्सर्ग करना।
६. तप—उपवास आदि।
७. छेद—संयम-काल को छेदकर कम कर देना।
८. मूल—पुनः व्रतारोपण करना।
९. अनवस्थाप्य—तपस्यापूर्वक व्रतारोपण करना।
१०. पाराञ्चित—अवहेलनापूर्वक व्रतारोपण करना।

३८. अनाशातना-बहुमानकरणं विनयः।

असद्व्यवहार आशातना, तद्वर्जनमनाशातना।

ज्ञान-दर्शन-चारित्र-मनो-वचन-कायोपचारभेदात् सप्तधा।

३९. परार्थव्यापृतिर्वैयावृत्यम्।

तच्च आचार्य-उपाध्याय-स्थविर-तपस्वि-ग्लान-शैक्ष-कुल-गण-संघ-साधर्मिकभेदाद्दशविधम्।

४०. श्रुतस्याऽध्ययनं स्वाध्यायः।

स च वाचना-प्रच्छना-परिवर्तना-अनुप्रेक्षा-धर्मोपदेशभेदात् पञ्चविधः।

३८. आशातना न करना और बहुमान करना विनय है।

आशातना का अर्थ है—असद् व्यवहार। उसके वर्जन को अनाशातना कहा जाता है।

विनय के सात प्रकार हैं :

१. ज्ञानविनय
२. दर्शनविनय
३. चारित्रविनय
४. मनविनय
५. वचनविनय
६. कायविनय
७. लोकोपचारविनय— गुरु आदि बड़ों के आने पर खड़ा होना, आसन देना आदि।

३९. दूसरों का सहयोग करने के लिए व्यापृत होना वैयावृत्य है।

वैयावृत्य के दस स्थान हैं :

१. आचार्य
२. उपाध्याय
३. स्थविर (वृद्ध-साधु)
४. तपस्वी
५. ग्लान-रोगी
६. शैक्ष (नव-दीक्षित)
७. कुल
८. गण
९. संघ-साधुओं का समूह विशेष
१०. साधर्मिक

४०. श्रुत-अध्यात्मशास्त्र के अध्ययन को स्वाध्याय कहा जाता है।

स्वाध्याय के पांच प्रकार हैं :

१. वाचना
२. प्रच्छना—पूछना
३. परिवर्तना—कंठस्थ ग्रन्थों की पुनरावृत्ति।
४. अनुप्रेक्षा—अर्थ चिन्तन
५. धर्म-कथा।

४१. एकाग्रे मनःसन्निवेशनं योगनिरोधो वा ध्यानम् ।

केवलिनां योगनिरोध एव, एकाग्रे मनःसन्निवेशनस्य तत्राऽनावश्यकत्वात् ।

एतच्छद्मस्थानामन्तर्मुहूर्तावधिकं भवति ।

४२. धर्म्यशुक्ले ।

आज्ञा-अपाय-विपाक-संस्थानध्येयात्मकं धर्म्यम्

वस्तुस्वभावो धर्मः । धर्मादनपेतं धर्म्यम् ।

ध्येयभेदादेतच्चतुर्धा—

१. आज्ञा—आगमश्रुतम् ।

२. अपायः—दोषः ।

३. विपाकः—कर्मफलम् ।

४. संस्थानम्—द्रव्याणामाकृतिः, उपलक्षणत्वात् अशेषाः पर्यायाः ।

४१. एक आलंबन पर मन को स्थापित करने तथा योग (मन, वचन और काय) का निरोध करने को ध्यान कहा जाता है।

केवली के योगनिरोधात्मक ध्यान ही होता है। एकाग्र मन: सन्निवेशन उनके लिए आवश्यक नहीं होता।

छद्मस्थों के ध्यान का कालमान अन्तर्मुहूर्त्त है।

४२. ध्यान के दो प्रकार हैं :

१. धर्म्य
२. शुक्ल

४३. आज्ञा, अपाय, विपाक और संस्थान इन चार ध्येयों वाला ध्यान धर्म्यध्यान है।

धर्म का अर्थ है—वस्तु का स्वभाव। जो धर्मयुक्त होता है उसे धर्म्य कहते हैं।

ध्येय की दृष्टि से उसके चार विकल्प होते हैं :

१. आज्ञा—आगम श्रुत में प्रतिपादित तत्त्व को ध्येय बनाकर उसमें एकाग्र हो जाना।
२. अपाय—राग-द्वेष आदि दोषों के उत्पत्ति हेतु, क्षयहेतु आदि को ध्येय बनाकर उसमें एकाग्र हो जाना।
३. विपाक—कर्म के विविध फलों को ध्येय बनाकर उसमें एकाग्र हो जाना।
४. संस्थान—द्रव्य की विविध आकृतियों तथा विभिन्न पर्यायों को ध्येय बनाकर उसमें एकाग्र हो जाना।

४४. पृथक्त्ववितर्कसविचार-एकत्ववितर्काऽविचार-सूक्ष्मक्रियाऽप्रतिपाति-समुच्छिन्नक्रियाऽनिवृत्तीनि शुक्लम् ।

निर्मलं प्रणिधानं शुक्लम् । तच्चतुर्विधम्—

१. पृथक्त्वम्—भेदः । वितर्कः—श्रुतम् । विचारः—अर्थव्यञ्जनयोगानां संक्रमणम् ।

२. एकत्वम्—अभेदः । अविचारः—असंक्रमणम् ।

३. सूक्ष्मक्रियाऽप्रतिपातिनि केवलं सूक्ष्मा उच्छ्वास-

४४. शुक्ल ध्यान के चार भेद हैं—पृथक्त्ववितर्कसविचार, एकत्व-वितर्कअविचार, सूक्ष्मक्रियाअप्रतिपाति, समुच्छिन्नक्रिया-अनिवृत्ति।

निर्मलप्रणिधान—समाधिअवस्था को शुक्ल ध्यान कहते हैं।

उसके चार प्रकार हैं :

१. पृथक्त्ववितर्कसविचार—पृथक्त्व का अर्थ भेद, वितर्क का अर्थ श्रुत और विचार का अर्थ व्यञ्जन और योगों का संक्रमण है। किसी एक वस्तु को ध्यान का विषय बनाकर दूसरे सब पदार्थों से उसके भिन्नत्व का चिन्तन करना पृथक्त्व-वितर्क है और इसमें एक अर्थ से दूसरे अर्थ पर, एक शब्द से दूसरे शब्द पर, अर्थ से शब्द पर, शब्द से अर्थ पर एवं एक योग से दूसरे योग पर परिवर्तन होता है इसलिए वह सविचार है।

२. एकत्ववितर्कअविचार—एकत्व का अर्थ अभेद और अविचार का अर्थ असंक्रमण है। एकत्व का चिन्तन करने वाला ध्यान एकत्व-वितर्क है और इसमें परिवर्तन नहीं होता इसलिए यह अविचार है।

३. सूक्ष्मक्रियाअप्रतिपाति—तेरहवें जीवस्थान के अन्त में

निःश्वासक्रियैव अवशिष्यते।

४. समुच्छिन्नक्रियाऽनिवृत्तौ तस्या अपि निरोधो जायते।

४५. नार्त्तरौद्रे तपः।

एकाग्रमनःसन्निवेशनात्मकत्वेन आर्त्तरौद्रे अपि ध्यानसंज्ञां लभेते, तथापि नैते तपः।

४६. प्रियाप्रियवियोगसंयोगे चिन्तनमार्त्तम्।

प्रियाणां शब्दादिविषयाणां वियोगे तत्संयोगाय, अप्रियाणां च संयोगे तद्वियोगाय यदेकाग्रमनःसन्निवेशनम्, तद् आर्त्तध्यानमुच्यते।

४७. वेदनायां व्याकुलत्वं निदानं च।

रोगादीनां प्रादुर्भावे व्याकुलत्वम्, वैषयिकसुखाय दृढ़संकल्पकरणमपि आर्त्तध्यानम्।

जो उच्छ्वास-निःश्वास की सूक्ष्म क्रिया बाकी रहती है, वह अवस्था सूक्ष्मक्रिया है और उसका पतन नहीं होता अतः वह अप्रतिपाति है।

४. समुच्छिन्नक्रियाअनिवृत्ति—इसमें वह सूक्ष्म क्रिया भी विच्छिन्न हो जाती है और उसकी निवृत्ति नहीं होती इसलिए वह अनिवृत्ति है।

४५. आर्त्त और रौद्र ध्यान तप नहीं हैं।

आर्त्त और रौद्र ध्येयों में भी मन का एकाग्र-सन्निवेश होता है, अतः शाब्दिक दृष्टि से वे भी ध्यान कहलाते हैं, किन्तु वे ध्येय (चैतन्यविकास) में सहायक नहीं होने के कारण तप की कोटि में नहीं आते।

४६. प्रिय का वियोग और अप्रिय का संयोग होने पर जो चिन्तन की एकाग्र धारा होती है उसे आर्त्तध्यान कहा जाता है।

प्रिय शब्द आदि विषयों का वियोग होने पर उनके संयोग के लिए और अप्रिय शब्द आदि विषयों का संयोग होने पर उनके वियोग के लिए जो आतुरता या एकाग्रचिन्ता होती है, वह आर्त्तध्यान है।

४७. वेदना में—रोग आदि कष्टों में व्याकुल होना और निदान—वैषयिकसुख प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्प करना भी आर्त्तध्यान है।

४८. हिंसा-अनृत-स्तेय-विषयसंरक्षणार्थं रौद्रम्।

४९. शरीरकषायादेः परित्यागो व्युत्सर्गः।

शरीर-गण-उपधि-भक्तपानभेदाच्चतुर्विधो द्रव्यव्युत्सर्गः।

कषाय-संसार-कर्मभेदात् त्रिविधो भावव्युत्सर्गः।

इति मोक्षमार्गनिर्णयः

४८. हिंसा, असत्य, चोरी और विषय-भोगों की रक्षा के निमित्त होने वाली एकाग्रचिन्ता रौद्रध्यान है।

४९. शरीर और कषाय आदि का विसर्जन करने को व्युत्सर्ग कहा जाता है।

शरीर, गण, उपधि (वस्त्र-पात्र) और भक्तपान का विसर्जन करना द्रव्य व्युत्सर्ग है।

कषाय, संसार और कर्म का विसर्जन करना भाव व्युत्सर्ग है।

इति मोक्षमार्गनिर्णय

सप्तमः प्रकाशः

१. कर्मविशुद्धेर्मार्गणापेक्षाणि चतुर्दशजीवस्थानानि ।

धर्म-धर्मिणोरभेदोपचारात् जीवस्थानानि गुणस्थानानि उच्यन्ते ।

मिथ्यादृष्टि - सास्वादनसम्यग्दृष्टि—सम्यग्मिथ्यादृष्टि-अविरत-सम्यग्दृष्टि-देशविरतप्रमत्तअप्रमत्तसंयत-निवृत्तिअनिवृत्तिबादर-सूक्ष्मसंपराय-उपशान्तक्षीणमोह-संयोगिअयोगिकेवलिनः ।

२. तत्त्वं मिथ्या श्रद्दधानो मिथ्यादृष्टिः ।

सप्तम प्रकाश

१. कर्मविशुद्धि की तरतमता की अपेक्षा से जीवों के चौदह स्थान (भूमिकाएं) होते हैं।

धर्म और धर्मी में अभेद का उपचार करने पर जीवस्थान गुणस्थान कहलाते हैं :

२. जीवस्थानों के नाम इस प्रकार हैं :

१. मिथ्यादृष्टि
२. सास्वादनसम्यक्दृष्टि
३. सम्यक्मिथ्यादृष्टि
४. अविरतसम्यक्दृष्टि
५. देशविरत
६. प्रमत्तसंयत
७. अप्रमत्तसंयत
८. निवृत्तिबादर
९. अनिवृत्तिबादर
१०. सूक्ष्मसंपराय
११. उपशान्तमोह
१२. क्षीणमोह
१३. सयोगीकेवली
१४. अयोगीकेवली

३. तत्त्व पर मिथ्या श्रद्धा रखनेवाला मिथ्यादृष्टि कहलाता है।

४. सम्यक्त्वाच्च्यवमानः सास्वादनसम्यग्दृष्टिः ।

५. मिश्रित-सम्यग्मिथ्यारुचिः सम्यग्मिथ्यादृष्टिः ।

यस्य सम्यग् मिथ्या च रुचिर्मिश्रिता भवति मिश्रितदधि-शर्करारसानुभूतिरिव न च सर्वथा पृथक् कर्तुं शक्यते, स सम्यग्-मिथ्यादृष्टिरुच्यते ।

६. असंयतस्तत्त्व श्रद्दधानश्च अविरतसम्यग्दृष्टिः ।

सकलमपि जीवाजीवादिकं तत्त्वं सम्यक् श्रद्धत्ते, किन्तु संयमाभावाद् अविरतोऽसौभवति तेन सः अविरतसम्यग्दृष्टि रुच्यते ।

मिथ्यादृष्ट्यादिजीवानां तत्त्वरुचिरपि क्रमेण मिथ्यादृष्टिः, सम्यग्मिथ्यादृष्टिः, सम्यग्दृष्टिश्चेति प्रोच्यते ।

४. सम्यक्त्व से च्यवमान जीव (उपशम सम्यक्त्व से च्युत, मिथ्यात्व को अप्राप्त) सास्वादनसम्यक्दृष्टि कहलाता है।

५. जिसकी रुचि सम्यक् और मिथ्या दोनों से मिश्रित होती है, उसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि कहा जाता है।

जिसकी रुचि न सर्वथा सम्यग् होती है और न सर्वथा मिथ्या, किन्तु मिश्रित होती है, उसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि कहा जाता है। शर्करामिश्रित दहि की रसानुभूति न केवल अम्ल होती है और न केवल मधुर, किन्तु मिश्रित होती है, उसकी अम्लता और मधुरता को सर्वथा पृथक् नहीं किया जा सकता वैसे ही प्रस्तुत जीवस्थान में सम्यक् और मिथ्या रुचि को पृथक् नहीं किया जा सकता।

६. तत्त्व-श्रद्धालु होने पर भी जो असंयत होता है, उसे अविरत-सम्यग्दृष्टि कहा जाता है।

जीव-अजीव आदि तत्त्वों के प्रति श्रद्धालु होने के कारण जीव सम्यग्दृष्टि होता है किन्तु संयम के अभाव में वह विरत नहीं होता। इस अवस्था में वह अविरतसम्यग्दृष्टि कहलाता है।

मिथ्यादृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि की तत्त्व-रुचि भी मिथ्यादृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि कहलाती है।

७. संयताऽसंयतो देशविरतः।

देशेन—अंशरूपेण व्रताराधकः इत्यर्थः।

पूर्णव्रताभावेऽविरतोऽप्यसौ कथ्यते।

८. प्रमादयुक्तः सर्वविरतः प्रमत्तसंयतः।

प्रमादाश्रवो न संयमावरोधकः, प्रवृत्तिरूपश्च प्रमादः स एवात्र विवक्षितो यो मलोत्पादको न तु संयमविनाशकः।

९. प्रमादवियुक्तो ध्यानलीनः अप्रमत्तसंयतः।

१०. निवृत्तियुक्तो बादरकषायो निवृत्तिबादरः।

निवृत्तिः[१]—समसमयवर्तिजीवानां परिणामविशुद्धेर्विसदृशता[२]। बादरः स्थूलः।

इदमपूर्वकरणमपि उच्यते।

१. निर्भेदेन वृत्तिः निवृत्तिः।

२. निवृत्तिबादरजीवस्थाने भिन्नसमयवर्तिजीवानां परिणाम-विशुद्धिर्विसदृशी भवति, समसमयवर्तिजीवानां च विसदृशी सदृशी चाऽपि। (षट्खंडागम १, पृ० १८४)

७. जिसके संयम और असंयम दोनों होते हैं, उसे देशविरत कहा जाता है।

देशविरत का शाब्दिक अर्थ है—आंशिकरूप में व्रत की आराधना करनेवाला।

वह पूर्णव्रती नहीं होता, इसलिए उसे अविरत भी कहा जाता है।

८. प्रमाद से युक्त सर्वविरत को प्रमत्तसंयत कहा जाता है।

प्रमाद के दो रूप हैं—अव्यक्त और व्यक्त। अव्यक्त प्रमाद (प्रमाद-आश्रव) संयम में अवरोध नहीं करता। व्यक्त प्रमाद (प्रवृत्तिरूप प्रमाद) मलोत्पादक होता है तब उससे संयम विनष्ट नहीं होता। यहां प्रमाद शब्द के द्वारा ये दोनों विवक्षित हैं, किंतु संयम-विनाशक व्यक्त प्रमाद विवक्षित नहीं है।

९. प्रमाद से वियुक्त ध्यानलीन मुनि को अप्रमत्तसंयत कहा जाता है।

१०. जो निवृत्ति और बादर कषाययुक्त होता है, वह निवृत्तिबादर कहलाता है।

निवृत्ति का अर्थ है—विसदृशता। प्रस्तुत जीवस्थान में समसमयवर्ती जीवों की परिणाम-विशुद्धि विसदृश होती है। बादर का अर्थ स्थूल है। बादर कषाय अर्थात् स्थूल कषाय वाला।

निवृत्तिबादर का दूसरा नाम अपूर्वकरण भी है।

११. अनिवृत्तियुक्तो बादरकषायः अनिवृत्तिबादरः।

अनिवृत्तिः—समसमयवर्तिजीवानां परिणामविशुद्धेः सदृशता[1]।

अनयोरुभयोरपि जीवस्थानयोर्बादरकषायत्वं दशमजीवस्थानापेक्षया ज्ञातव्यम्।

१२. उपशमकः क्षपकश्च।

निवृत्तिबादरजीवस्थानात् श्रेणिद्वयं जायते—उपशमश्रेणिः क्षपकश्रेणिश्च।

१३. सत्संज्वलनसूक्ष्मलोभांशः सूक्ष्मसंपरायः।

१४. सर्वथोपशान्तक्षीणकषायौ उपशान्तक्षीणमोहौ।

उपशमश्रेण्यारूढो मुनिर्मोहकर्मप्रकृतीरुपशमयन् एकादशे सर्वथा उपशान्तमोहो भवति।

क्षपकश्रेण्यारूढश्च ताः क्षपयन् द्वादशे सर्वथा क्षीणमोहो भवति।

उपशमश्रेणिमान् स्वभावात् प्रतिपात्येव, द्वितीयस्तु अप्रतिपाती।

१. अनिवृत्तिबादरजीवस्थाने भिन्नसमयवर्तिजीवानां परिणामविशुद्धिविसदृशी भवति, किन्तु समसमयवर्तिजीवानां सदृश्येव।

(षट्खंडागम १, पृ० १८४)

११. जो अनिवृत्ति और बादर कषाय युक्त होता है, वह अनिवृत्ति-बादर कहलाता है।

प्रस्तुत जीवस्थान में समसमयवर्ती जीवों की परिणाम-विशुद्धि सदृश ही होती है।

उक्त दोनों जीवस्थानों में दशवें जीवस्थान की तुलना में कषाय बादर होता है।

१२. श्रेणि-आरूढ़ के दो प्रकार हैं :

१. उपशमक
२. क्षपक

निवृत्तिबादर मे दो श्रेणियों का प्रारम्भ होता है। प्रथम श्रेणि का नाम उपशमश्रेणि है। उसका आरोहण करने वाला व्यक्ति मोहकर्म की प्रकृतियों को उपशान्त करता हुआ आगे बढ़ता है। दूसरी क्षपकश्रेणि है। उसका आरोहण करनेवाला मोहकर्म की प्रकृतियों को क्षीण करता हुआ आगे बढ़ता है।

१३. जिसमें संज्वलन का सूक्ष्म लोभांश विद्यमान रहता है उसे सूक्ष्म-संपराय कहा जाता है।

१४. जिनका कषाय सर्वथा उपशान्त व क्षीण हो जाता है उन्हें क्रमशः उपशान्तमोह व क्षीणमोह कहा जाता है।

उपशमश्रेणि में आरूढ़ मुनि मोहकर्म की प्रकृतियों को उपशम करता हुआ ग्यारहवें जीवस्थान में सर्वथा उपशान्तमोह हो जाता है।

क्षपकश्रेणि में आरूढ मुनि मोहकर्म की प्रकृतियों को क्षीण

१५. क्षीणघात्यचतुष्टयः प्रवृत्तिमान् सयोगिकेवली।

१६. शैलेशीं प्रतिपन्नः अयोगिकेवली।

१७. स्थितिरेषामनेकधा।

प्रथमम्—अनाद्यनन्तम्, अनादिसान्तम्, सादिसान्तञ्च। द्वितीयं षडावलिकास्थितिकम्। चतुर्थं साधिकत्रयस्त्रिंशत्सागरमितम्। पञ्चमषष्ठत्रयोदशानि देशोनपूर्वकोटिस्थितिकानि। चतुर्दशं पञ्चह्रस्वाक्षरोच्चारणमात्रम् शेषाणामन्तर्मुहूर्त्ता स्थितिः।

१८. सम्यग्दृष्टि-देशविरत-सर्वविरत-अनन्तवियोजक- दर्शनमोहक्षपक-उपशमक-उपशान्तमोह-क्षपक-क्षीणमोह-जिनानां क्रमशोऽसंख्येय-गुणा निर्जरा।

करता हुआ बारहवें जीवस्थान में सर्वथा क्षीणमोह हो जाता है।

उपशमश्रेणि वाला स्वभाव से ही प्रतिपाती होता है—वह पीछे लौट जाता है।

क्षपकश्रेणि वाला अप्रतिपाती होता है—वह ऊर्ध्वगामी हो जाता है।

१५. जिसके चार घात्यकर्म क्षीण हो जाते हैं और जो प्रवृत्तियुक्त होता है उसे सयोगीकेवली कहा जाता है।

१६. जिसे शैलेशी (सर्वथा निष्प्रकंप) दशा प्राप्त होती है उसे अयोगी केवली कहा जाता है।

१७. जीवस्थानों की स्थिति के अनेक विकल्प हैं।

पहला जीवस्थान अनादिअनन्त, अनादिसान्त और सादि-सान्त है। दूसरे की छह आवलिका की, चौथे की कुछ अधिक तेतीस सागर की, पांचवें, छठे और तेरहवें की कुछ कम क्रोड़ पूर्व की स्थिति होती है। चौदहवें की स्थिति पांच ह्रस्वाक्षर अ, इ, उ, ऋ, लृ के उच्चारणकाल जितनी होती है। शेष सब जीवस्थानों की स्थिति अन्तर्मुहूर्त की होती है।

१८. सम्यग्दृष्टि आदि जीवों के क्रमशः असंख्य गुण अधिक निर्जरा होती है—

१९. सूक्ष्मसंपरायान्तः सांपरायिको बन्धः।

सकषायस्य शुभाशुभकर्मबन्धः सांपरायिक उच्यते, स च सप्तकर्मणां आनवमजीवस्थानम्, आयुर्बन्धकाले तृतीयवर्जं आसप्तमं अष्टकर्मणामपि, आयुर्मोहौ विना षट्कर्मणां च दशमे।

२०. ईर्यापथिको वीतरागस्य।

ईर्या—योगः, पन्थाः—मार्गो यस्य बन्धस्य स ईर्यापथिकः। अयञ्च सातवेदनीयरूपः द्विसमयस्थितिको भवति।

सम्यग्दृष्टि—सातिशय[1] मिथ्यादृष्टि से	असंख्य	गुण	अधिक	निर्जरा
देशविरत—सम्यग्दृष्टि	,,	,,	,,	,,
सर्वविरत—देशविरत	,,	,,	,,	,,
अनन्तवियोजक[2]—सर्वविरत	,,	,,	,,	,,
दर्शनमोहक्षपक—अनन्त वियोजक	,,	,,	,,	,,
उपशमक—दर्शनमोहक्षपक	,,	,,	,,	,,
उपशान्तमोह—उपशमक	,,	,,	,,	,,
क्षपक—उपशान्तमोह	,,	,,	,,	,,
क्षीणमोह—क्षपक	,,	,,	,,	,,
जिन—क्षीणमोह	,,	,,	,,	,,

१९. पहले जीवस्थान से लेकर दसवें जीवस्थान (सूक्ष्मसंपराय) तक होने वाले बन्ध को सांपरायिक बन्ध कहा जाता है।

कषायसहित जीव के शुभ या अशुभ कर्म का बन्ध होता है वही सांपरायिक बन्ध है। नौ जीवस्थान तक सात कर्मों का बन्ध होता है और आयुष्य बन्ध के समय तीसरे जीवस्थान को छोड़कर सातवें जीवस्थान तक आठ कर्मों का बन्ध होता है। दसवें जीवस्थान में आयुष्य और मोहकर्म को छोड़कर शेष छह कर्मों का बन्ध होता है।

२०. वीतराग के जो कर्मबन्ध होता है, उसे ईर्यापथिक कहते हैं।

जिस बन्धन का मार्ग योग होता है, उसका नाम ईर्यापथिक है। वह बन्ध सातवेदनीय का ही होता है।

उसका कालमान दो समय का होता है।

---

१. अपूर्वकरण के अन्तिम समय में विद्यमान विशुद्ध मिथ्यादृष्टि।

२. अनन्तानुबन्धी का वियोजन करने वाला।

२१. अबन्धोऽयोगी।

२२. अकेवली छद्मस्थः।

घात्यकर्मोदयः—छद्म, तत्र तिष्ठतीति छद्मस्थः। असौ द्वादशजीवस्थानपर्यन्तवर्ती।

२३. चतुर्दशापि शरीरिणाम्।

अशरीरिणां विशुद्धेस्तारतम्यस्याभावात्, एतानि चतुर्दशापि जीवस्थानानि शरीरभाजां भवन्ति।

२४. सुखदुःखानुभवसाधनं शरीरम्।

२५. औदारिक-वैक्रिय-आहारक-तैजस-कार्मणानि।

स्थूलपुद्गलनिष्पन्नं रसादिधातुमयम्—औदारिकम्, मनुष्यतिरश्चाम्।

विविधरूपकरणसमर्थम्—वैक्रियम्, नारकदेवानां, वैक्रियलब्धिमतां नरतिरश्चां वायुकायिकानाञ्च।

आहारकलब्धिनिष्पन्नम्—आहारकम्, चतुर्दशपूर्वधराणाम्।

तेजःपरमाणुनिष्पन्नं तैजसम्, तेजोलब्धि-दीप्तिपाचनकारकम्।

२१. अयोगी के कर्मबन्ध नहीं होता।

२२. अकेवली को छद्मस्थ कहते हैं।

घात्यकर्म के उदय का नाम छद्म है। इस अवस्था में रहने वाले को छद्मस्थ कहते हैं। यह अवस्था बारहवें जीवस्थान तक रहती है।

२३. ये चौदह जीवस्थान शरीरधारी जीवों के होते हैं।

अशरीरी जीवों में विशुद्धि की तरतमता नहीं होती। ये जीवस्थान विशुद्धि की तरतमता के आधार पर किए गए हैं इसलिए ये सशरीरी जीवों के ही होते हैं।

२४. जिसके द्वारा पौद्गलिक सुख-दुःख का अनुभव किया जाता है, उसे शरीर कहते हैं।

२५. शरीर पांच प्रकार के होते हैं :

१. औदारिक	४. तैजस
२. वैक्रिय	५. कार्मण
३. आहारक	

स्थूल पुद्गलों से निष्पन्न और रस आदि धातुमय शरीर को औदारिक कहते हैं। यह मनुष्य और तिर्यञ्चों के होता है।

जो भांति-भांति के रूप करने में समर्थ हो, उसे वैक्रिय कहते हैं। यह नारक, देव, वैक्रियलब्धि वाले मनुष्य और तिर्यञ्च तथा वायुकाय के होता है।

कर्मणां समूहस्तद्विकारो वा कार्मणम्।

एतं च सर्वसंसारिणाम्।

२६. उत्तरोत्तरं सूक्ष्माणि पुद्गलपरिमाणतश्चासंख्येयगुणानि।

२७. तैजसकार्मणे त्वनन्तगुणे।

२८. एते चान्तरालगतावपि।

अन्तरालगतिर्द्विविधा—ऋजुर्विग्रहा च। एकसामयिकी ऋजुः, चतुःसमयपर्यन्ता च विग्रहा।

तत्रापि द्विसामयिकमनाहारकत्वम्।

अनाहारकावस्थायां च कार्मणयोग एव।

आहारक लब्धि से निष्पन्न शरीर को आहारक कहते हैं। यह चतुर्दश-पूर्वधर मुनि के होता है।

तेजोमय परमाणुओं से निष्पन्न शरीर को तैजस कहते हैं। यह तेजोलब्धि, दीप्ति और पाचन का कारण होता है।

कर्म समूह से निष्पन्न अथवा कर्म विकार को कार्मण शरीर कहते हैं।

ये दोनों सब संसारी जीवों के होते हैं।

२६. पांचों शरीर उत्तरोत्तर सूक्ष्म और प्रदेश (स्कन्ध) परिमाण से असंख्य गुण होते हैं।

२७. तैजस और कार्मण प्रदेश-परिमाण से अनन्तगुण होते हैं।

२८. तैजस और कार्मण दोनों अन्तरालगति में भी होते हैं।

अन्तरालगति दो प्रकार की होती है :

१. ऋजु
२. विग्रह

जिस गति में एक समय लगे, उसे ऋजु और जिसमें दो, तीन एवं चार समय लगे, उसे विग्रहगति कहते हैं।

विग्रहगति में दो समय तक अनाहारक अवस्था रहती है।

अनाहारक अवस्था में सिर्फ एक कार्मणयोग ही होता है।

२९. वेदनादिभिरेकीभावेनात्मप्रदेशानां तत इतः प्रक्षेपणं समुद्घातः[1]।

३०. वेदना-कषाय-मारणान्तिक-वैक्रिय-आहारक-तैजस-केवलिनः।

असद्वेद्यकर्माश्रयः—वेदना।

कषायमोहकर्माश्रयः—कषायः।

अन्तर्मुहूर्त्तशेषायुःकर्माश्रयः—मारणान्तिकः।

वैक्रिय-आहारक-तैजसनामकर्माश्रयाः—वैक्रिय-आहारक-तैजसाः।

आयुर्वर्जाऽघात्यकर्माश्रयः—केवली।

सर्वेष्वपि समुद्घातेषु आत्मप्रदेशाः शरीराद्वहिर्निस्सरन्ति, तत्तत्कर्मपुद्गलानां विशेषपरिशाटश्च भवति।

केवलिसमुद्घाते चात्मा सर्वलोकव्यापी भवति, स चाष्टसामयिकः।

तत्र च केवली प्राक्तने समयचतुष्टये आत्मप्रदेशान् वहिर्निस्सार्य क्रमेण दण्ड-कपाट-मन्थान-अन्तरावगाहं कृत्वा समग्रमपि लोकाकाशं पूरयति। अग्रेतने च समयचतुष्टये क्रमेण तान् संहरन् देहस्थितो भवति।

अष्टसमयेषु प्रथमेऽष्टमे च औदारिकयोगः, द्वितीये षष्ठे सप्तमे च औदारिकमिश्रः, तृतीये चतुर्थे पञ्चमे च कार्मणम्।

१. सम् इति एकीभावेन, उत् प्राबल्येन, घात इति हन्तेर्गत्यर्थकत्वात् आत्मप्रदेशानां वहिर्निस्सरणम्, हिंसार्थकत्वाच्च कर्मपुद्गलानां निर्जरणं समुद्घातः।

२६. वेदना आदि में तन्मय होकर आत्मप्रदेशों के इधर-उधर प्रक्षेप करने को समुद्घात[1] कहते हैं।

समुद्घात सात प्रकार के होते हैं :

१. वेदना	५. आहारक
२. कषाय	६. तैजस
३. मारणान्तिक	७. केवली[2]
४. वैक्रिय	

वेदना-समुद्घात असातवेदनीय कर्म के आश्रित होता है।

कषाय-समुद्घात कषाय मोहकर्म के आश्रित होता है।

मारणान्तिक-समुद्घात अवशिष्ट अन्तर्मुहूर्त्त आयुष्य कर्म के आश्रित होता है।

वैक्रिय, आहारक और तैजस समुद्घात क्रमशः वैक्रिय, आहारक और तैजस नामकर्म के आश्रित होते हैं।

केवलिसमुद्घात आयुष्य के सिवाय शेष तीन अघात्य कर्मों के आश्रित होता है।

१. समुद्घात शब्द सम्, उद् और घात, इन तीन शब्दों के योग से बना है। सम् का अर्थ है एकीभाव, उद् का अर्थ है प्रबलता और घात के दो अर्थ होते हैं—हिंसा करना एवं जाना। सामूहिक रूप से बलपूर्वक आत्मप्रदेशों को शरीर से बाहर निकालना या उनका इतस्ततः विक्षेपण करना अथवा कर्म-पुद्गलों का निर्जरण करना, समुद्घात का शाब्दिक अर्थ है।

२. देखें परिशिष्ट १।१०

३१. औपपातिक-चरमशरीर-उत्तमपुरुष-असंख्येयवर्षायुषो निरुप-क्रमायुषः।

उपक्रमः—अपवर्तनं अल्पीकरणमित्यर्थः।

निविडबन्धनिमित्तत्वात् तद्रहितायुषो निरुपक्रमायुषः।

औपपातिकाः—नारकदेवाः।

चरमशरीराः—तद्भवमुक्तिगामिनः।

उत्तमपुरुषाः—चक्रवर्त्यादयः।

असंख्यवर्षायुषः—यौगलिका नरास्तिर्यञ्चश्च।

सब समुद्घातों में आत्मप्रदेश शरीर से बाहर निकलते हैं और उनसे सम्बन्धित कर्मपुद्गलों का विशेष रूप से परिशाटन (निर्जरण) होता है।

केवलिसमुद्घात के समय आत्मा समूचे लोक में व्याप्त होती है। उसका कालमान आठ समय का है। केवलि-समुद्घात के समय केवली समस्त आत्मप्रदेशों को फैलाता हुआ चार समय में क्रमशः दण्ड, कपाट, मन्थान और अन्तरावगाह (कोणों का स्पर्श) कर समग्र लोकाकाश को उनसे पूर्ण कर देता है और अगले चार समयों में क्रमशः उन आत्मप्रदेशों को समेटता हुआ पूर्ववत् देहस्थित हो जाता है।

इन आठ समयों में पहले और आठवें समय में औदारिक योग; दूसरे, छठे और सातवें समय में औदारिक मिश्रयोग तथा तीसरे, चौथे और पांचवें समय में कार्मण योग होता है।

३१. औपपातिक, चरमशरीरी, उत्तमपुरुष और असंख्य वर्ष की आयुवाले निरुपक्रमायु होते हैं।

उपक्रम का अर्थ है—अपवर्तन या अल्पीकरण।

जिनकी आयु गाढ बन्धन से बंधी हुई होने के कारण उपक्रमरहित होती है, उन्हें निरुपक्रमायु कहते है।

नारक और देव औपपातिक होते हैं।

उसी भव में मोक्ष जाने वाले को चरमशरीरी कहते हैं।

चक्रवर्ती आदि उत्तमपुरुष कहलाते हैं।

यौगलिक मनुष्य और यौगलिक तिर्यञ्च असंख्य वर्षजीवी होते हैं।

३२. शेषाः सोपक्रमायुषोऽपि।

३३. अध्यवसान-निमित्त-आहार-वेदना - पराघात-स्पर्श - उच्छ्वास-निःश्वासा उपक्रमकारणानि।

अध्यवसानम्—रागस्नेहभयात्मकोऽध्यवसायः।

निमित्तम्—दण्डशस्त्रादि।

आहारः—न्यूनोऽधिको वा।

वेदना—नयनादिपीडा।

पराघातः—गर्तपातादिः।

स्पर्शः—भुजङ्गादीनाम्।

उच्छ्वासनिःश्वासौ—व्याधिरूपेण निरुद्धौ।

इति जीवस्थानस्वरूपनिर्णयः

३२. शेष सब जीवों का आयुष्य सोपक्रम और निरुपक्रम दोनों प्रकार का होता है।

३३. उपक्रम के सात कारण हैं :

१. अध्यवसान	५. पराघात
२. निमित्त	६. स्पर्श
३. आहार	७. उच्छ्वासनिःश्वास
४. वेदना	

अध्यवसान—राग-स्नेह-भयात्मक विचार।

निमित्त—दण्ड, शस्त्र आदि का प्रहार।

आहार—अति अल्प मात्रा में भोजन करना या अधिक मात्रा में करना।

वेदना—नयन आदि की पीड़ा।

उच्छ्वासनिःश्वास का रुक जाना।

इति जीवस्थानस्वरूप निर्णय

अष्टमः प्रकाशः

१. अर्हन् देवः ।

अर्हति तीर्थप्रवर्तनमिति अर्हन्, सर्वातिशयसम्पन्नः केवली, जिनस्तीर्थंकर इति ।

२. निर्ग्रन्थो गुरुः ।

अर्हता प्रवचनानुगामी बाह्याभ्यन्तरग्रन्थिविप्रमुक्तः निर्ग्रन्थः ।

३. आत्मशुद्धिसाधनं धर्मः ।

४. विवक्षाभेदादसौ अनेकविकल्पः ।

५. अहिंसा ।

अष्टम प्रकाश

१. अर्हत् को देव कहा जाता है।

जो तीर्थ (धर्मसंघ) का प्रवर्तन करने में क्षम होते हैं वे अर्हत कहलाते हैं। उन्हें सर्वातिशय-सम्पन्न केवली, जिन व तीर्थंकर भी कहा जाता है।

२. निर्ग्रन्थ को गुरु कहा जाता है।

जो अर्हत् के प्रवचन (शासन) का अनुगमन करने वाले तथा बाह्य और आभ्यंतर ग्रन्थियों से मुक्त होते हैं, वे निर्ग्रन्थ कहलाते हैं।

३. आत्म-शुद्धि के साधन को धर्म कहते हैं।

४. भिन्न-भिन्न दृष्टिकोणों से विचार करने पर धर्म के अनेक विकल्प होते हैं।

५. धर्म एक प्रकार का है, वह है—अहिंसा।

६. श्रुत-चारित्रे।

श्रुतं — ज्ञानात्मकः धर्मः।

चारित्रं — आचारात्मकः धर्मः।

७. संवर-निर्जरे।

संवरः — निवृत्यात्मकः धर्मः।

निर्जरा — सत्प्रवृत्यात्मकः धर्मः।

८. स्वधीत–सुध्यात–सुतपस्यितानि।

स्वधीतम् — स्वाध्यायात्मकः धर्मः।

सुध्यातम् — ध्यानात्मकः धर्मः।

सुतपस्यितम् — तपस्यात्मकः धर्मः।

९. ज्ञान-दर्शन चारित्र-तपांसि।

१०. अहिंसा-सत्य-अस्तेय-ब्रह्मचर्य-अपरिग्रहाः।

६. धर्म के दो प्रकार हैं :

१. श्रुत—ज्ञानात्मक धर्म।
२. चारित्र—आचारात्मक धर्म।

७. धर्म के दो प्रकार हैं :

१. संवर—निवृत्त्यात्मक धर्म।
२. निर्जरा—सत्प्रवृत्त्यात्मक धर्म।

८. धर्म के तीन प्रकार हैं :

१. स्वधीत—स्वाध्यायात्मक धर्म, आध्यात्मिक चिंतन-मनन।
२. सुध्यात—ध्यानात्मक धर्म, आत्मा तथा तत्त्व के विषय में एकाग्रता व तन्मयता।
३. सुतपस्यित—आध्यात्मिक अनुष्ठान।

९. धर्म के चार प्रकार हैं :

१. ज्ञान
२. दर्शन
३. चारित्र
४. तप

१०. धर्म के पांच प्रकार हैं :

१. अहिंसा
२. सत्य
३. अचौर्य
४. ब्रह्मचर्य
५. अपरिग्रह

११. क्षान्ति-मुक्ति-आर्जव-मार्दव-लाघव-सत्य-संयम-तपः-त्याग-ब्रह्म-चर्याणि वा।

१२. आत्मोदयकारकत्वेन लोकधर्मादसौ भिद्यते।

१३. अपरिवर्तनीयस्वरूपत्वेन सर्वसाधारणत्वेन च।

लोकधर्मः देशकालादिभिः परिवर्तनीयस्वरूपः, वर्गविशेष-विभेदमापन्नश्च। धर्मस्तु आत्मोदयकारकः, अपरिवर्तनीयस्वरूपः, सर्वसाधारणश्च इत्यनयोर्भेदः।

गृहस्थानगारयोर्धर्मः केवल पालनशक्त्यपेक्षया महाव्रताणु-व्रतभेदेन द्विधा निर्दिष्टः—इति धर्मस्य सर्वसाधारणत्वे नास्ति कश्चिद् विरोधः।

११. धर्म के दस प्रकार है :

१. शान्ति—क्षमा	६. सत्य
२. मुक्ति—निर्लोभता	७. संयम
३. आर्जव—सरलता	८. तप
४. मार्दव—कोमलता	९. त्याग—विसर्जन
५. लाघव—अकिञ्चनता	१०. ब्रह्मचर्य

१२. धर्म का परिणाम आत्मोदय है, इसलिए वह लोकधर्म (लौकिक धर्म) से भिन्न है।

१३. धर्म का स्वरूप कभी परिवर्तित नहीं होता और वह सर्वदा सर्वत्र सब व्यक्तियों के लिए एक समान होता है, इन कारणों से भी वह (धर्म) लोकधर्म (लौकिक धर्म) से भिन्न है।

लोकधर्म और धर्म में निम्न तीन हेतुओं के द्वारा अन्तर दिखलाया गया है—

१. लोकधर्म से समाज का व्यवहार चलता है और धर्म से आत्मा का उदय होता है।
२. देश, काल आदि के परिवर्तन से लोकधर्म के स्वरूप में परिवर्तन होता रहता है, किन्तु धर्म का स्वरूप सर्वत्र सदा अपरिवर्तित रहता है।
३. लोकधर्म भिन्न-भिन्न वर्गों में भिन्न-भिन्न रूप से प्रचलित होता है, किन्तु धर्म सबके लिए एक रूप ही होता है।

गृहस्थ और मुनि के धर्म दो नहीं हैं, केवल आचरण की क्षमता के आधार पर उसके महाव्रत

१४. ग्राम-नगर-राष्ट्र-कुल-जाति-युगादीनामाचारो व्यवस्था वा लोकधर्मः ।

ग्रामादिषु जनानामौचित्येन वित्तार्जनव्ययविवाहभोज्यादि-प्रथानां पारम्परिकमहयोगादेर्वा आचरणम्—आचारः ।

तेषां च हितसंरक्षणार्थं प्रयुज्यमाना उपायाः—व्यवस्था । सा च कौटुम्बिकी, सामाजिकी, राष्ट्रिया, अन्ताराष्ट्रिया चेति बहुविधा ।

स च लोकधर्मः—लौकिको व्यवहार इत्युच्यते आगमेऽपि तथादर्शनात् यथा—

'गामधम्मे, नगरधम्मे, रट्ठधम्मे, कुलधम्मे, गणधम्मे' इत्यादि ।

लोकधर्मेऽपि क्वचिदहिंसादीनामाचरणं भवति, तदपेक्षया-ऽनेन धर्मस्य भिन्नता न विभावनीया, किन्तु भोगोपवर्धकवस्तु–व्यवहारापेक्षयैव ।

१५. प्रेयसंपादनमपि ।

प्रेयःसंपादनं बाह्योदय-कारकमस्ति, तेनैतदपि लोकधर्म-कक्षायां प्रविशति ।

इति देवगुरुधर्मस्वरूपनिर्णयः

और अणुव्रत ये दो मार्ग बतलाए गए हैं। अतः धर्म सर्वसाधारण है, इसमें कोई दोष नहीं आता।

१४. गांव, नगर, राष्ट्र, कुल, जाति, युग आदि में विद्यमान आचार और व्यवस्था को लोकधर्म कहते हैं।

गांव आदि में औचित्य के द्वारा धनोपार्जन, व्यय, विवाह, भोज आदि प्रथाओं का और पारस्परिक सहयोग आदि का जो आचरण किया जाता है, उसका नाम आचार है।

गांव, नगर आदि के हितों की रक्षा के लिए जो उपाय काम में लाए जाते हैं, उनका नाम व्यवस्था है। वह अनेक प्रकार की होती है, जैसे—कुटुम्ब-व्यवस्था, समाज-व्यवस्था, राष्ट्र-व्यवस्था, अन्तर्राष्ट्र-व्यवस्था। इन दोनों—आचार और व्यवस्था को लोकधर्म—लौकिकव्यवहार कहते हैं। आगम में भी ऐसी परिभाषा उपलब्ध होती है, जैसे—

'ग्रामधर्म, नगरधर्म, राष्ट्रधर्म, कुलधर्म, गणधर्म' इत्यादि।

लोकधर्म में भी क्वचित् अहिंसा आदि का आचरण होता है। उसकी अपेक्षा से वह धर्म से भिन्न नहीं किन्तु उसमें भोगोपवर्धक वस्तुओं का व्यवहार होता है, उस अपेक्षा से वह धर्म से भिन्न है।

१५. प्रेयस्-संपादन को भी लोकधर्म कहा जाता है।

प्रेयस् के संपादन से भौतिक उदय होता है, इसलिए यह भी लौकिक धर्म की कक्षा में समाविष्ट है।

इति देव-गुरु-धर्म-स्वरूप निर्णय

नवमः प्रकाशः

१. तत्त्वानि प्रमाण-नय-निक्षेपादिभिरनुयोज्यानि ।

२. यथार्थज्ञानं प्रमाणम् ।

प्रकर्षेण—विपर्ययाद्यभावेन मीयतेऽर्थो येन तत् प्रमाणम् ।

३. अनिराकृतेतरांशो वस्त्वंशग्राही प्रतिपत्तुरभिप्रायो नयः ।

अनन्तधर्मात्मकस्य वस्तुनो विवक्षितमंशं गृह्णन्, इतरांशान् अनिराकुर्वंश्च ज्ञातुरभिप्रायः—नयः ।

४. शब्देषु विशेषणबलेन प्रतिनियतार्थप्रतिपादनशक्तेर्निक्षेपणं निक्षेपः ।

प्रत्येकस्मिन् शब्दे असंख्याऽर्थवाचकशक्तिः समस्ति । तत्र

नवम प्रकाश

१. पूर्व निर्दिष्ट तत्त्व प्रमाण, नय, निक्षेप आदि के द्वारा व्याख्येय है।

२. यथार्थज्ञान को प्रमाण कहा जाता है।

प्रकृष्टरूप—संशय और विपर्यय से रहित भाव से पदार्थ का जो मान (परिच्छेद) किया जाता है, वह प्रमाण है।

३. वस्तु के अन्य अंशों का निराकरण न करनेवाले तथा उसके एक अंश को ग्रहण करने वाले ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहा जाता है।

अनन्तधर्मात्मक वस्तु के विवक्षित अंश का ग्रहण तथा शेष अंशों का निराकरण न करने वाले प्रतिपादक का अभिप्राय नय कहलाता है।

४. शब्दों में विशेषण के द्वारा प्रतिनियत अर्थ का प्रतिपादन करने की शक्ति निहित करने को निक्षेप कहा जाता है।

प्रत्येक शब्द में असंख्य अर्थों को द्योतित करने की शक्ति

विशेषणबलेन संकर[1]व्यतिकर[2]रहितेन प्रतिनियतार्थवाचकशब्देर्न्यासो निधानं वा निक्षेप उच्यते।

अप्रस्तुतार्थापाकरणं प्रस्तुतार्थव्याकरणं चास्य फलम्[3]।

५. नाम-स्थापना-द्रव्य-भावाः।

यावन्तो हि वस्तुविन्यासक्रमास्तावन्त एव निक्षेपा व्यासतः। समासतश्चत्वारस्तु अवश्यं कार्याः।

तथा च—

जत्थ य जं जाणेज्जा, निक्खेवं निक्खिवे निरवसेसं।
जत्थ वि न जाणेज्जा, चउक्कगं निक्खिवे तत्थ॥

१. सर्वेषां युगपत्प्राप्तिः सङ्करः।

२. परस्परविषयगमनं व्यतिकरः।

३. अव्युत्पन्नस्य कृते द्वयार्थमेव, पूर्णव्युत्पन्नांशव्युत्पन्नयोश्च संशयानयोः संशयापनोदनार्थं, तयोरेव विपर्यस्यतोः प्रस्तुतार्थावधारणार्थं च निक्षेपः क्रियते।

होती है। उसमें विशेषण के सामर्थ्य—संकर[1] और व्यतिकर-[2] दोष रहित व्यवच्छेदक धर्म से प्रतिनियत अर्थ के प्रतिपादन की शक्ति को न्यस्त या निहित किया जाता है, वह निक्षेप है।

अप्रस्तुत अर्थ का अपाकरण और प्रस्तुत अर्थ का प्रतिपादन, यह निक्षेप का प्रयोजन[3] है।

५. निक्षेप के चार प्रकार हैं :

१. नाम	३. द्रव्य
२. स्थापना	४. भाव

वस्तु-विन्यास के जितने क्रम है उतने ही निक्षेप होते हैं—यह समग्र दृष्टिकोण है। संक्षिप्त दृष्टि के अनुसार निक्षेप चार होते है। वे अवश्य करणीय है, जैसे कहा है—

जहां जितने निक्षेप ज्ञात हों वहां उन सभी (निक्षेपों) का उपयोग किया जाए और जहां बहुत निक्षेप ज्ञात न हों वहां कम से कम निक्षेप-चतुष्टय (नाम, स्थापना, द्रव्य, भाव) का प्रयोग अवश्य किया जाए।

---

१. सबकी एक साथ प्राप्ति को संकर कहा जाता है।

२. एक-दूसरे के विषय का परस्पर में मिल जाने को व्यतिकर कहा जाता है।

३. अल्पश्रुत (अव्युत्पन्न) के लिए दोनों प्रयोजनों से निक्षेप किया जाता है। बहुश्रुत (पूर्णव्युत्पन्न) और मध्यमश्रुत (अंशव्युत्पन्न), ये दोनों संशयालु हों तो उनके संशय-निराकरण के लिए तथा वे विपर्यस्त हों तो प्रस्तुत अर्थ का अवधारण करने के लिए निक्षेप किया जाता है।

६. तदर्थनिरपेक्षं संज्ञाकर्म नाम।

जातिद्रव्यगुणक्रियालक्षणनिमित्तमनपेक्ष्य संकेतमात्रेणैव संज्ञाकरणं नाम भण्यते, यथा—अनक्षरस्य उपाध्याय इति नाम।

७. तदर्थशून्यस्य तदभिप्रायेण प्रतिष्ठापनं स्थापना।

तदर्थविरहितस्य द्रव्यस्य 'सोऽयम्' इत्यध्यवसायेन व्यवस्थापनं स्थापना; यथा—उपाध्यायप्रतिकृतिः स्थापनोपाध्यायः।

मुख्याकारसमाना सद्भावस्थापना, तदाकारशून्या चासद्भावस्थापना।

८. भूतभाविभावस्य कारणं अनुपयोगो वा द्रव्यम्।

यथा —- अनुभूतोपाध्यायपर्यायोऽनुभविष्यमाणोपाध्यायपर्यायो वा द्रव्योपाध्यायः।

अनुपयोगाऽवस्था क्रिया द्रव्यक्रिया।

क्वचिदप्राधान्येऽपि, यथा—अङ्गारमर्दको द्रव्याचार्यः, आचार्यगुणरहितत्वात्।

६. मूल शब्द के अर्थ की अपेक्षा न रखने वाले संज्ञाकरण को नाम-निक्षेप कहा जाता है।

जाति, द्रव्य, गुण, क्रिया, लक्षण इन निमित्तों की अपेक्षा किए बिना संकेत मात्र से जो संज्ञा की जाती है वह नाम[1] निक्षेप है, जैसे— किसी अनक्षर व्यक्ति का 'उपाध्याय' नाम रखना।

७. मूल अर्थ से शून्य वस्तु को उसी के अभिप्राय से स्थापित करने को स्थापनानिक्षेप कहा जाता है।

मूल अर्थ से रहित द्रव्य का 'यह वह है' इस अध्यवसाय से व्यवस्थापन करना स्थापनानिक्षेप है; जैसे—उपाध्याय की प्रतिमा—स्थापनानिक्षेप।

स्थापना के दो प्रकार हैं :

१. सद्भाव स्थापना—जो मुख्य आकार के समान होती है।

२. असद्भाव स्थापना—जो मुख्य आकार से शून्य होती है।

८. भूत और भावी अवस्था के कारण तथा अनुपयोग को द्रव्य निक्षेप कहा जाता है।

जैसे— जो व्यक्ति पहले उपाध्याय रह चुका है अथवा भविष्य में उपाध्याय बनने वाला है, वह द्रव्यउपाध्याय है। अनुपयोग अवस्था (अध्यवसाय शून्यता) में की जाने वाली क्रिया द्रव्यक्रिया होती है। क्वचित् अप्रधान अर्थ में भी द्रव्य

१. अन्य अर्थ में स्थित तथा मूल अर्थ से निरपेक्ष।

अयं च आगमे[1] द्विधा उक्तः—आगमतः[2], नोआगमतश्च[3]। आगमतः—जीवादिपदार्थज्ञोऽपि तत्राऽनुपयुक्तः। नोआगमतस्त्रिधा—ज्ञातृशरीरः, भाविशरीरः, तद्व्यतिरिक्तश्च[4]।

६. विवक्षितक्रियापरिणतो भावः।

अयमपि आगम-नोआगमभेदाद् द्विधा—

तत्र उपाध्यायार्थज्ञस्तदनुभवपरिणतश्च आगमतो भावोपाध्यायः। उपाध्यायार्थज्ञः अध्यापनक्रियाप्रवृत्तश्च नोआगमतो भावोपाध्यायः।

एषु नामादित्रयं द्रव्यार्थिकनयस्य विषयः, भावश्च पर्यायार्थिकस्य।

---

१. अनुयोगद्वारनाम्नि सूत्रे।
२. आगमो ज्ञानम्, तदाश्रित्य—आगमतः।
३. आगमाभावमाश्रित्य नोशब्द आगमस्य सर्वथाऽभावे देशाभावे च। तत्र ज्ञातृभाविशरीरे सर्वथाऽभावः। अनुपयुक्तश्च यां क्रियां कुरुते, तस्यामागमस्याऽभावात् देशाभावः। क्रियालक्षणे देश एव निषेधः।
४. यत्र ज्ञातृशरीरभाविशरीरयोः पूर्वोक्तं लक्षणं न घटते, तत् ताभ्यां व्यतिरिक्तम्।

शब्द का उपयोग मिलता है। जैसे—अङ्गारमर्दक को आचार्य-गुण-शून्य होने के कारण द्रव्यआचार्य कहा जाता है।

आगम[1] में द्रव्यनिक्षेप के दो प्रकार बताए गए हैं :

१. आगमतः[2] (ज्ञान की अपेक्षा से)

२. नोआगमतः[3]

आगमतः द्रव्यनिक्षेप—जीव आदि पदार्थों का ज्ञाता, किन्तु वर्तमान में उपयोगशून्य।

नोआगमतः द्रव्यनिक्षेप के तीन प्रकार होते हैं—ज्ञ शरीर (जानने वाले का शरीर), भव्य शरीर और तद्व्यतिरिक्त।[4]

६. विवक्षित क्रिया में परिणत वस्तु को भावनिक्षेप कहा जाता है।

भावनिक्षेप के भी दो प्रकार हैं :

१. आगमतः

२. नोआगमतः

उपाध्याय के अर्थ को जानने वाले तथा उस अनुभव में

१. आगम अर्थात् अनुयोगद्वार नामक आगम में यह निर्दिष्ट है।

२. आगम अर्थात् ज्ञान, ज्ञान की अपेक्षा से इसको आगमतः कहा गया है।

३. नोआगमतः ज्ञान के सर्वथा अभाव और देश अभाव दोनों का सूचक है। ज्ञ शरीर और भव्य शरीर में ज्ञान का सर्वथा अभाव है तथा अनुपयुक्त अवस्था में की जानेवाली क्रिया में ज्ञान का देशतः अभाव है। क्रिया में ज्ञान का देशतः निषेध ही होता है।

४. जहां ज्ञ शरीर और भव्य शरीर के पूर्वोक्त लक्षण घटित नहीं होते हैं वह तद्व्यतिरिक्त द्रव्यनिक्षेप होता है।

१०. निक्षिप्तानां निर्देशादिभिरनुयोगः।

११. निर्देश-स्वामित्व-साधनाधार-स्थिति-विधान-सत्संख्या-क्षेत्र-स्पर्शन[1]-कालान्तर-भावाल्पबहुताः।

निर्देशः—नामकथनम्। विधानम्—प्रकारः।

सत्—अस्तित्वम्। अन्तरम्—विरहकालः।

भाव—औदयिकादिः। अल्पबहुता—न्यूनाधिकता।

इति निक्षेपस्वरूपनिर्णयः

प्रकाशैर्नवभिः स्पष्टैः, मिथ्याध्वान्तप्रणाशिभिः।

तत्त्वज्योतिर्मयी जीयाज्जैनसिद्धान्तदीपिका॥

१. यत्र अवगाढस्तत् क्षेत्रमुच्यते। यत्तु अवगाहनतो बहिरपि अतिरिक्तं क्षेत्रं स्पृशति, सा 'स्पर्शना'ऽभिधीयते, इति क्षेत्रस्पर्शनयोर्विशेषः।

परिणत व्यक्ति को आगमत: भावउपाध्याय कहा जाता है।

उपाध्याय के अर्थ को जानने वाले तथा अध्यापन क्रिया में प्रवृत्त व्यक्ति को नोआगमत: भावउपाध्याय कहा जाता है।

इन चार निक्षेपों में नाम, स्थापना और द्रव्य ये तीन द्रव्यार्थिकनय के विषय हैं और भावनिक्षेप पर्यायार्थिकनय का।

१०. निक्षेपों के द्वारा स्थापित पदार्थों का निर्देश आदि के द्वारा अनुयोग (व्याख्या) होता है।

११. वे ये हैं—निर्देश, स्वामित्व, साधना, आधार, स्थिति, विधान, सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन[1], काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व।

निर्देश—नाम-कथन।

विधान—प्रकार।

सत्—अस्तित्व।

अन्तर—विरहकाल।

भाव—औदयिक आदि।

अल्पबहुत्व—न्यूनता और अधिकता।

इति निक्षेपस्वरूप निर्णय

१. क्षेत्र उसे कहते हैं जहां वस्तु का अवगाहन होता है। जहां अवगाहना से भी बाहर अतिरिक्त क्षेत्र का स्पर्श होता है, उसे स्पर्शना कहते हैं, क्षेत्र और स्पर्शना में यही अन्तर है।

प्रशस्तिश्लोकाः

व्यपाकुर्वन्नुर्वीप्रथिततरमिथ्यामततपं,
वितन्वानः शैत्यं कलिकलुषसंतप्तहृदये ।
चिदासारैः सिञ्चन भविजनमनोभूतलमलं,
सतां शांति पुष्यात् सपदि जिनतत्त्वाम्बुदवरः ॥१॥

न विद्युद् यच्चिह्नं न च तत इतोऽभ्रे भ्रमति यो,
न सौवं सौभाग्यं प्रकटयितुमुच्चैः स्वनति च ।
पराद् याञ्चावृत्त्या मलिनयति नाङ्गं क्वचिदपि,
सतां शान्ति पुष्यात् सदपि जिनतत्त्वाम्बुदवरः ॥२॥

न वर्षतांविव प्रतिपलमहो वर्षणपरः,
खरांशुं ध्वान्तच्छायोद्गमयति ततो ज्ञानतरणिम् ।
जवासाभान् जन्तूनपि सृजति प्रोत्फुल्लवदनान्,
सतां शांति पुष्यात् सपदि जिनतत्त्वाम्बुदवरः ॥३॥

जैनं मतं ह्युपकृतं सुतरां यकेन, स्वाचारशीलननिरूपणकौशलेन ।
तेरापथाद्यपुरुषः प्रथितः पृथिव्यां, संस्मर्यते प्रतिपलं किल भिक्षुराजः ॥४॥

सप्ताचार्या भारमल्लादयो ये, शश्वद् ध्येया ध्येयबुद्धया स्वसिद्धयै।
तत्राप्यासन्नोपकारी ममेति, भूयो भूयो नूननूनं स्मरामि ॥५॥

विलोक्यमानः सकृपैः समस्तैः, प्रावर्तिनेराणपथपूज्यपादैः।
प्रतीक्ष्यभिक्षोर्नवमासनस्थो, रामोत्तरोऽहं तुलसी प्रणेता ॥६॥

आर्हन्त्यतत्त्वाङ्गणदीपिकायाः, श्रीजैनसिद्धान्तसुदीपिकायाः।
जिज्ञासुभावं भजतां नितान्तं, हिताय संक्षिप्तकृतिर्मदीया ॥७॥

अङ्घ्रि-गगन-घनवर्त्म-दृष्टि युतेऽब्दे सुमाधवेमासे।
सम्पूर्णाऽसितपक्षे, चरूपुर्या त्रयोदशीदिवसे ॥८॥

द्वितीयावृत्तिरेतस्याः, शोधिता परिवर्तिता।
दक्षिणप्रान्तयात्राया, बंगलोरपुरे वरे ॥९॥

यावन्मेरुर्धरामध्ये, व्योम्नि चन्द्रदिवाकरौ।
तावत्तेरापथाम्नाये, जैनसिद्धान्तदीपिका ॥१०॥

परिशिष्ट

विशेष व्याख्यात्मक टिप्पणी

१. कमलपत्रभेद···१.२२

एक-दूसरे से सटे हुए कमल के सौ पत्तों को कोई बलवान व्यक्ति सूई से छेद देता है, तब ऐसा ही लगता है कि सब पत्ते साथ ही छिद गए, किन्तु यह होता नहीं। जिस समय पहला पत्ता छिदा, उस समय दूसरा नहीं। इस प्रकार सबका छेदन क्रमशः होता है।

जीर्ण वस्त्र फाड़ना···

एक कलाकुशल युवा और बलिष्ठ जुलाहा जीर्ण-शीर्ण वस्त्र या साड़ी को इतनी शीघ्रता से फाड़ डालता है कि दर्शक को ऐसा लगता है—मानो सारा वस्त्र एक साथ फाड़ डाला, किन्तु ऐसा होता नहीं। वस्त्र अनेक तन्तुओं से बनता है। जब तक ऊपर के तन्तु नहीं फटते तब तक नीचे के तन्तु नहीं फट सकते। अतः यह निश्चित है कि वस्त्र फटने में काल-भेद होता है। तात्पर्य—वस्त्र अनेक तन्तुओं से बनता है। प्रत्येक तन्तु में अनेक रोएं होते हैं, उनमें भी ऊपर का रोआं पहले छिदता है, तब कहीं उसके नीचे का रोआं छिदता है। अनन्त परमाणुओं के मिलन का नाम संघात है। अनन्त संघातों का एक समुदय और अनन्त समुदयों की एक समिति होती है। ऐसी अनन्त समितियों के संगठन से तन्तु के ऊपर का

एक गोआ बनता है। इन सबका छेदन क्रमशः होता है। तन्तु के पहले रोए के छेदन में जितना समय लगता है, उसका अत्यन्त सूक्ष्म अंश यानी असंख्यातवां भाग समय कहलाता है।

२. श्रुत ज्ञान के चौदह भेद····२ १५

१. अक्षरश्रुत—अक्षरों द्वारा कहने योग्य भाव की प्ररूपणा करना।

२. अनक्षरश्रुत—मुंह, भौं, अंगुली आदि के विकार या संकेत से भाव जताना।

इन दोनों में साधन को साध्य माना गया है। अक्षर और अनक्षर दोनों श्रुतज्ञान के साधन है। इनके द्वारा श्रोता, पाठक और द्रष्टा; वक्ता, लेखक और संकेतक के भावों को जानता है।

३. संज्ञिश्रुत—मनवाले प्राणी का श्रुत।

४. असंज्ञिश्रुत—बिना मनवाले प्राणी का श्रुत।

ये दोनों भेद ज्ञान के अधिकारी के भेद से किए गए हैं।

५. सम्यक्श्रुत—सम्यग्दृष्टि का श्रुत, मोक्ष-साधना में सहायक श्रुत।

६. मिथ्याश्रुत—मिथ्यादृष्टिका श्रुत, मोक्ष-साधना में बाधक श्रुत।

ये दोनों भेद [illegible] और ग्राहक की अपेक्षा से हैं।

७. [illegible]श्रुत—आदि सहित।

८. [illegible]श्रुत—आदि रहित।

९. [illegible]श्रुत—अन्त सहित।

१०. [illegible]श्रुत—अन्त रहित।

[illegible] की अपेक्षा श्रुत सादि-सान्त होता है

और सत्य के रूप में या प्रवाह के रूप में अनादि-अनन्त।

११. गमिक श्रुत—बारहवां अंग, दृष्टिवाद। इसमें आलापक पाठ—सरीखे पाठ होते हैं—'सेसं तहेव भाणियव्वं'—कुछ वर्णन चलता है और बताया जाता है—शेष उस पूर्वोक्त पाठ की तरह समझना चाहिए। इस प्रकार एक सूत्र-पाठ का सम्बन्ध दूसरे सूत्र-पाठ से जुड़ा रहता है।

१२. अगमिकश्रुत—जिसमें पाठ सरीखे न हों।

१३. अंगप्रविष्टश्रुत—गणधरों के रचे हुए आगम—बारह अंग, जैसे—आचार, सूत्रकृत आदि-आदि।

१४. अनंगप्रविष्टश्रुत—गणधरों के अतिरिक्त अन्य आचार्यों द्वारा रचे गए ग्रन्थ।

३. अवधिज्ञान के छह प्रकार…२/१६

१. अनुगामी—जो साथ-साथ चलता है।

२. अननुगामी—जो साथ-साथ नहीं चलता।

३. वर्धमान—जो क्रमशः बढ़ता है।

४. हीयमान—जो क्रमशः हीन होता है।

५. प्रतिपाति—जिसका पतन हो जाता है।

६. अप्रतिपाति—जिसका पतन नहीं होता।

४. अवधि और मनःपर्याय का अन्तर…२/२२

अवधि और मनःपर्याय ज्ञान की भिन्नता विशुद्धि, क्षेत्र, स्वामी और विषय के भेद से होती है।

विशुद्धिकृत भेद—अवधिज्ञानी जिन मनोद्रव्यों को जानता है, उन्हीं को मनः पर्यायज्ञानी विशुद्धतर जानता है।

क्षेत्रकृत भेद—अवधिज्ञान अंगुल के असंख्यातवें भाग से

लेकर समग्र लोक को जानता है। मन:पर्याय ज्ञान मनुष्यक्षेत्र तक ही सीमित है।

स्वामीकृत भेद—अवधि ज्ञान संयत, असंयत और संयता-संयत सभी के होता है। मन:पर्याय ज्ञान केवल संयत मनुष्य के ही होता है।

विषयकृत भेद—अवधिज्ञान का विषय रूपी द्रव्य और उनके अपूर्ण पर्याय हैं। मन:पर्यायज्ञान का विपय है—उसका अनन्तवां भाग।

५. जीव की नौ योनियां···३/१८

जीव-सम्बन्ध-विसम्बन्ध, स्पर्श तथा आकार की अपेक्षा योनि के नौ भेद होते हैं।

१. सचित्त[1]—सजीव, जैसे—जीवित गाय के शरीर में कृमि पैदा होते हैं, वह सचित्त योनि है।
२. अचित्त—निर्जीव, जैसे—देव और नारकों की योनि अचित्त होती है।
३. सचित्त[2]—अचित्त—सजीव-निर्जीव, जैसे—गर्भज-मनुष्य और गर्भज-तिर्यञ्चों की योनि मिश्र होती

---

१. तत्त्वार्थराजवार्तिक, पृ० ९९

आत्मनश्चैतन्यस्य परिणामविशेषश्चित्तम् तेन सह वर्तन्ते इति सचित्ताः।

२. प्रज्ञापनावृत्तिपद ९

गर्भव्युत्क्रान्तिकतिर्यक्पञ्चेन्द्रियाणाम् गर्भव्युत्क्रान्तिक-मनुष्याणाञ्च यत्रोत्पत्तिस्तत्र अचित्ता अपि शुक्रशोणितपुद्गलाः सन्तीति मिश्रा तेषां योनिः।

है। इनकी उत्पत्ति शुक्र और शोणित के सम्मिश्रण से होती है। शुक्र और शोणित के जो पुद्गल आत्मसात् हो जाते हैं, वे सचित्त और जो आत्म-प्रदेशों से सम्बद्ध नहीं होते, वे अचित्त कहलाते हैं।

शेष सब जीवों की योनि तीन प्रकार की होती है।

४. शीत—प्रथम नरक के नारकों की योनि शीत होती है।

५. उष्ण—तेजस्काय के जीवों की योनि उष्ण होती है।

६. शीतोष्ण—देव, गर्भज-तिर्यञ्च और गर्भज-मनुष्यों की योनि शीतोष्ण होती है। पृथ्वीकाय, अप्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, सम्मूर्च्छिमतिर्यक्पञ्चेन्द्रिय और सम्मूर्च्छिम मनुष्यों की योनि शीत, उष्ण और शीतोष्ण तीनों प्रकार की होती है।

नारकों की योनि शीत या उष्ण होती है।

७. संवृत—ढकी हुई—देव, नारक और एकेन्द्रिय जीवों की योनि संवृत होती है।

८. विवृत—प्रगट—विकलेन्द्रिय, सम्मूर्च्छिमतिर्यञ्च-पञ्चेन्द्रिय और सम्मूर्च्छिममनुष्यों की योनि विवृत होती है।

९. संवृत-विवृत—उभयरूप—गर्भज-तिर्यञ्चपञ्चेन्द्रिय और गर्भज मनुष्यों की योनि संवृत-विवृत होती है।

६. कर्म की प्रकृतियां···४/६

ज्ञानावरण

१. मतिज्ञानावरण २. श्रुतज्ञानावरण

३. अवधिज्ञानावरण
४. मनः पर्यायज्ञानावरण
५. केवलज्ञानावरण

दर्शनावरण

१. निद्रा
२. निद्रानिद्रा
३. प्रचला
४. प्रचलाप्रचला
५. स्त्यानर्द्धि
६. चक्षुदर्शन
७. अचक्षुदर्शन
८. अवधिदर्शन
९. केवलदर्शन

वेदनीय

१. सानवेदनीय
२. असातवेदनीय

मोहनीय

१. सम्यक्त्वमोहनीय
२. मिथ्यात्वमोहनीय
३. मिश्रमोहनीय
४. अनन्तानुबंधी क्रोध
५. अनन्तानुबंधी मान
६. अनन्तानुबंधी माया
७. अनन्तानुबंधी लोभ
८. अप्रत्याख्यान क्रोध
९. अप्रत्याख्यान मान
१०. अप्रत्यख्यान माया
११. अप्रत्याख्यान लोभ
१२. प्रत्याख्यान क्रोध
१३. प्रत्यख्यान मान
१४. प्रत्याख्यान माया
१५. प्रत्याख्यान लोभ
१३. संज्वलन क्रोध
१७. संज्वलन मान
१८. संज्वलन माया
१९. संज्वलन लोभ
२०. स्त्रीवेद
२१. पुरुषवेद
२२. नपुंसकवेद
२३. हास्य
२४. रति
२५. अरति
२६. भय
२७. शोक
२८. जुगुप्सा

आयुष्य

१.	नरकायु	३.	मनुष्यायु
२.	तिर्यंगायु	४.	देवायु

नाम

१.	गतिनाम	२२.	उपघातनाम
२.	जातिनाम	२३.	त्रसनाम
३.	शरीरनाम	२४.	स्थावरनाम
४.	शरीराङ्गोपाङ्गनाम	२५.	बादरनाम
५.	शरीरबन्धननाम	२६.	सूक्ष्मनाम
६.	शरीरसंघातननाम	२७.	पर्याप्तनाम
७.	संहननाम	२८.	अपर्याप्तनाम
८.	संस्थाननाम	२९.	प्रत्येकशरीरनाम
९.	वर्णनाम	३०.	साधारणशरीरनाम
१०.	गन्धनाम	३१.	स्थिरनाम
११.	रसनाम	३२.	अस्थिरनाम
१२.	स्पर्शनाम	३३.	शुभनाम
१३.	आनुपूर्वीनाम	३४.	अशुभनाम
१४.	विहायोगतिनाम	३५.	सुभगनाम
१५.	पराघातनाम	३६.	दुर्भगनाम
१६.	श्वासोछ्वासनाम	३७.	सुस्वरनाम
१७.	आतपनाम	३८.	दुःस्वरनाम
१८.	उद्योतनाम	३९.	आदेयनाम
१९.	अगुरुलघुनाम	४०.	अनादेयनाम
२०.	तीर्थंकरनाम	४१.	यशःकीर्तिनाम
२१.	निर्माणनाम	४२.	अयशःकीर्तिनाम

गोत्र

१. उच्चगोत्र
२. नीचगोत्र

अन्तराय

१. दानान्तराय
२. लाभान्तराय
३. भोगान्तराय
४. उपभोगान्तराय
५. वीर्यान्तराय

७. सिद्ध के पन्द्रह प्रकार…५/२२

१. तीर्थसिद्ध—अरहन्त के द्वारा तीर्थ की स्थापना होने के पश्चात् मुक्त होने वाले।
२. अतीर्थसिद्ध—तीर्थ-स्थापना से पहले मुक्त होने वाले।
३. तीर्थङ्करसिद्ध—तीर्थङ्कर होकर मुक्त होने वाले।
४. अतीर्थङ्करसिद्ध—तीर्थङ्कर के अतिरिक्त अन्य मुक्त होने वाले।
५. स्वलिंगसिद्ध—जैन साधुओं के वेश में मुक्त होने वाले।
६. अन्यलिंगसिद्ध—अन्य साधुओं के वेश में मुक्त होने वाले।
७. गृहलिंगसिद्ध—गृहस्थ के वेश में मुक्त होने वाले।
८. स्त्रीलिंगसिद्ध—स्त्री दशा में मुक्त होने वाले।
९. पुरुषलिंगसिद्ध—पुरुष दशा में मुक्त होने वाले।
१०. नपुंसकलिंगसिद्ध—कृतनपुंसकदशा में मुक्त होने वाले।
११. प्रत्येकबुद्धसिद्ध—किसी एक निमित्त से दीक्षित होकर मुक्त होने वाले।

१२. स्वयंबुद्धसिद्ध—किसी बाहरी निमित्त की प्रेरणा के बिना दीक्षित होकर मुक्त होने वाले।

१३. बुद्धबोधितसिद्ध—प्रतिबोध से दीक्षित होकर मुक्त होने वाले।

१४. एकसिद्ध—एक समय में जब एक जीव मुक्त होता है।

१५. अनेकसिद्ध—एक समय में जब अनेक जीव मुक्त होते हैं। वे उत्कृष्टतः १०८ हो सकते हैं। मुक्त होने के पश्चात् उनमें कोई भेद नहीं होता। वे भेद-मुक्त होने से पूर्व की विभिन्न अवस्थाओं पर प्रकाश डालते हैं। चारित्र-लाभ हो जाने पर आत्मा मुक्त हो जाती है। फिर वह किसी भी स्थान, पद, वेश या लिंग में हो और किसी भी प्रकार बोधि-प्राप्त हो।

८. छेदोपस्थाप्य चारित्र···६/५

सामायिक चारित्र में सावद्य योग का त्याग सामान्य रूप से होता है। छेदोपस्थाप्य चारित्र में सावद्य योग का त्याग छेद (विभाग या भेद) पूर्वक होता है।[1]

इसका दूसरा अर्थ यह है—पूर्व पर्याय का छेदन होने पर जो चारित्र प्राप्त होता है, वह छेदोपस्थाप्य चारित्र है।[2]

१. तत्त्वार्थसार संवरवर्णनाधिकार श्लोक ४६

यत्र हिंसादिभेदेन, त्यागः सावद्यकर्मणः।
व्रतलोपे विशुद्धिर्वा, छेदोपस्थापनं हि तत्॥

२. अनुयोगद्वार वृत्ति, पृष्ठ २०४

पूर्वपर्यायस्य छेदेनोपस्थापनं महाव्रतेषु यत्र तच्छेदोपस्थानम्।

६. प्रतिमा के ग्यारह प्रकार···६/२५

१. दर्शन-प्रतिमा

समय—१ मास

विधि—सर्व-धर्म (पूर्ण-धर्म) रुचि होना, सम्यक्त्व-विशुद्धि रखना—सम्यक्त्व के दोषों को वर्जना।

२. व्रत-प्रतिमा

समय—२ मास

विधि—पांच अणुव्रत और तीन गुणव्रत धारण करना तथा पौषध-उपवास करना।

३. सामायिक-प्रतिमा।

समय—३ मास

विधि—सामायिक व देशावकाशिक व्रत धारण करना।

४. पौषध-प्रतिमा

समय—४ मास

विधि—अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णमासी को प्रतिपूर्ण पौषध-व्रत का पालन करना।

५. कायोत्सर्ग-प्रतिमा

समय—५ मास

विधि—रात्रि को कायोत्सर्ग करना। पांचवीं प्रतिमा वाला—

१. स्नान नहीं करता।
२. रात्रि भोजन नहीं करता।
३. धोती की लांग नहीं देता।
४. दिन में ब्रह्मचारी रहता है।
५. रात्रि में मैथुन का परिमाण करता है।

६. ब्रह्मचर्य-प्रतिमा

समय—६ मास

विधि—सर्वथा शील पालना।

७. सचित्त-प्रतिमा

समय —७ मास

विधि—सचित्त आहार का परित्याग करना।

८. आरम्भ-प्रतिमा

समय—८ मास

विधि—स्वयं आरम्भ-समारम्भ न करना।

९. प्रेष्य-प्रतिमा

समय—९ मास

विधि—नौकर-चाकर आदि से आरम्भ-समारम्भ न कराना।

१०. उद्दिष्ट-वर्जन-प्रतिमा

समय—१० मास

विधि—उद्दिष्ट भोजन का परित्याग करना। दसवीं प्रतिमावाला बालों का क्षुर से मुण्डन करता है अथवा शिखा धारण करता है। घर सम्बन्धी प्रश्न करने पर "मैं जानता हूं या नहीं" इन दो वाक्यों से ज्यादा नहीं बोलता।

११. श्रमणभूत-प्रतिमा

समय—११ मास

विधि—ग्यारहवीं प्रतिमावाला क्षुर से मुण्डन करता है अथवा लोच करता है और साधु का आचार, भण्डोपकरण एवं वेश धारण करता है। केवल ज्ञाति

वर्ग से उसका प्रेम-बन्धन नहीं टूटता। इसलिए वह भिक्षा के लिए केवल ज्ञातिजनों में ही जाता है।

अगली प्रतिमा में पहली प्रतिमा का त्याग यथावत् (चालू) रहता है।

१०. समुद्घात् के सात प्रकार…७/३०

आत्म-प्रदेश सात अवस्थाओं में शरीर से बाहर निकलते हैं :

१. वेदना समुद्घात—तीव्र वेदना के समय।
२. कषाय समुद्घात—तीव्र कषाय के समय।
३. मारणान्तिक समुद्घात—मृत्यु के निकट काल में मरणासन्न दशा में आत्म-प्रदेश भावी जन्मस्थान तक चले जाते हैं।
४. वैक्रियसमुद्घात—विक्रिया के समय शरीर के कई या कई तरह के रूप बनाने के समय।
५. आहारक समुद्घात—सन्देह-निवृत्ति के लिए योगी अपने शरीर से एक दिव्य पुतला बनाकर सर्वज्ञ के पास भेजते हैं,उस समय।
६. तैजससमुद्घात—निग्रह या अनुग्रह के लिए योगी तेजोमय शरीर का प्रयोग करते हैं, उस समय।
७. केवल समुद्घात—केवल ज्ञानी के वेदनीय कर्म अधिक हो, आयुष्य कर्म कम, तब दोनों को समान करने के लिए स्वभावतः आत्म-प्रदेश समूचे लोक में फैलते हैं, उस समय।

पारिभाषिक शब्दकोश

अचित्त-महास्कन्ध—केवली समुद्घात के पांचवें समय में आत्मा से छूटे हुए जो पुद्गल समूचे लोक में व्याप्त होते हैं, उनको अचित्त महास्कन्ध कहते हैं।

अजीव-शब्द—पौद्गलिक संघात या भेद से होने वाला शब्द।

अज्ञान—ज्ञान का अभाव या मिथ्यादृष्टि का ज्ञान

अनन्त—जिसका अन्त न हो।

अनन्तानुबन्धी—जिसके उदयकाल में सम्यग्दर्शन न हो सके, वह मोह कर्म।

अनन्तानुबन्धी-चतुष्क—अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ।

अनवस्था—अप्रामाणिक नये-नये धर्मों की ऐसी कल्पनाएं करना जिनका कहीं अन्त न आए। जैसे—जीव की गति के लिए गतिमान वायु की, उसकी गति के लिए किसी दूसरे गतिमान् पदार्थ की, उसके लिए फिर तीसरे गतिमान पदार्थ की कल्पना करना। इस प्रकार चलते चलें, आखिर हाथ कुछ न लगे—निर्णय कुछ भी न हो, वह अनवस्था है।

अनाकार—आकार का अर्थ है विशेष। जिसमें आकार न हो—विशेष या भेद न हो, वह अनाकार (अनाकार—उपयोग अर्थात् निर्विकल्प बोध, सामान्यबोध—दर्शन) होता है।

अनाहारक अवस्था—आहार-शून्य अवस्था ।

अन्तराल-गति—एक जन्म से दूसरे जन्म में जाने के समय होने वाली गति और मुक्त आत्माओं की लोकान्त तक होने वाली एक समयवाली गति ।

अन्तर्मुहूर्त—दो समय से लेकर ४८ मिनट में एक समय कम हो वह काल ।

अप्रत्याख्यान-मोह—जिसके उदय से पूर्ण प्रत्याख्यान (त्याग-संवर) न हो सके, सर्वविरति को रोकने वाला कर्म ।

अरतिमोह—जिस कर्म के उदय से जीव संयम में आनन्द न माने, जिससे दुःख का अनुभव हो, वह अरतिमोह है ।

अवसर्पिणी—अवनतिकाल—सुख से दुःख की ओर जाने वाला काल । कालचक्र का पहला चक्र । इसका कालमान दस कोड़ाकोड़ सागर का होता है । इसके छह विभाग होते हैं :

१. एकान्त सुखमय
२. सुखमय
३. सुखदुःखमय
४. दुःखसुखमय
५. दुःखमय
६. एकान्त दुःखमय

अविग्रहगति—ऋजुगति—सीधी गति ।

अविभागी-अस्तिकाय—धर्म, अधर्म, आकाश और जीव के प्रदेश-समूह को अस्तिकाय कहते हैं । इनके प्रदेश विभक्त नहीं होते—पृथक्-पृथक् नहीं होते । इसलिए ये द्रव्य अविभागी-अस्तिकाय कहलाते हैं ।

अविभाज्य—जिसके टुकड़े न हों ।

अविरति—अत्यागवृत्ति ।

असंख्य—संख्या से ऊपर का, जिसके माप के लिए संख्या न हो ।

असिद्धत्व—संसार-अवस्था ।

आत्म-प्रदेश—आत्मा के अविभागी अवयव—आत्मा अखण्ड,

अविभाज्य द्रव्य है, फिर भी कल्पना के द्वारा आत्मा का परमाणुतुल्य भाग प्रदेश—अवयव कहलाता है।

आवलिका—सर्व-सूक्ष्म-काल को समय कहते हैं। ऐसे असंख्य समयों की एक आवलिका होती है। ४८ मिनटों की १ करोड़ ६७ लाख ७७ हजार २१६ आवलिकाएं होती हैं।

उत्सर्पिणी—विकास-काल—दुःख से सुख की ओर जाने वाला काल—कालचक्र का दूसरा चक्र। इसका कालमान दश कोटि-कोटि सागर का होता है। इसके छह विभाग (अर) इस प्रकार हैं :

१. एकान्त दुःखमय
२. दुःखमय
३. दुःख-सुखमय
४. सुख-दुःखमय
५. सुखमय
६. एकान्त सुखमय

उदीरणा—नियत समय से पहले कर्म का विपाक (उदय) होना।

उपचार—(१) अत्यन्त भिन्न शब्दों में भी किसी एक समानता को लेकर उनकी भिन्नता की उपेक्षा करना।[1]

(२) मुख्य के अभाव में गौण को मुख्यवत् मान लेना।[2]

उपभोग परिभोग—मर्यादा के उपरान्त भोग में आनेवाले पदार्थ एवं व्यापार का त्याग करना।

औदारिक-योग—मनुष्य और तिर्यञ्चों के स्थूल शरीर को औदारिक शरीर कहते हैं। उसके सहारे आत्मा की जो प्रवृत्ति होती है, वह औदारिक योग है।

१. उपचारोऽत्यन्तं विसंकलितयोः शब्दयोः सादृश्यातिशय-महिम्ना भेद-प्रतीतिस्थगनमात्रम्

२. मुख्याभावे सति निमित्ते प्रयोजने च उपचारः।

औदारिक-मिश्र-योग—कार्मण, आहारक तथा वैक्रिय के मिश्रण से होने वाला औदारिक योग।

करण—क्रिया—कर्म में होने वाली क्रिया।

कायषट्क—पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय। 'चीयते इति कायः'—यह काय शब्द की निरुक्ति है। इसका पारिभाषिक अर्थ है—शरीरावयवी। सादृश्य की अपेक्षा जिसमें प्रदेश—अवयव होते हैं, उसे काय कहा जाता है; जैसे—पृथ्वी शरीरावयवी जीवों का समूह पृथ्वीकाय आदि।

कार्मण योग—कार्मण शरीर (सूक्ष्म शरीर) के सहारे होने वाला आत्मा का प्रयत्न।

कुल—एक आचार्य के शिष्यों का समूह।

कोड़ाकोड़—क्रोड़ को क्रोड़ से गुणा करने पर जो संख्या लब्ध हो उसके १० नील वर्ष होते हैं।

क्रोड़पूर्व—चौरासी लाख को चौरासी लाख से गुणा करने पर जो संख्या लब्ध होती है उसे एक पूर्व कहते हैं। उसके ७०५६०००००००००० वर्ष होते हैं, ऐसे क्रोड़ पूर्व।

क्षयोपशमहेतुक—क्षयोपशम—आत्मा की उज्ज्वलता—से होने वाला।

गण—कुल का समुदाय—दो आचार्यों के शिष्य समूह।

गण-उत्सर्ग—आचार्य के आदेश से एकाकी विहरण करना।

गुण—वस्तु के सबसे छोटे अंश को गुण (अविभागी-प्रतिच्छेद) कहते हैं, द्रव्य का सहभावी धर्म।

गति—नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देवगति का अर्थ है—नरक आदि पर्यायों की प्राप्ति।

घनोदधि—बर्फ की तरह गाढ़े पानी का समुद्र।

घात्यकर्म—आत्मा के गुणों की घात करने वाले, उन्हें विकृत करने वाले कर्म।

चतुःस्पर्शी—जिनमें शीत, उष्ण, स्निग्ध, रुक्ष ये चार स्पर्श होते हैं, वे स्कन्ध चतुःस्पर्शी होते हैं।

छद्मस्थ—जिसका ज्ञान आवृत हो, वह छद्मस्थ कहलाता है।

जाति—एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय।

जाति का अर्थ है—जीवों के देह और इन्द्रिय-रचना के आधार पर होनेवाले सदृशवर्ग।

जीव के चौदह भेद—

सूक्ष्म एकेन्द्रिय	१	अपर्याप्त	२	पर्याप्त
बादर एकेन्द्रिय	३	,,	४	,,
द्वीन्द्रिय	५	,,	६	,,
त्रीन्द्रिय	७	,,	८	,,
चतुरिन्द्रिय	९	,,	१०	,,
असंज्ञी पंचेन्द्रिय	११	,,	१२	,,
संज्ञी पंचेन्द्रिय	१३	,,	१४	,,

जीवस्थान—आत्मा की क्रमिक विशुद्धि को जीवस्थान कहते हैं।

दण्डक के चौबीस भेद :

नरक १	त्रीन्द्रिय १
भवनपति १०	चतुरिन्द्रिय १
पृथ्वीकाय १	तिर्यञ्च-पंचेन्द्रिय १
अप्काय १	मनुष्य पंचेन्द्रिय १
तेजस्काय १	व्यन्तर १
वायुकाय १	ज्योतिष्क १

वनस्पतिकाय १ वैमानिक १

द्वीन्द्रिय १

इस प्रकार २४ दण्डक होते हैं।

दर्शनमोह—सत्य श्रद्धा की आस्था को विकृत करने वाला कर्म—सम्यग्‌दर्शन का घात करनेवाला कर्म।

दिग्‌विरति—ऊंची, नीची और तिरछी दिशा में मर्यादा के उपरान्त जाने का व हिंसा आदि करने का त्याग करना।

दीर्घकालिकीसंज्ञा—त्रैकालिक पर्यालोचन।

देशावकाशिक—परिमित समय के लिए हिंसा आदि का त्याग करना।

नमस्कारसहिता—सूर्योदय से ४८ मिनट तक कुछ भी न खाना-पीना। इसकी पूर्ति के समय पांच नमस्कार मन्त्र गुने जाते हैं, इसलिए इसका नाम नमस्कारसहिता है। साधारण बोलचाल की भाषा में इसे नवकारसी कहते हैं।

पर्याप्त-अपर्याप्त—स्वयोग्य पर्याप्तियां (पौद्‌गलिक शक्तियां) पूर्ण कर ले, वह पर्याप्त; स्वयोग्य पर्याप्तियां जब तक पूर्ण न हो, वह अपर्याप्त।

पल्योपम—संख्या से ऊपर का काल—असंख्यात काल, उपमा-काल—एक चार कोस का लम्बा-चौड़ा और गहरा कुआं है; उसमें नवजात यौगलिक शिशु के केशों को जो मनुष्य के केश से ४०९६ हिस्से जितने सूक्ष्म हैं, असंख्य खण्ड कर ठूंस-ठूंस करके भरा जाए, प्रति सौ वर्ष के अन्तर से एक-एक केश-खण्ड निकालते-निकालते जितने काल में वह कुआं खाली हो, इतने काल को एक पल्य कहते हैं।

पौषधोपवास—उपवास के साथ एक दिन-रात के लिए पापकारी प्रवृत्तियों का त्याग करना।

प्रत्याख्यानी—देशविरति को रोकनेवाला कर्म। इसका जब तक उदय रहता है, तब तक कुछ भी त्याग नहीं होता।

प्रतिक्रमण—दोनों संध्याओं में किया जाने वाला जैनों का प्रायश्चित्त सूत्र।

प्रदेश—परमाणु तुल्य अवगाही अवयव।

प्रमाद—संयम में अनुत्साह।

भक्त-पान—भात-पानी—खान-पान।

भवहेतुक—जन्म-सम्बन्धी, जन्म के कारण होने वाला (भव-सम्बन्धी अवधिज्ञान)।

मनोवर्गणा—द्रव्य-मन के पुद्‌गलों का समूह—चिन्तन में सहायक होने वाले पुद्‌गल-द्रव्य।

मिथ्यात्व—विपरीत अभिनिवेश, असत्य विश्वास या असत्य का आग्रह।

मिश्रशब्द—जीव के वाक्-प्रयत्न और पौद्‌गलिक वस्तु (वीणा आदि) के संयोग से होने वाला शब्द।

मूर्त—जिसमें स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण हों।

यथासंविभाग—संयमी को अपने लिए बने हुए भोजन का भाग देना।

योग—मन, वचन और शरीर की प्रवृत्ति।

योग-निग्रह—मन, वाणी और शरीर की असत्प्रवृत्ति त्यागना, सत्प्रवृत्ति करना।

यौगलिक—असंख्य वर्षजीवी मनुष्य और तिर्यञ्च, जो 'युग्म' (जोड़े) के रूप में एक साथ जन्मते और मरते हैं और जिनका जीवन कल्पवृक्ष के सहारे चलता है।

लेश्या—पुद्‌गल द्रव्य के सहयोग से होने वाला जीव का संक्लिष्ट तथा असंक्लिष्ट विचार

<table>
<tr><th>लेश्या</th><th>वर्ण</th><th>रस</th><th>गन्ध</th><th>स्पर्श</th></tr>
<tr><td>कृष्ण</td><td>काजल के समान काला</td><td>नीम से अनन्त गुण कटु</td><td rowspan="3">मृत सर्प की गंध से अनंत गुण अनिष्ट गन्ध</td><td rowspan="3">गाय की जीभ से अनंत गुण कर्कश</td></tr>
<tr><td>नील</td><td>नीलम के समान नीला</td><td>सौंठ से अनंत गुण तीक्ष्ण</td></tr>
<tr><td>कापोत</td><td>कबूतर के गले के समान रंग</td><td>कच्चे आम के रस से अनंत गुण तिक्त</td></tr>
<tr><td>तेजः</td><td>हिंगूल—सिंदूर के समान रक्त</td><td>पके आम के रस से अनंत गुण मधुर</td><td rowspan="3">सुरभि-कुसुम की गंध से अनंतगुण इष्ट गंध</td><td rowspan="3">नवनीत मक्खन से अनंतगुण सुकुमार</td></tr>
<tr><td>पद्म</td><td>हल्दी के समान पीला</td><td>मधु से अनंत गुण मिष्ट</td></tr>
<tr><td>शुक्ल</td><td>शंख के समान सफेद</td><td>मिसरी से अनंत गुण मिष्ट</td></tr>
</table>

वेदना—जीवों को होनेवाला दुःख ।

वेद्याभाव—उदय में आने वाले कर्म-पुद्‌गलों का अभाव

व्यवहार—स्थूल दृष्टि।

शरीर-उत्सर्ग—शरीर को स्थिर करना।

संघ—गण का समुदाय—दो से अधिक आचार्यों के शिष्य-समूह।

संज्वलन—सूक्ष्म कषाय—क्रोध, मान, माया, लोभ—वीतराग-दशा को रोकने वाला कर्म।

संपराय सातवेदनीय—कषाययुक्त आत्मा का सातवेदनीय कर्म।

संमूर्छिम—गर्भ के बिना उत्पन्न होनेवाले प्राणी।

सागर—जिसका काल-मान दस कोड़ाकोड़ पल्य हो, वह सागर है।

सामायिक—एक मुहूर्त्त तक पापकारी प्रवृत्तियों का त्याग करना।

□□□

लेखक की प्रमुख कृतियां

० ०

अग्निपरीक्षा

भरतमुक्ति

कालू उपदेश वाटिका

आषाढ़भूति

भिक्षु न्याय कणिका

मनोनुशासनम्

पंचसूत्रम्

क्या धर्म बुद्धिगम्य है ?

मेरा धर्म : केन्द्र और परिधि

धर्म : एक कसौटी, एक रेखा

प्रवचन डायरी

अंग्रेजी

केन इन्टेलेक्ट काम्प्रिहेण्ड रिलिजन

माई रिलिजन : इट्स सेन्टर एण्ड सरकमफं